RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 286
फरीदाबाद, शनिवार, 27 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



फिट रहने के लिए ऑनलाइन कक्षाएं

पेज - 11

## टीकरी बॉर्डर पर किसानों का शक्ति प्रदर्शन

# एमएसपी पर कानून बनने के बाद ही करेंगे घर वापसी

एजेंसी। नई दिल्ली



**किसान** आंदोलन को शुक्रवार को एक साल पूरा हो गया। बहादुरगढ़ के सेक्टर-13 में चल रही महापंचायत में उन आठ किसानों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सालभर में एक बार भी घर जाकर नहीं देखा। भारतीय किसान यूनियन एकता (उग्राहा) ने महापंचायत के मंच पर इन किसानों को शॉल भेंट की। नए कृषि कानूनों की वापसी की प्रक्रिया भले ही शुरू हो गई, लेकिन एमएसपी समेत दूसरी मांगों को लेकर किसान शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को बहादुरगढ़ के सेक्टर-13 में 7 एकड़ क्षेत्र में किसान महापंचायत हुई, जिसमें पंजाब से हजारों की संख्या में किसान पहुंचे। इसके अलावा किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां ने महापंचायत में किसानों को संबोधित किया। हालांकि महापंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा के अन्य तमाम नेताओं को भी बुलाने की बात की गई थी, लेकिन उग्राहां के अलावा और कोई बड़ा नेता नहीं पहुंचा। महापंचायत करीब तीन घंटे चली, इसमें एक साल के संघर्ष को याद करने के साथ ही लड़ाई जारी रखने की बात की गई। उग्राहां ने कहा कि किसान की मांग पर जवाब अभी नहीं आया है। संयुक्त मोर्चा के पत्र का जवाब आ जाएगा, तो किसान घर चले जाएंगे। एमएसपी समेत दूसरी मांगों पर भी फैसला होना अभी बाकी। यह पंचायत किसानों की जीत का जश्न मनाने के लिए है। संघर्ष का एलान करने के लिए महापंचायत की है और जब तक मुकम्मल मांग पूरी नहीं होगी घर वापसी नहीं होगी। घर वापस जाने का मन करता है, लेकिन अभी सरकार के जवाब का इंतजार है। महापंचायत को लेकर पंजाब से बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। इसके अलावा टीकरी बॉर्डर पर अन्य दिनों की तरफ किसानों का मंच सजा और वहां एक साल पूरा होने पर आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों को श्रद्धांजलि दी गई। इतना ही नहीं कृषि कानूनों की वापसी पर खुशी भी जताई। किसानों के दिल में एक तरफ कृषि कानूनों की वापसी की खुशी है, तो दूसरी तरफ आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले साथी किसानों की मौत का गम भी नजर आया।

### सीएम-पीएम के बीच हुई मीटिंग में किसानों पर चर्चा

हरियाणा के सीएम मनोहर लाल की शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ करीब 40 मिनट मुलाकात हुई, जिसमें किसान आंदोलन पर चर्चा हुई। सीएम ने पीएम का एम्स के लिए धन्यवाद किया और आर्बिटर रेल कोरिडोर के लिए निमंत्रण दिया। सीएम ने पीएम से मुलाकात के बारे में बताया कि दो महीने पहले भी पीएम को मिला था। बाढसा में एम्स के लिए आभार जताया। इससे पहले भी समय-समय पर हरियाणा की जानकारियां उपलब्ध करवाते रहे हैं। नई योजनाओं की जानकारी दी। सीएम ने कहा कि पीएम को तीन कृषि कानून वापस लेने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने पूछा कि किसान आंदोलन पर हरियाणा में क्या चल रहा है। हमने बताया कि लोगों में अच्छा संदेश गया है। पीएम चिंता कर रहे थे कि अब किसानों को वापस लौट जाना चाहिए। हमने कहा चर्चा है कि 29 नवंबर को संसद में कानून वापस होने पर किसान निश्चित रूप से वापस जाएंगे।

## मुरैना में दुर्ग एक्सप्रेस की चार बोगियों में लगी आग

एजेंसी। मुरैना



**दिल्ली** से छत्तीसगढ़ जा रही दुर्ग एक्सप्रेस की चार बोगियों में शुक्रवार को आग लग गई। देखते ही देखते चार बोगियों में धुआं भर गया। मध्य प्रदेश के मुरैना में हेतमपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया है। वहां आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड मौके पर है। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। आग ट्रेन 20848 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस में लगी है। ट्रेन दिल्ली से दुर्ग की तरफ जा रही थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई है और आग पर काबू पाने में लगी हुई है। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी तरह का जनहानि नहीं हुई है। सभी यात्री समय रहते ट्रेन से बाहर निकल गए। अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ट्रेन में आग के कारणों का पता नहीं लग सका है।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,107 | 1688 |
| निफ्टी | 17,026 | 509 |
| सोना | 47,155 | 570 /10 gm |
| चांदी | 62,145 | 190 /kg |

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 27.01°C
न्यूनतम 13.02°C

## क्विक न्यूज

### 15 दिसंबर से शुरू होंगी इंटरनेशनल फ्लाइट्स

**नई दिल्ली।** भारत से इंटरनेशनल फ्लाइट्स 15 दिसंबर से उड़ान भरना शुरू कर देंगी। हालांकि, इसमें वे 14 देश शामिल नहीं होंगे। कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद इन देशों की उड़ानों को प्रतिबंधित किया गया है। हालांकि, एयर बबल के तहत यहां जरूरी फ्लाइट्स जारी रहेंगी। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, फिनलैंड, साउथ अफ्रीका, ब्राजील, चीन, मॉरीशस, सिंगापुर, बांग्लादेश, बोत्सवाना, जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड।

### परमबीर सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट रद्द

**नई दिल्ली।** ठाणे की कोर्ट ने मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट रद्द कर दिया है। ठाणे पुलिस के सामने परमबीर पेश होने के बाद अदालत ने यह फैसला दिया है। अदालत ने यह शर्त लगाई है कि आगे जांच टीम के बुलाने पर परमबीर को उनके सामने हाजिर होना पड़ेगा। परमबीर के खिलाफ यह वारंट सोनू जालान केस में जारी हुआ है। कोर्ट ने उन्हें 15,000 का पर्सनल बांड भरने को भी कहा है।

### मार्च तक महाराष्ट्र में भाजपा सरकार बनेगी : राणे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि मार्च तक महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार गिर जाएगी और यहां भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार आ जाएगी तो आपको अपेक्षित बदलाव दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि यह बात मेरे अंदर की है, इसलिए मैं उसे अभी बाहर नहीं निकालना चाहता हूं। सरकार बनानी होती है या सरकार गिरानी होती है तो कुछ बात सीक्रेट रखनी पड़ती है। उन्होंने महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल का नाम लेकर कहा कि मार्च तक महाराष्ट्र में भाजपा सरकार बनाने की बात उन्होंने बोली है और उसे सच साबित करने के लिए हम काम करेंगे।

### जांच आयोग के समक्ष पेश होंगे अनिल देशमुख

**मुंबई।** जेल में बंद महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अनिल देशमुख भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे एक सदस्यीय आयोग के समक्ष 30 नवंबर को पेश होंगे। मुंबई के पूर्व पुलिस प्रमुख परमबीर सिंह द्वारा देशमुख के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए इस साल मार्च में न्यायमूर्ति केयू चांदीवाल आयोग का गठन किया गया था। ऐंटीलिया विस्फोटक सामग्री बरामदगी मामले के बाद मार्च में सिंह का मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से स्थानांतरण कर दिया गया था।

### मामला 38 एचसीएस अधिकारियों की ज्वॉइनिंग का

# चौटाला सरकार में हुई भर्तियों पर फंसी खट्टर सरकार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

- आंसर-शीट में गड़बड़ी पर बाकियों को नहीं मिली थी ज्वॉइनिंग
- अब हरियाणा सरकार हाईकोर्ट में पक्ष रखने की कर रही तैयारी

**हरियाणा** की पूर्व चौटाला सरकार के कार्यकाल में भर्ती हुए एचसीएस अधिकारियों को ज्वॉइन करवाने के मुद्दे पर प्रदेश सरकार उलझती जा रही है। यह विवाद हरियाणा लोकसेवा आयोग के उपसचिव अनिल नागर की गिरफ्तारी के बाद सामने आया है। धांधली के आरोपों के चलते पूर्व की हुड्डा सरकार ने इस बैच के चयनित उम्मीदवारों को ज्वॉइन नहीं कराया था।

चौटाला सरकार ने जनवरी-2004 में एचसीएस व संबद्ध सेवाओं के कुल 102 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। यह भर्ती प्रक्रिया 2004 में ही पूरी कर ली गई। इस बीच मार्च-2005 में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता में आई। कांग्रेस ने भर्ती की जांच विजिलेंस ब्यूरो को सौंप दी। हुड्डा सरकार लगातार दो बार सत्ता में आई, लेकिन इन चयनित उम्मीदवारों को ज्वॉइन नहीं कराया गया। भाजपा सरकार ने जब जनवरी-2016 में 102 उम्मीदवारों में से 38 को ज्वॉइन कराया, तो इसे पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। वर्तमान में पानीपत तहसीलदार कुलदीप मलिक सहित 22 उम्मीदवारों ने सरकार के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कोर्ट में दलील दी कि सरकार ने ज्वॉइनिंग देने में पक्षपात किया है। हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी करके जवाब-तलब किया। हालांकि जिन 38 उम्मीदवारों को ज्वॉइनिंग लेटर जारी किए थे, उनमें से एचसीएस (एग्जक्यूटिव) के 23 में से 19 से ही नौकरी ज्वॉइन की थी। कोर्ट में याचिका दायर करने वाले उम्मीदवारों ने कहा कि उनकी आंसर-शीट में कुछ गड़बड़ नहीं मिली है।

उन्होंने ज्वॉइनिंग कराए जाने की मांग हाईकोर्ट में उठाई। 42 उम्मीदवारों की आंसर-शीट में कुछ न कुछ गड़बड़ मिली थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान सरकार को कहा कि अगर याचिका दायर करने वाले 22 उम्मीदवारों की आंसर-शीट में गड़बड़ नहीं है, तो उन्हें भी पहले वाले 38 उम्मीदवारों की तरह ज्वॉइनिंग दी जाए।





### दो दिसंबर को होगी मामले की अगली सुनवाई

सरकार ने 6 मार्च 2019 को हाईकोर्ट में दिए शपथ-पत्र में कहा कि जिन 22 उम्मीदवारों ने चैलेंज किया है उनका और ज्वॉइनिंग कराए गए उम्मीदवारों का केस लगभग समान है। इस साल पहले सितंबर को हाईकोर्ट ने एक समान मामला होने को लेकर सरकार से जवाब-तलब किया। इसके बाद 4 अक्टूबर और 28 अक्टूबर को सुनवाई हुई और केस का स्टेट्स वही रहा। सरकार की ओर से हाईकोर्ट में रिपोर्ट नहीं दी गई। अब इस मामले में दो दिसंबर को सुनवाई होगी। इस सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कोर्ट में जवाब दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि हाईकोर्ट में दिए जाने वाले जवाब से पहले सरकार चयनित 38 उम्मीदवारों को नोटिस जारी कर सकती है। अंदरखाने नोटिस दिए जाने की तैयारी चल रही है। नोटिस जारी होने की स्थिति में सरकार के पास कोर्ट में देने के लिए जवाब होगा।

### कई अधिकारी हो चुके हैं प्रदोन्नत

2004 की इस भर्ती में पंकज नैन का भी नाम था। पंकज नैन इस बीच यूपीएससी की परीक्षा पास करने में कामयाब रहे और वे आईपीएस बन गए। वर्तमान में वह डीआईजी हैं और सरकार ने उन्हें खेल एवं युवा मामले विभाग का निदेशक लगाया हुआ है। इसी तरह से अमित गुलिया एचसीएस बन गए और नेहा बंसल व भीम सिंह का आईएएस में सलेक्शन हो गया। इसके बाद 2011 में हुड्डा सरकार द्वारा की गई भर्ती में भी 2004 की भर्ती वाले कई उम्मीदवारों का चयन हो गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के ओएसडी सतीश सैनी भी 2011 बैच में एचसीएस बने। इसी तरह से प्रदीप कौशिक, अमित गुलिया, विजेंद्र हुड्डा एचसीएस बने। वहीं वेद प्रदेश डीएफएसएस बने। 2004 के उम्मीदवारों में से ही सुरेंद्र मलिक, मनोज, महावीर सिंह आदि आईआरएस बने।

# आप कार्यकर्ताओं ने एचपीएससी स्टाफ को किया नजरबंद

### गोमूत्र से कार्यालय का किया शुद्धिकरण, नोट फेंककर पूछे नौकरियों के रेट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में एचपीएससी रिश्वत कांड को लेकर माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने करीब एक घंटे तक एचपीएससी स्टाफ को नजरबंद रखा और गोमूत्र के साथ कार्यालय का शुद्धिकरण किया। यही नहीं आप अध्यक्ष नवीन जयहिंद ने कार्यालय के मुख्य गेट पर पैसे फेंककर नौकरियों के रेट पूछे। करीब एक घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे में पुलिस जहां लाचार बनी रही वहीं एचपीएससी का स्टाफ दरवाजे बंद करके अपने-अपने कैबिनों में घुसा रहा।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शुक्रवार को हाथों में अलग-अलग नौकरियों के रेट पूछने वाली तख्तियां लेकर एचपीएससी कार्यालय पहुंचे। यहां सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए आप अध्यक्ष जयहिंद ने कहा कि सरकार 30 लाख युवाओं की फिरकी ले रही है। रेट लिस्ट बताएं और युवाओं की परेशानी खत्म करें। जयहिंद ने कहा कि अनिल नागर कांग्रेस राज में नाग था और इस सरकार में अजगर हो गया है। बिना किसी मंत्री या बड़े अधिकारी की शह के इतना बड़ा घोटाला नहीं होता सकता है। अगर सरकार के मुखिया ईमानदार है, तो जांच में इतनी ढील क्यों है। जयहिंद ने कहा कि सरकार दलालों को खत्म कर सीधे रेटलिस्ट जारी करे, जिससे सरकार को नुकसान न हो, प्रदेश के युवा भी अपना वक्त तैयारी में बर्बाद न करके पैसे का इंतजाम करें कि उन्हें जमीन बेचनी है, प्लाट बेचने है या कर्जा लेना है।' प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ जयहिंद जब एचपीएससी कार्यालय पहुंचे तो वहां मौजूद कर्मचारियों व अधिकारियों ने दरवाजे बंद कर लिए। जयहिंद ने गोमूत्र के साथ आयोग के कार्यालय का शुद्धिकरण किया। इसके बाद उन्होंने आयोग कार्यालय के बाहर नोट बिखेर कर नौकरियों के रेट भी पूछे।



### गोबर फेंककर बोले, अच्छा होता चेयरमैन खा लेते

ठेठ हरियाणवी अंदाज में राजनीति करने के लिए मशहूर जयहिंद ने शुक्रवार को एचपीएससी कार्यालय में जब गोबर के गोस्से फेंके तो सभी हैरान रह गए। जयहिंद ने कहा कि हरियाणा में अक्सर कहावत है कि बुरा काम करने वाले के लिए कहा जाता है कि यह काम करने से अच्छा होता गोबर खा लेते। इसी तरह नागर ने बेरोजगारों से पैसे खाकर उनका मानसिक रूप से कत्ल किया है। गरीब लोगों की मेहनत की कमाई खाने से अच्छा होता एचपीएससी चेयरमैन गोबर खा लेते। इसलिए वह एचपीएससी चेयरमैन तथा उनके वसूली गैंग के लिए गोबर लेकर आए हैं।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन छह दिसंबर को भारत आएंगे

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन छह दिसंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे, जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे तथा द्विपक्षीय एवं विशेष सामरिक संबंधों के सभी आयामों पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, छह दिसंबर को 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता भी होगी, जिसमें दोनों देशों के रक्षा एवं विदेश मंत्री हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता में हिस्सा लेने के

## देश में 30 दिन में 2400 छात्र कोरोना संक्रमित

एजेंसी। नई दिल्ली



**देश** में कोरोना का संक्रमण फिर से चिंताजनक हालात पैदा कर रहा है। 10 बड़े राज्यों में पिछले 30 दिन में 2400 छात्र कोरोना संक्रमित हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 1700 स्टूडेंट महाराष्ट्र के हैं।

संक्रमित होने वाले ज्यादातर छात्र शादी-पार्टियों में या तो खुद शामिल हुए थे, या उनके परिजन किसी कार्यक्रम से लौटे थे। उधर, कर्नाटक के धारवाड़ मेडिकल कॉलेज में कोरोना पॉजिटिव स्टूडेंट्स की संख्या गुरुवार को 182 हो गई है। एक दिन पहले बुधवार को यहां 66 मेडिकल स्टूडेंट संक्रमित मिले थे। खास बात यह है कि सभी फुली वैक्सीनेटेड थे, यानी कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज ले चुके थे। कॉलेज के हेल्थ ऑफिसर्स ने कहा कि कुछ दिनों पहले फ्रेशर्स पार्टी आयोजित की गई थी, उससे ही कोरोना फैला होगा। वहीं, बेंगलुरु के नर्सिंग कॉलेज के 12 स्टूडेंट गुरुवार को कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।

### सेंसेक्स ने लगाया 1,688 अंक का गोता, निफ्टी 17,100 के नीचे

**मुंबई।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,688 अंक लुढ़क गया। कोविड-19 वायरस के नए वेरिएंट को लेकर चिंता के बीच वैश्विक बाजारों में बिकवाली के साथ घरेलू बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,687.94 अंक यानी 2.87 प्रतिशत का गोता लगाकर 57,107.15 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 509.80 अंक यानी 2.91 प्रतिशत लुढ़ककर 17,026.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ इंडसइंड बैंक सर्वाधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा, मारुति, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी और टाइटन में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में डा. रेड्डीज और नेस्ले इंडिया शामिल हैं। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में इस सप्ताह करीब चार प्रतिशत की गिरावट आई। दोनों सूचकांक अपने उच्चतम स्तर से करीब आठ प्रतिशत नीचे आ गए हैं।

### सेवानिवृत्त न्यायाधीश पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसएन शुक्ला पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। उन पर अपने आदेशों के जरिए एक निजी मेडिकल कॉलेज को फायदा पहुंचाने का आरोप है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत इस साल 16 अप्रैल को सेवानिवृत्त न्यायाधीश पर मुकदमा चलाने के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी मांगी थी। केंद्र सरकार के मंजूरी देने के बाद सीबीआई अब सेवानिवृत्त न्यायाधीश के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर सकती है।

# फेसबुक के खिलाफ संसदीय समिति के सामने गवाही देने को तैयार व्हिसलब्लोअर

एजेंसी। नई दिल्ली

**फेसबुक** की पूर्व डेटा वैज्ञानिक सोफी झांग के एक खुलासे ने फेसबुक के लिए बड़ी परेशानी पैदा कर दी है। फेसबुक की इस पूर्व कर्मचारी ने खुलासा किया था कि सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी ने अपने प्लेटफॉर्म पर गलत सूचनाओं और नफरत भरी खबरों पर कोई कार्रवाई नहीं की थी, जिसका कथित तौर पर 2019 के आम चुनावों पर असर पड़ा था। यह सारी जानकारी अब कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाले सूचना प्रौद्योगिकी की संसदीय समिति तक पहुंच गई है। बताया जा रहा है झांग ने फेसबुक के खिलाफ कुछ डोजियर संसदीय समिति को मुहैया कराए हैं। जानकारी के मुताबिक व्हिसलब्लोअर के इस डोजियर के बाद संसद की आईटी पैनल ने फेसबुक इंडिया के अधिकारियों को तलब किया है।



### साइट इंटीग्रिटी टीम में काम कर चुकी है झांग

झांग फेसबुक की साइट इंटीग्रिटी टीम में काम कर चुकी हैं। कंपनी विरोधी गतिविधियों के कारण झांग को बाद में कंपनी से निकाल दिया गया था। तब से वे फेसबुक के खिलाफ मोर्चा खोले हुई हैं। झांग ने फरवरी 2020 के दिल्ली चुनावों को लेकर भी आंतरिक मेमो में यह चेतावनी दी थी कि चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था, जिसमें एक हजार से अधिक लोग शामिल थे। झांग के मेमो को सितंबर 2020 में बजफीड न्यूज ने रिपोर्ट था, उसके बाद ही दुनिया ने उनके बारे में जाना। करीब 8000 शब्दों में लिखे गए मेमो में यह आरोप लगाया गया है कि फेसबुक सबूत पर कार्रवाई करने में सुस्त है और प्लेटफॉर्म के नकली एकाउंट्स की वजह से दुनिया भर में चुनावों और राजनीतिक मामलों को कमजोर किया जा रहा है। बाद में पता चला कि उन्होंने भारत, मैक्सिको, अफगानिस्तान और दक्षिण कोरिया सहित दर्जनों ऐसे देशों की पहचान की थी, जहां इस प्रकार के फर्जी एकाउंट्स के दुरुपयोग से राजनेता आसानी से जनता को गुमराह कर रहे थे और सत्ता हासिल कर रहे थे। बताया जाता है कि वे बार-बार कंपनी के नेतृत्व के सामने यह समस्या लेकर गईं लेकिन उन्हें नजरअंदाज किया गया। मीडिया को दिए गए कई इंटरव्यूज में उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने उसे राजनीतिक काम से दूर रहने और उन्हें अपने काम पर ध्यान देने को कहा था। जब उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो फेसबुक ने उन्हें निकाल दिया।

वहीं सोफी झांग की पेशकश पर अंतिम निर्णय संसदीय समिति के सदस्यों को लेना है। इस मुद्दे पर सोमवार यानी 29 नवंबर को होने वाली बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा। यदि सभी सदस्यों की सहमति बनती है, तभी उन्हें गवाही के लिए बुलाया जा सकता है। उससे पहले थरूर ने एक नवंबर को ट्वीट कर कहा था, 'हमारी प्रक्रियाओं के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अनुमति नहीं है। विदेश से व्यक्तिगत रूप से यदि कोई गवाही देना चाहता है, तो इसके लिए अध्यक्ष की सहमति की आवश्यकता होती है, जो ली जा रही है।' बताया जा रहा है कि आगामी सोमवार को होने वाली बैठक नागरिकों की सुरक्षा विषय पर फेसबुक इंडिया के प्रतिनिधियों का पक्ष सुना जाएगा और डिजिटल स्पेस में महिला सुरक्षा पर विशेष जोर देने सहित सोशल/ऑनलाइन समाचार मीडिया प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग की रोकथाम पर भी बात होगी।

आईटी पैनल ने इससे पहले द वॉल स्ट्रीट जर्नल में एक रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण मांगते हुए भी फेसबुक को तलब किया था, जिसमें खुलासा हुआ था कि कैसे सोशल मीडिया कंपनी ने जानबूझकर तेलंगाना के एक भाजपा नेता के नफरत भरे भाषणों पर आंखें मूंद ली थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक फेसबुक को डर था कि यदि उसने इस पर कोई कार्रवाई की, तो इससे भारत में फर्म के व्यापारिक हितों को नुकसान पहुंच सकता है, जो इसका सबसे बड़ा बाजार है।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 27 नवंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान
- अधिकतम 26.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 14.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेश कैम्प: सुबह 10 बजे
- कोरोना जांच प्रयोगशाला में जांच शुरू: सुबह 9 बजे
- वुमेंस पावर की तरफ से सेक्टर-23 में आर्ट एंड क्राफ्ट कक्षा: 2 बजे

### निवेश गुरु

**इक्विटी** और डेट म्यूचुअल फंड, पीपीएफ, गवर्नमेंट बांड, नेशनल पेंशन सिस्टम, फिक्स्ड डिपॉजिट। यहां म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि में 8 से 10 फीसदी रिटर्न मिल रहा है तो एनपीएस में 6 से 8 फीसदी सालाना रिटर्न संभव है। पीपीएफ में अभी ब्याज 7.1 फीसदी सालाना है तो गवर्नमेंट बांड पर 7 से 8 फीसदी रिटर्न हासिल किया जा सकता है। वहीं एफडी पर 5.25 फहसदी से 7.25 फीसदी सालाना रिटर्न मिल रहा है। यहां कुछ विकल्पों में 5 साल या 15 साल मेच्योरिटी पीरियड है, लेकिन उसे आगे पांच-पांच साल के लिए बढ़ा सकते हैं।

### यूटीलिटी न्यूज

## ऑनलाइन एफडीपी का आयोजन

**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज के सीएसई डिपार्टमेंट की ओर से इंडस्ट्री 4.0: डिजिटाइजेशन, सेंसराइजेशन एंड ऑप्टिमाइजेशन पर पांच दिवसीय ऑनलाइन एफडीपी का आयोजन किया। यह एफडीपी शैक्षणिक वर्ष 2021-22 के लिए संकाय विकास योजनाओं के एक भाग के रूप में एआईसीटीई प्रशिक्षण और शिक्षण अकादमी द्वारा प्रायोजित किया गया था। इस योजना का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति से संबंधित संकाय के शिक्षण और अन्य कौशल में सुधार करना है। इस एफडीपी के लिए एआईसीटीई पोर्टल पर पंजीकृत विभिन्न संस्थानों के 94 प्रतिभागियों और औसतन 70 प्रतिभागियों ने नियमित रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में कई विशेषज्ञ थे और प्रतिनिधियों को उद्योग 4.0 के उपकरणों और प्रौद्योगिकियों से परिचित कराया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत से कई नामी लोगों ने हिस्सा लिया।

### क्विक न्यूज

## राजेश भाटिया को दी बधाई

**फरीदाबाद।** व्यापार मंडल ओल्ड फरीदाबाद के प्रधान नीरज मिगलानी ने तिकोना पार्क स्थित व्यापार मंडल के कार्यालय पर पहुंचकर राजेश भाटिया को व्यापार मंडल फरीदाबाद का प्रधान बनने पर बधाई देते हुए कहा है कि राजेश भाटिया को व्यापार मंडल फरीदाबाद का प्रधान बनाए जाने से पूरे जिले में व्यापार मंडल अब पहले से काफी मजबूत होगा और साथ ही फरीदाबाद की सभी मार्किट मे अब तेजी से सुधार और विकास होगा। राजेश भाटिया के प्रधान बनने से व्यापारियों मे नए जोश का संचार हुआ है। आज व्यापारी समाज काफी उत्साहित हैं। राजेश भाटिया ने भी ओल्ड फरीदाबाद व्यापार मंडल के प्रधान नीरज मिगलानी को विश्वास दिलवाया है कि उन्हें व्यापार मंडल की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसे व्यापारी हित मे मेहनत और ईमानदारी के साथ अदा करेंगे। इस मौके पर प्रधान राजेश भाटिया संग उप प्रधान-अमर बजाज, महासचिव-बंसीलाल कुकरेजा, जगन शाह कोषाध्यक्ष, वेद प्रकाश कुकरेजा-चेयरमैन, हरीश भाटिया, नीरज भाटिया मौजूद थे।


# आज भी ताजा है गौतम की शहादत और फिरेचंद की बहादुरी की यादें

## 26/11 : 13 साल बाद भी गौतम गोसाई की शहादत का दर्द नहीं भूले लोग

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**26 नवंबर** 2008 को मुम्बई के होटल ताज में हुए सबसे बड़े आतंकवादी हमले की घटना को शहर के लोग आज भी नहीं भूल पाए हैं। क्योंकि मुम्बई में हुए इस हमले का दर्द आज भी शहर के लोग महसूस करते हैं। हमले में होटल ताज में शेफ की ट्रेनिंग ले रहे सेक्टर 48 निवासी गौतम गोसाई अपने साथियों की जान बचाते हुए शहीद हो गए थे।

इस घटना ने गौतम के परिवार के साथ साथ पूरे शहर को झकझौर कर रख दिया था। गौतम की मां राधा और पिता देव सिंह गोसाई आज भी अपने बेटे की शहादत को याद कर व्यथित हो जाते हैं। मूलरूप से टिहरी गढ़वाल के गांव दसौली के रहने वाले देवसिंह गोसाई एस्कार्टस कंपनी में कार्यरत है और शहर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था गढ़वाल सभा के अध्यक्ष हैं। उनके परिवार में उनकी पत्नी राधा के अलावा सबसे बड़ा बेटा गौतम था। जिसके बाद उनकी बेटी मंजू व ममता और सबसे छोटा बेटा उत्तम गोसाई शामिल है। इस हमले के दौरान आतंकवादियों के छक्के छुड़ाने में जिले के एनएसजी कमांडो फिरे चंद और राजू नागर ने भी अहम भूमिका निभाई थी। पैर में गोली लगने के कारण फिरेचंद को सेना से सेवानिवृत्ति लेनी पड़ गई थी।


होटल ताज के साथ शहीद गौतम गोसाई का फाइल फोटो।


आतंकवादी हमले के दौरान मुम्बई के ताज होटल का फाइल फोटो।

## कसाव की फांसी से मिली थी राहत

**शहीद** गौतम गोसाई के पिता देव सिंह गोसाई ने बताया था कि उन्हें अपने बेटे की शहादत का दुख पूरी जिंदगी रहेगा। लेकिन जब तक कसाव को फांसी पर लटकाने की सजा नहीं मिली थी, तब तक उन्हें जरा भी चैन नहीं मिल रहा था। 21 दिसंबर 2012 का दिन उन्हें हमेशा याद रहता है। इस दिन कसाव को फांसी पर चढ़ाने की सूचना देव सिंह गोसाई को सुबह ही किसी साथी ने फोन पर दी थी। कसाव को फांसी पर चढ़ाने का पता चलते ही उन्हें ही नहीं बल्कि हमले में शहीद हुए अन्य लोगों के परिजनों और देश वासियों को खुशी मिली थी। 26 नवंबर 2008 को हुई घटना को हुए 13 साल का लंबा समय गुजर चुका है। लेकिन आज भी शहर के लोग गौतम गोसाई की शहादत को भूल नहीं पाए हैं। हर साल 26 नवंबर को गौतम गोसाई की बरसी पर गढ़वाल सभा संस्था के परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। जहां सैंकड़ों की संख्या में लोग इक्ट्ठे होकर शहीद गौतम गोसाई की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन भेंट कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं।

## नहीं भूल सकते 26/11 की घटना

**देव** सिंह गोसाई बताया था कि 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले में उन्हें अपने होनहार बेटे गौतम के खोने का दुख हमेशा रहेगा। पत्नी राधा, दोनों बेटियां व बेटा इस घटना को याद कर आज भी दुखी हो जाते है। लेकिन उन्हें तसल्ली है कि गौतम शहीद होकर अमर हो गए हैं। सेक्टर 48 में रहने वाले देवसिंह गोसाई का बेटे गौतम गोसाई ने दिल्ली के सोफिया कॉलेज से शेफ का कोर्स किया था। कोर्स पूरा होने के बाद गौतम को कॉलेज की तरफ से प्रशिक्षण लेने के लिए मुम्बई के होटल ताज में भेजा गया था। 26 नवंबर 2008 को आतंकवादियों ने होटल पर हमला कर अपने कब्जे में ले लिया और गोली बारी कर लोगों को जान से मारने लगे। उस दौरान गौतम गोसाई ताज होटल में ड्यूटी पर थे। इस हमले के दौरान गौतम के कुछ साथी घिर गए थे। गौतम अपने साथियों की जान बचाने के लिए जुट गए। इस प्रयास के दौरान गौतम अपनी जान गंवा कर शहीद हो गए। गौतम गोसाई की इस बहादुरी को देखते हुए टाटा ग्रुप के चेयरमैन रतन टाटा ने स्वर्गीय गौतम के पिता देव सिंह गोसाई को लाइफ सेविंग अवार्ड सौंप कर सम्मानित किया था।


शहीद गौतम गोसाई का फाइल फोटो।

## नहीं बदला सेक्टर का नाम

**मुम्बई** के आतंकवादी हमले में शहर के निवासी गौतम गोसाई की शहादत के बाद वर्ष 2009 में गौतम गोसाई के परिजन और इलाके के लोगों ने सेक्टर 48 का नाम बदल कर गौतम गोसाई एन्कलेव रखने की मांग जिला प्रशासन के समक्ष रखी थी। लोगों की इस मांग को ध्यान में रखते हुए पांच फरवरी 2009 को नगर निगम सदन की बैठक में इस मामले को रखा गया था। उस समय ज्यादातर पार्षदों ने सेक्टर 48 का नाम बदले पर अपनी सहमति दे दी थी। लेकिन इसके बावजूद फाइल सरकार के पास लंबे समय से लंबित बड़ी है।

## हमेशा याद रहेगी एनएसजी कमांडों की बहादुरी

**26 नवंबर** 2008 को मुम्बई के ताज होटल पर हुए हमले में आतंकवादियों से लोहा लेने वाली मुम्बई पुलिस के साथ साथ एनएसजी कमांडों ने भी अहम भूमिका निभाई थी। आतंकवादियों को मुहं तोड़ जवाब देने वाले एनएसजी की टीम में ग्रेटर फरीदाबाद के दो जाबांज कमांडों फिरेचंद और राजू नागर भी शामिल थे। जिले के इन दोनों जाबांजों ने ताज होटल में हमले के दौरान आतंकवादियों के जमकर छक्के छुड़ाए थे। आतंकवादियों के साथ हुई आमने सामने की फायरिंग में कमांडों फिरेचंद के पैर में गोली लग गई थी। लेकिन गोली लगने के बावजूद फिरेचंद लगातार ने किसी भी तरह हिम्मत नहीं हारी थी। घायल होने के बाद भी वह आतंकवादियों पर गोलियां बरसाते रहे। जबकि उनके साथी उन्हें बाहर जाने के लिए कह रहे थे। लेकिन शरीर से ज्यादा खून बहने पर उन्हें बाहर ले जाया गया था। घटना के बाद गोली के जख्म तो भर गए। लेकिन वे सेना के लिए दोबारा फिट नहीं हो पाए। जिसके कारण उन्हें सेवानिवृति लेनी पड़ी थी। फिरेचंद के ही गांव के रहने वाले राजू नागर ने इस हमले में नरीमन हाउस में आतंकवादियों के छक्के छड़ाए थे।

# केनरा बैंक ने मेधावी बच्चों को दी छात्रवृत्ति

## केनरा बैंक ने सीही गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आधुनिक शौचालय का निर्माण कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**केनरा** बैंक ने बैंक के 116वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अनुसूचित जाति की मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर मिशाल पेश की है।

केनरा बैंक द्वारा छात्राओं को यह छात्रवृत्ति 'कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व' गतिविधियों के तहत प्रदान की गई। सीकरी के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 5वीं, 6वीं व 7वीं कक्षा की मेधावी छात्राओं को ढाई-ढाई हजार रुपये दिये गए और बघोला के माध्यमिक विद्यालय के 8वीं, 9वीं और 10वीं की छात्राओं को पांच-पांच हजार रुपये दिए गए इस तरह सीएसआर गतिविधि के तहत कुल 42500 रुपये की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में दी गई है। मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया है। जिससे पढ़ाई में छात्राओं का ध्यान केंद्रित रहे और पढ़कर शहर का नाम रोशन करें।


शौचालय का शुभारंभ करते केनरा बैंक कर्मी।

मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति देने के साथ ही 'कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व' गतिविधियों के तहत सीही गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आधुनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। जिससे विद्यालय के बच्चों को बेहतर सुविधा मिल सके क्योंकि छात्राएं समाज की नींव होती हैं। इसलिए उन्हें पढ़ाई के दौरान विशेष सुविधाओं के साथ ही शौचालय की अति आवश्यकता होती है। जिसको ध्यान में रखते हुए केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय फरीदाबाद के कार्यालय प्रमुख अभय कुमार सिंह के करकमलों से शौचालय का शिलान्यास किया। इस अवसर पर केनरा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अंकित सक्सेना व प्रबंधक मेघा बंसल उपस्थित रहीं।

# करण की बदौलत स्पोर्ट्स क्यूब ने मैच जीता

## करण पासवान ने मैच में लिए नौ विकेट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुश** अकादमी क्रिकेट लीग अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने क्रोइर सीए क्रिकेट अकादमी को 10 विकेट से हराया। यह मुकाबला गुरुग्राम के दा डोम क्रिकेट मैदान पर खेला गया।

बीसीसीआई कोच मनविंदर बिसला ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। ओर यह मैच स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने क्रोइर सीए क्रिकेट अकादमी टीम के साथ खेला गया। स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और क्रोइर सीए क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 12.2 ओवर में 10 विकेट पर 31 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए गर्व ने 14 रन, वंश ने 5 रन, संतोष ने चार रन बनाए। स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए शानदार गेंदबाजी करते हुए करण पासवान ने 6 ओवर में 10 रन देकर नौ विकेट लिए और राज सागर ने एक विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रोइर सीए क्रिकेट अकादमी ने 5.3 ओवर में बिना विकेट गवां 32 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए करण पासवान ने 28 रन, कृष पाल ने 4 रन बनाए।क्रोइर सीए क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से किसी गेंदबाज को विकेट नहीं मिली। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी के करण पासवान को दिया गया।


जीत की ट्राफी के कारण करण पासवान।

# जेसी बोस में योग प्रतियोगिता का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, द्वारा अंतर कालेज योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय एवं संबद्ध कॉलेजों के 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज के योग विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कुलपति राज नेहरू और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी है। विश्वविद्यालय छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविन्दर सिंह और खेल समन्वयक डॉ. शैलेंद्र गुप्ता की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता का संचालन योगाचार्य कुलदीप रावत एवं खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक ने किया, जिसमें प्रतिभागियों ने जल षटकर्म एवं शीतक्रम जैसी विभिन्न योगिक क्रियाओं के साथ-साथ कपालभाति व मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग आसानों का प्रदर्शन किया।

पुरुष एवं महिला एकल वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज फार स्किल डेवलपमेंट के योग विषय के विद्यार्थियों ने दबदबा रहा। पुरुष श्रेणी में कम्युनिटी कॉलेज के संजय ने पहला व हर्ष ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह विश्वविद्यालय के रवि कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिला श्रेणी में कम्युनिटी कालेज की अंजलि विजेता रही। दूसरे स्थान पर विश्वविद्यालय की हिमांशी तथा कम्युनिटी कॉलेज की क्षमा ने दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर विश्वविद्यालय की प्रीति रही।


योग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के साथ विश्वविद्यालय के पदाधिकारी।

# डीएचबीवीएन खेलकूद में शहर का नाम रोशन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सबडिवीजन** मथुरा रोड के 66 केवी यूएसए गुरुकुल पावर हाउस पर कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से बिजली कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बरकरार व उनके मानसिक तनाव को दूर करने के लिये हर वर्ष होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बिजली निगम के मुख्यालय हिसार में किया गया।

इस 11वें इंटर सर्कल स्पोर्ट्स मीट 2021 कार्यक्रम में बैडमिंटन, रस्साकशी, बॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबलटेनिस, कबड्डी, लॉन्ग पुश व शॉर्ट पुश गोला फेंकना, 100 मीटर, 200 मीटर- 400 मीटर, 800 मीटर, 1200 मीटर और 1500 मीटर की दौड़ आदि खेल महिला कर्मचारी और पुरुष कर्मचारियों के लिये कराए जाते हैं। इन खेलों में हरियाणा प्रदेश के अन्य सर्कलों सहित फरीदाबाद सर्कल के 57 कर्मचारीयों ने भाग लेते हुए अपने हुनर से खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिसमें 1500 मीटर की दौड़ में सबडिवीजन मथुरा रोड के जितेंदर कुमार सहायक लाइनमैन ने तृतीय स्थान पर अपनी जीत हासिल कर फरीदाबाद सर्कल का नाम रोशन किया है।

अपने साथी जितेंद्र कुमार की इस जीत में हौसला अफजाई और युवा कर्मचारियों के लिये प्रेरणा स्रोत बने इसके लिये कर्मचारियों ने उपहार देकर फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के इस मौके पर जेई ब्रह्मप्रकाश, जेई रविंदर कौशिक, सेंटर कौंसिल के कर्मचारी नेता सतीश छाबड़ी, प्रधान लेखराज चौधरी, जयभगवान अन्तिल, नरेंदर फोरमैन, नारायण सिंह फोरमैन, सुरेन्दर लाइनमैन, पुष्पेन्द्र लाइनमैन, नितिन लाइनमैन, राजेन्दर एसएसए, राजकुमार एएलएम, राकेश एएलएम, जावेद एएलएम सभी मौजूद रहे।


जितेंदर एएलएम की जीत पर जश्न मनाते डीएचबीवीएन के सदस्य।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



### नज़रिया

**दिनेश रघुवंशी, कवि**

वतन के रहनुमा दिन-रात यूँ भरमाते हैं कितने
शहीदों की चिता से राख़ अब घर लाते हैं कितने
शपथ, वादे, बड़ी बातें भुला सब देते हैं आख़िर
फ़क़त तारीख़ बनकर हादसे रह जाते हैं कितने

# किसानों-मजदूरों के मसीहा थे स्वर्गीय रणवीर हुड्डा

## कांग्रेसियों ने स्वतंत्रता सेनानी की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वरिष्ठ** कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने स्वतंत्रता सेनानी, भारतीय संविधान सभा के सदस्य स्वर्गीय रणवीर सिंह हुड्डा को नमन करते हुए कहा कि वे धर्म निरपेक्ष, जनतंत्र की नींव रखने वालों में से एक थे। भले ही वह आज हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनके आदर्श हमारे लिए सदैव अनुकरणीय रहेंगे।


उन्होंने कहा कि रणवीर सिंह हुड्डा एक युगपर्वतक, गांधीवादी व किसानों-मजदूरों के मसीहा थे, उन्होंने निस्वार्थ भाव से आम आदमी की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था, ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी के आदर्शों को हमें अपनाना चाहिए तभी एक सशक्त समाज का निर्माण संभव हो सकता है। श्री सिंगला आज सेक्टर-17 स्थित रणवीर हुड्डा पार्क में उनकी 107वीं जयंती के अवसर पर माल्यार्पण करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सिंगला व अन्य कांग्रेसजनों ने रणवीर हुड्डा की अष्टधातु की प्रतिमा को गंगाजल से साफ किया और उस पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए लखन कुमार सिंगला ने कहा कि स्व. रणवीर हुड्डा के प्रयासों का ही परिणाम है कि हम आज आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं और हमारी युवा पीढ़ी को ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर समाजसेवा व जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, जिससे की समाज से बुराइयों का अंत हो सके। सिंगला ने कहा कि रणवीर सिंह हुड्डा ने सदैव किसान, मजदूर व दबे-कुचले लोगों के हितों की आवाज उठाई और आज जिस प्रकार भाजपा सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है, उसे देखकर उनकी आत्मा जरूर आहत हो रही होगी। लखन सिंगला ने भाजपा सरकार पर महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सेक्टर-17 का यह पार्क रणवीर सिंह हुड्डा के नाम पर है, लेकिन आज इस पार्क की बदहाली अपनी हालत स्वयं बयां कर रही है, पार्क में अव्यवस्थाओं का माहौल है और सायं ढलते ही यहां असामाजिक तत्व शराब आदि भी पीते है, परंतु प्रशासन ने अभी तक इस पार्क के रखरखाव के लिए कारगर कदम नहीं उठाए। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस नितिन सिंगला, कर्मबीर खटाना, खुशबू खान, गुलाब सिंह गड्डू, टीकाराम नागर, प्रणव शर्मा अध्यक्ष फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र, विजय कुमार, आकाश सैनी, नाजिम खान, सुशांत गुप्ता, सतीश कुमार और दीपक कुमार सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।


स्वर्गीय रणवीर हुड्डा को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

## परिवार उत्थान योजना मेला की तैयारियां शुरू

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना मेला का आयोजन आगामी 29 और 30 नवम्बर 2021 को स्थानीय खेल परिसर, सेक्टर-12 फरीदाबाद के प्रांगण में प्रात 9 बजे से लगाया जा रहा है। यह जानकारी उपायुक्त जितेंद्र यादव ने आज इस सम्बंध में अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए कहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेले में प्रात: ठीक 9 बजे से पहले प्रत्येक विभाग के अधिकारी अपने विभाग से जुड़े पांच सदस्यीय अधिकारी/कर्मचारियों की टीम को लेकर जिनके पास 2 लैपटॉप और इंटरनेट कनेक्शन हो को साथ लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूर्ण निष्ठा ईमानदारी से मेले में अपने दायित्व का निर्वाह करें ताकि वहां आने वाले लाभार्थियों को योजना का भरपूर लाभ दिया जा सके।

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 14.06.2020 गौरव पुत्र राजकुमार निवासी अहमदगढ जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश जोकि फिलहाल फरीदाबाद से गुमशुदा है जो अभी तक वापस नही आया है। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग सावंला, गोल चेहरा, मजबुत जिस्म, जिसने सफेद रंग की टी-शर्ट, नीली जीन्स पैंट, पैरो मे सैंडल पहना हुआ हैं। जिसका कद 5 फुट 8 इंच वा उम्र 22 वर्ष है। शिकातय पर पुलिस ने मुकदमा न0 200 दिनांक 14.06.2020 को थाना आदर्शनगर में दर्ज की है। पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरो पर सुचित किया जाये।

**प्रबन्धक अफसर थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़-9582200169**
**राजकुमार लड़के का पिता- 8273131345**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनांक 01.07.2021 को प्रयंका बेटी हेतराम निवासी गली न0 4 अज्जी कालोनी बल्लभगढ़ लापता है। जो काफी लताश के बाद भी नहीं मिली। जिसका हुलिया इस प्रकार से हैं रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, जिसने आमानी रंग का सुट व गुलाबी रंग की चुन्नी व लैगी तथा पैरो मे सफेद रंग की प्लास्टिक की जुती, कानो मे बाली सोने की, नाक मे सोने की लौंग पहने हुए हैं। जिसका कद 5 फुट 6 इंच वा उम्र 19 वर्ष है। थाना आदर्श नगर पुलिस ने मुकदमा नंबर 282 दिनांक 04.07.2021 को दर्ज किया। पता चलने पर निम्नलिखित नम्बरो पर सुचित किया जाये।

**प्रबन्धक अफसर थाना आदर्श नगर बल्लभगढ़-9582200169**
**अनुसंधान अधिकारी- 8178020758**
**लड़की के पिता- 9999723240, 9667874800**

# दीया तले अंधेरा : अस्पताल परिसर में भरे पानी से पनप रहे मच्छर

## सीवरेज के खुले ढक्कन और लीकेज पाइप लाइन से पैदा हो रहे मच्छर

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में पिछले दिनों पानी की टंकी गिरने के बाद आसपास पर पानी भर गया है। वहीं दूसरी तरफ यहां मौजूद मेनहोल के ढक्कन तक नहीं लगे हैं। जिस कारण सीवरेज के गड्ढों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। अस्पताल में बरती जा रही इस लापरवाही के कारण मच्छरों का आतंक बढ़ रहा है। जिससे यहां आ रहे मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी हो रही है।



बीके अस्पताल में पाइप लाइन पर लगी लकड़ी के लूज होने से सड़क पर भरा पानी।



रेडक्रॉस फिजियोथैरेपी सेंटर के पीछे मौजूद सीवरेज के खुले ढक्कन।

### सीवर के खुले ढक्कन

**अस्पताल** में जहां-तहां सीवरेज के मेनहॉल की हालत खस्ता है। अस्पताल में या तो सीवरेज के मेनहोल के ढक्कन टूटे पड़े हैं और कई जगह तो सीवर के ढक्कन है ही नहीं। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिस कारण यहां आसपास के लोगों ने कचरा डालना शुरू कर दिया है। जिस कारण खुले मेनहॉल में कचरा डाला जा रहा है। ऐसा ही जिला रेडक्रॉस सोसायटी के पीछे देखने को मिला। जहां एक के बाद सभी सीवरेज के मेनहॉल के ढक्कन खुले हुए हैं। जिसमें कचरा डालकर जलाया तक गया है। जिस कारण फिजियोथैरेपी सेंटर में मच्छर हो रहे है। वहीं अस्पताल में यहां वहां कई मेनहॉल के ढक्कन टूटे हुए हैं। हाल ही में अस्पताल के अपातकालीन कक्ष के निकट एक सीवरेज के ढक्कन को लगाते हुए वहां सीमेंट लगाकर ठीक किया गया था। लेकिन वह काम इतना घटिया किया गया है, कि उसमें दरारे आने लगी हैं।

### टैंक टूटने से सड़क पर भरा पानी

**जिले** में जहां डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ जिला स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण अस्पताल में परिसर में जल भराव और गंदी से मच्छर पनप रहे हैं। पिछले दिनों अस्पताल के पुराना भवन परिसर में मौजूद करीब 50 साल पुरानी टंकी टूट गई थी। जिसके बाद यहां लगी पानी की पाईप लाइन को लकड़ी लगाकर रोकने का प्रयास किया, लेकिन इसके बाद भी पानी निकल कर सड़क और खाली जगह पर फैल रहा है। पानी भरने के कारण यहां मच्छरों का आतंक छाया हुआ है। गंदगी का अंबार यहां पहले ही लगा हुआ है।

## बिजली संशोधन बिल के विरोध में प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** किसान आंदोलन के एक साल पूरा होने व तीनों कृषि कानूनों की वापसी की घोषणा से उत्साहित किसानों ने शुक्रवार को देशभर में आंशिक विजय दिवस मनाया। विजय दिवस के साथ एकजुटता प्रकट करने और किसान, मजदूर व गरीब विरोधी बिजली संशोधन बिल 2021 को रद्द करने की मांग को लेकर बिजली कर्मचारियों ने शुक्रवार को बल्लभगढ़ बस अड्डे के समक्ष प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में बिजली कर्मचारियों ने अटोहा मोड़ पलवल के लिए कूच किया और किसानों के आंशिक विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और एकजुटता प्रकट की। प्रदर्शन में ईईएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भी शिरकत की।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने निकाली जागृति यात्रा

## साइकिल रैली के माध्यम से निकाली गई जागृति यात्रा का जिले में स्वागत किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महिला** सशक्तिकरण को लेकर हरियाणा पुलिस ने एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में सामाजिक जागरुकता बढ़ाने के लिए साइकिल पर जागृति यात्रा निकाली जा रही है जो 25 दिन में 23 पुलिस जिलों को कवर करते हुए 1194 किलोमीटर का सफर करके पूरे हरियाणा को कवर करेगी और 10 दिसंबर को वापस पंचकूला पहुंचेगी जहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा इसका समापन किया जाएगा। इसका शुभारंभ पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल, एडीजीपी कला रामचंद्रन और आईजी भारती अरोड़ा ने 15 नवंबर को पंचकूला में झंडी दिखाकर किया था।

यह यात्रा फरीदाबाद महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर माया के नेतृत्व में 16 महिला पुलिसकर्मियों द्वारा साइकिल पर निकाली जा रही है जिसमे फरीदाबाद की एचसी भतेरी और महिला सिपाही मंजीत का नाम शामिल है वहीं हरियाणा के अन्य जिलों से एएसआई कविता एचसी रीटा, कल्पना, महिला सिपाही टीना, गीता, अनु, पिंकी, कविता, कोयल, सुमन, दीपिका और अनु का नाम भी शामिल है।



साइकिल रैली के माध्यम से निकाली जागृति यात्रा का स्वागत करते पुलिसकर्मी।

हरियाणा पुलिस की ओर से चल रही जागृति यात्रा राज्यभर में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करेंगी। इस साइकिल यात्रा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षा मुहैया कराना है। महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए निकाली रैली साइकिल रैली यानी जागृति यात्रा का शुक्रवार को फरीदाबाद में स्वागत किया गया।

सुबह सेक्टर 12 हुड्डा ग्राउंड में यात्रा का फूलों की वर्षा करने के साथ ही पुलिस बैंड से स्वागत किया गया। यहां पर आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। यहां पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि हरियाणा पुलिस महिलाओं और बच्चों के अपराधिक मामलों को गंभीरता से लेती है। ऐसे मामलों पर तत्परता से कार्रवाई की जाती है। सहायक पुलिस आयुक्त शैफुद्दीन के साथ ही महिला थाना सेंट्रल प्रभारी ने महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति एप, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डायल 112 की सुविधा पहले से ही मुहैया करवाई हुई है। हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान व उनकी आर्थिक सहायता हेतु विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

फरीदाबाद महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया ने कहा कि अपराध के घटित होने पर पीड़ित के चुप रहने से अपराध और अपराधी का हौसला बढ़ता है। समाज को महिलाओं के प्रति मानसिकता बदलने की जरूरत है। जब तक महिलाएं मन और शरीर से मजबूत नहीं होगी उनका सशक्त होना संभव नहीं फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निकाली जा रही जागरुकता रैली की सराहना करते हुए सभी महिला पुलिसकर्मियों को प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करने की घोषणा करते हुए इसी प्रकार महिला सशक्तिकरण के प्रति कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

# 200 वारदातों को अंजाम देने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

## 4 लाख रुपए नकद एक लाइसेंसी पिस्टल एक देशी कट्टा, चार कारतूस बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पिछले** करीब एक साल से फरीदाबाद शहर के पोश एरिया जैसे सेक्टर 31, सेक्टर 17, सेक्टर 12 व बीपीटीपी एरिया की पार्किंग, सड़क किनारे, व ऑफिस के बाहर खड़ी गाडियां जिनमें अक्सर कीमती समान जैसे लैपटॉप, पर्स कागजात आदि रखे रहते हैं, शीशे को गुलेल से तोड़कर चंद मिनटों में सामान पर हाथ साफ करने वाले शातिर चोर इम्तियाज उर्फ अरमान को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि आरोपी दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लगभग चोरी की 200 वारदातों को अंजाम दे चुका है। वारदात को अंजाम देने से पहले किसी दूसरे स्थान से बाइक चोरी करता था और फिर उसी बाइक से किसी दूसरे स्थान से दूसरी चोरी को अंजाम देता था। आरोपी ने कुछ दिन पहले ही नहरपार एरिया से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें से सामान चोरी किया था जिसमें



प्रेसवार्ता को संबोधित करते डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादयान।

एक लाइसेंसी पिस्टल भी शामिल थी। इसके अलावा आरोपी अपने पास एक देशी कट्टा रखता था ताकि यदि वह पकड़ा जाए तो लोगों को डरा धमका कर वहां से फरार हो सके। आरोपी एक साल से करीब दो दर्जन वारदातों को अंजाम दे चूका है। आरोपी फरीदाबाद क्राइम ब्रांच द्वारा पहले भी गिरफ्तार हो चूका है। आरोपी की अपराधिक हिस्ट्री भी बहुत लंबी है जिसमें आरोपी वर्ष 2016 में चोरी के 15 मुकदमों में जेल जा चुका है।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा द्वारा शहर में चोरी की वारदातों पर शिकंजा कसने के लिए अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की वारदातों मैं संदीप में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश व डीसीपी क्राइम नरेंद्र का ध्यान के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी इंस्पेक्टर विमल की टीम ने 20 नवंबर को बाईपास रोड सेक्टर 31 से गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा से बड़ा कोई उपहार नहीं : चांदनी



निःशुल्क आर्ट क्राफ्ट सीखते बच्चे।

**फरीदाबाद।** वुमेन पावर संस्था द्वारा बच्चों के लिए निःशुल्क आर्ट क्राफ्ट की क्लास का आयोजन किया जा रहा है। यह क्लास आगामी चार महीने तक लगातार चलती रहेगी। इसमें सेक्टर 23 और आस पास के सभी बच्चे बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। यह बात वूमेन्स पावर की फाउंडर प्रेसीडेंट चांदनी आजाद अली ने बताई। उन्होंने कहा कि ऑर्ट क्राफ्ट में बड़ी संख्या में बच्चे भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें हर रूप में शिक्षा का उपहार देना चाहिए। इस कार्य को करने में जो मुख्य भूमिका निभा रही हैं वह सेक्टर 23 कि प्रियंका भाटिया जोकि निस्वार्थ भाव से इन बच्चों को सेक्टर 23 कम्युनिटी सेंटर में चित्रकला और वेस्ट मटीरियल से नई-नई तरह की चीचें बनाना सिखा रही है।

### 26/11 के शहिदो को श्रध्दांजलि



श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।

**फरीदाबाद।** 21 डी फरीदाबाद में 26/11 मुम्बई आतंकी हमले मे मारे गये लोगो को श्रृद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की गई। श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान राजेश सिह पटेल ने कहा की आज ही के दिन 2008, समुन्द्र के रास्ते पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने मुम्बई को बंधक बनाने की कोशिश की, लेकिन हमारे वीर जवानों, देश के प्रति मर मिटने वाले जज्बे के साथ इन आतंकियों का सामना किया। पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ घोषित इस अघोषित युद्ध में मुम्बई के तत्कालीक एटीएस प्रमुख हेमन्त करकरे, सेना के मेजर उन्नीकृष्णन, मुम्बई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अशोक काम्टे, और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बिजय सालसकर, तुका राम, सहित 160, लोगों ने अपनी शहादत दी थी। इन महानायकों को पुष्प व दीप समर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया गया। यहां उपस्थित लोगो में राहुल राज, रस्मी रानी, शुभम कुमार आदि रहे हैं।

### अधिवक्ताओं ने हर्षो उल्लास से मनाया संविधान दिवस



संविधान दिवस मनाते अधिवक्ता।

**फरीदाबाद।** कोर्ट परिसर में वकीलों ने हाथों में सांविधान की किताब व ब्रोशर लेकर 70वां संविधान दिवस मनाया। बार काउंसिल पंजाब एण्ड हरियाणा के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ, एडवोकेट ने कहा कि यह दिन ऐतिहासिक है। भारत के संविधान समिति के अध्यक्ष डाक्टर भीमराम अम्बेडकर थे, भारत के अन्य महान विभूतियों ने मिलकर भारत के संविधान का निर्माण किया। वरिष्ठ अधिवक्ता दलपत सिंह व बीएस चौधरी ने कहा कि संविधान में न्याय पालिका, कार्य पालिका, विधायिका का अधिकार क्षेत्रों का वर्णन किया गया और आम आदमियों के मौलिक अधिकारों का वर्णन है। हर भारतवासी का फर्ज बनता है अपने देश के संविधान का सम्मान करें। इस मौके पर मनोज पंडित, महेन्द्र कौशिक, सतबीर शर्मा, सुखबीर, जितेन्द्र शर्मा, बिल्लु धनकड, रमेश, प्रेमचन्द सैनी, धनीराम, अनिल गुप्ता, कमल दलाल, हरदीप बिषोया, कुलदीप जोशी, विजय यादव, योगेश शर्मा, अफाख खान, सतपाल नागर, कपिल तिवारी, बीएस चौहान, धर्मेन्द्र शर्मा, आरके कौशिक, प्रदीप सागर, अशीष आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

### संविधान प्रदर्शनी और क्विज कंपटीशन आयोजित



डालसा के पैनल एडवोकेट के साथ विद्यार्थी व प्रिंसीपल

**फरीदाबाद।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शिक्षा विभाग एवं डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के निर्देशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन एच तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस द्वारा संविधान दिवस प्रदर्शनी एवम प्रश्नोत्तरी कंपटीशन द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, डलसा से पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम और मनदीप कौर ने जूनियर रेडक्रॉस, ब्रिगेड और लीगल लिटरेसी क्लब सदस्यों द्वारा लगाई जा रही प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और बच्चों द्वारा पोस्टर और पेंटिंग के माध्यम से संविधान दिवस पर दिए गए संदेशों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजन में प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत कौर, आशा वर्मा, सोनिया वमल और प्रियंका रानी का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि पोस्टर और प्रदर्शनी द्वारा बालिकाओं ने संविधान में देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के निहित अधिकारों का वर्णन किया। प्राचार्य मनचंदा और डलसा सदस्यों ने प्रश्नोत्तरी, पोस्टर और पेंटिंग में क्रमशः प्रियंका, सोनम, अमृता और खुशबू को प्रथम, तबिंदा, संजना व पूजा को द्वितीय तथा तनु, अंजली, नेहा और प्रीति को तृतीय स्थान पर घोषित किया। सभी विजेता बालिकाओं को डालसा के सौजन्य से प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।


# डीग के स्कूल से एक बार फिर कम्प्यूटर चोरी

## चोरी की शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

**फरीदाबाद।** बीती रात बल्लभगढ़ के डीग गांव में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने धावा बोल दिया। जिसमें से चोरों ने कम्प्यूटर चोरी कर लिया। हैरानी की बात यह है कि स्कूल में पहले भी कई बार चोरी हो चुकी है। इसका खुलासा हैडमास्टर और स्कूल के टीचरों के द्वारा सदर थाना बल्लभगढ़ को दी अपनी शिकायत में किया है। जिसमें उन्होंने बताया कि इससे पहले एक जुलाई 2019 में और 24 मार्च 2021 को भी स्कूल में चोरी हो चुकी है।

### ये है मामला

**रविकांत** गुप्ता ने बताया कि वह डीग गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में हैडमास्टर की पोस्ट पर तैनात है। दलके यहां करीब 225 बच्चे पढ़ते हैं। यह स्कूल पहली से आठवीं कक्षा तक है। उन्होंने बताया कि उनके



विद्यालय के हेडमास्टर का कक्ष, जहां से चोरी हुआ कम्प्यूटर।

कमरे में कम्प्यूटर लगा हुआ है, जोकि चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को अन्य दिनों की तरह सफाई कर्मचारी मुनेश सुबह आठ बजे विद्यालय पहुंच गया। जहां उसने दखा कि सभी कार्यालयों का ताला टुटा हुआ था और एक कक्ष का ताला और कुंडी काटी हुई थी। जिस पर उसने स्टाफ और मुझे सूचित किया, प्राईमरी की इंचार्ज निशा रानी के कमरे की अलमारी खुली हुई मिली। जांच करने पर पता चला कि कम्प्यूटर और सभी तालों की चाबियां गायब हैं।

## पुलिस पर हमले का आरोपी खनन माफिया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** माइनिंग माफिया द्वारा पुलिस पर हमला करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ऊंचागांव की पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने आरोपियों के नाम उदयवीर उर्फ हुड्डी और चन्नी बताए। दोनों आरोपी गौतमबुद्धनगर, उत्तरप्रदेश में इकोटेक थानाक्षेत्र के रहनेवाले हैं। नवम्बर 2019 में तिगांव थाना की पुलिस मंझावली में गश्त लगा रही थी। तभी पेट्रोलिंग टीम को सूचना मिली कि आधे दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में जमुना रेती चोरी करने वाले रेती भर रहे हैं। पुलिस को देखते ही सभी आरोपी ट्रॉली छोड़ अपना ट्रैक्टर लेकर भाग गये। पुलिस ने रेती व ट्रॉली को जब्त करते हुए थाना लाने की तैयारी शुरू की। तब उत्तरप्रदेश में स्थित पास के गांव से दर्जन भर से ज्यादा लोगों ने पुलिस पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में नामजद लोगों के अलावा पुलिस को अन्य हमलावरों की भी तलाश थी।

# महिला सशक्तीकरण में 5वां मार्था फैरेल अवॉर्ड

## मार्था फैरेल फाउंडेशन पीआरआईए और आरडीटी ने नई दिल्ली में विजेताओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मार्था** फैरेल फाउंडेशन, पार्टिसिपेटरी रिसर्च इन एशिया (पीआरआईए) और रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट (आरडीटी) ने शनिवार को नई दिल्ली के इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में 5वें मार्था फैरेल अवार्ड के विजेताओं को सम्मानित किया। पिछले पांच साल से महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता की दिशा में कार्यरत व्यक्तियों व संस्थानों को इस पुरस्कार के तहत सम्मानित किया जा रहा है। इसके तहत मुख्य श्रेणी के विजेताओं को 1.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाती है। फैजल अल्काजी की तरफ से स्पेशल ज्यूरी अवार्ड के तहत विजेता को एक लाख रुपये की राशि दी जाती है।

पुरस्कार के लिए छह सदस्यीय ज्यूरी ने 120 नामांकनों में से विजेताओं का चयन किया। ज्यूरी सदस्यों में फैजल अल्काजी (थिएटर डायरेक्टर एवं फिल्म निर्माता), प्रतिष्ठित पत्रकार



5वें मार्था फैरेल अवार्ड के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

नमिता भंडारे, पीआरआईए के संस्थापक एवं एमएफएफ के चेयरपर्सन डॉ. राजेश टंडन, गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन की सीईओ दीप्ति बोपैया, आरडीटी के प्रोग्राम डायरेक्टर मोंचो फेरर और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज की महासचिव पंकज मित्तल शामिल रहे। व्यक्तिगत रूप से उल्लेखनीय कार्य के लिए विजेता के तौर पर दीपा पवार को चुना गया। वह मुंबई में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

उन्होंने 2016 में अनुभूति चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना की थी। वह घुमंतू जनजातियों, एसटी एवं एससी समुदाय के लोगों व युवाओं के बीच महिला सशक्तीकरण से जुड़े पहलुओं पर काम कर करती हैं। एक संस्थान के तौर पर लैंगिक समानता के मामले में श्रेष्ठ कार्य के लिए शाहीन वीमेंस रिसोर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन को चुना गया। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता, लैंगिक संवेदनशीलता एवं बाल अधिकारों समेत विभिन्न क्षेत्रों में यह संस्थान समर्पित रूप से काम कर रहा है। व्यक्तिगत रूप से स्पेशल ज्यूरी अवार्ड के लिए राजस्थान की दलित महिला नेता सुमन देवतिया को चुना गया। वह पिछले 15 साल से दलित महिलाओं के हित में काम कर रही हैं। मार्था फैरेल फाउंडेशन की डायरेक्टर नंदिता भट्ट ने कहा, 'महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय प्रयास देखने को मिल रहे हैं। रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट के प्रोग्राम डायरेक्टर मोंचो फेरर ने कहा, 'आज जलवायु परिवर्तन की ही तरह महिला अधिकार एवं सशक्तीकरण के लिए लैंगिक असमानता से लड़ना भी बड़ी चुनौती है।

# मोटापे के कारण मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना संक्रमण की रफ्तार भले ही धीमी हो गई हो, लेकिन कोरोना महामारी ने लोगों के जनजीवन पर व्यापक असर डाला है। लोगों की जीवनशैली में दीर्घकालीन बदलाव देखने को मिल रहा है।

यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय का। उन्होंने वर्ल्ड एंटी ओबेसिटी डे पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोरोना महामारी से लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। खासकर पुरानी बीमारियों जिनमें मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय संबंधी बीमारियों शामिल हैं। ऐसे लोगों पर ज्यादा असर देखने को मिला है। वहीं, लॉकडाउन के दौरान लंबे समय तक घरों में बंद रहने और



वर्ल्ड एंटी ओबेसिटी डे पर लोगों को जागरूक करते डॉ. प्रबल रॉय।

वर्कआउट न करने के चलते मोटापा के मरीजों की संख्या में बड़ी तेजी से वृद्धि हुई है। इससे मधुमेह के मरीजों में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि इसकी पुष्टि हाल ही में हुई एक रिसर्च में हुई है। आसान शब्दों में कहें तो महामारी के दौरान जिन लोगों का वजन बढ़ा है। उनमें अधिकांश लोगों को डायबिटीज भी हुई है। ने कहा कि वजन बढ़ने का मतलब डायबिटीज का खतरा बढ़ना भी है, जो कई अन्य बीमारियों-कैंसर, स्ट्रोक, अंधापन, हार्ट अटैक से जुड़ा है।

डॉ. प्रबल रॉय ने बताया कि मोटापे के शिकार 70-80 प्रतिशत लोग फैटी लिवर के शिकार हैं और 5 प्रतिशत लोगों में लिवर से संबंधित गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है जिनका वजन या तो सामान्य से अधिक है या फिर वो मोटापे के शिकार हैं। डॉ. रॉय ने कहा कि लगभग 20 प्रतिशत बच्चों का वजन सामान्य से अधिक है और 5 प्रतिशत मोटे हैं। इसी तरह से बड़े शहरों में 30-40 प्रतिशत व्यस्क लोग या तो मोटापे की शिकार है या उनका वजन सामान्य से अधिक है। मोटापा आज विश्व में तेजी से फैलती बीमारी है। उम्रदराज लोग ही नहीं युवा और बच्चे भी बड़ी संख्या में इसके शिकार हो रहे हैं। इसलिए लोगों में मोटापे से बचाव और शुगर के खतरे को कम करने के प्रति जागरूक करना जरूरी है।

# एनसीसी दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और संघर्ष ट्रस्ट इंडिया के खेल निदेशक सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर पलवल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

विद्यालय की एनसीसी विंग की आफिसर लेफ्टिनेन्ट मोनिका देशवाल ने बताया कि एनसीसी दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर पलवल में लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक और चंद देशवाल (समाजसेवी) के सौजन्य से विद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ एनसीसी यूनिट के कमांडिंग आफिसर कर्नल राम अवतार यादव और प्रधानाचार्य वीना नागर पोसवाल के द्वारा रक्तदान करके किया गया।



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते मुख्य अतिथि।

कार्यक्रम में कमांडिंग आफिसर के द्वारा सभी एन सी सी कैडेट को सम्बोधित किया गया। मोनिका देशवाल ने बताया कि विद्यालय के स्कूल स्टाफ में हिमांशु, रूपेंदर, सरिता शर्मा, विजय लक्ष्मी, हरीश, रोबिन, सुदेश, चंद्रवीर और महेंदर ने भी इस रक्तदान में शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस सफल रक्तदान शिविर के लिए कर्नल राम अवतार यादव ने प्रधानाचार्य और एनसीसी आफिसर को बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा दी।


# रबर की कमी से टायर उद्योग के समक्ष संकट

## उद्योग ने आयात पर लगी पाबंदियां हटाने और ड्यूटी फ्री आयात की अनुमति की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्राकृतिक** रबर (एनआर) की उपलब्धता में कमी टायर निर्माण इकाइयों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। ऐसे समय में यह और भी चिंताजनक है, जब टायरों की मांग चरम पर है। ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटमा) ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री को लिखे एक पत्र में यह बात कही है।

एटमा ने कहा, चरम उत्पादन के सीजन में प्राकृतिक रबर की कमी अभूतपूर्व है और यह टायर इंडस्ट्री वैल्यू चेन के लिए अच्छा संकेत नहीं है। अक्टूबर और नवंबर में प्राकृतिक रबर का औसत घरेलू उत्पादन 75 हजार टन के आसपास रहता है,



लेकिन इस साल यह 45 से 50 हजार टन से ज्यादा जाने की उम्मीद नहीं है। दूसरी ओर, इसकी खपत इन दो महीनों में 1 लाख टन प्रतिमाह से कुछ अधिक रहने की उम्मीद है। इन दो महीनों में प्राकृतिक रबर की उपलब्धता में एक लाख टन की कमी होगी, जो चिंता का विषय है। देश में उत्पादित कुल प्राकृतिक रबर का लगभग 75 फीसदी टायर उद्योग खपत करता है।

भारतीय रबर बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, प्राकृतिक रबर में मांग व आपूर्ति का अंतर बढ़ रहा है, क्योंकि खपत में बढ़ोतरी इसके उत्पादन से कहीं अधिक है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए घरेलू स्तर पर प्राकृतिक रबर की कमी का अनुमान पहले 3.4 लाख टन था, जो अब 4.4 लाख टन (घरेलू उत्पादन का 55 फीसदी) रहने का अनुमान है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि टायर का उत्पादन और निर्यात निर्बाध रूप से होता रहे, देश में मांग व आपूर्ति के अनुमानित अंतर यानी 4.4 लाख टन की सीमा तक प्राकृतिक रबर के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देनी चाहिए।

इसके अलावा, प्राकृतिक रबर के आयात पर लगे अन्य प्रतिबंधों को हटाने की जरूरत है, क्योंकि मांग व आपूर्ति के अंतर को पूरा करने के लिए आयात अनिवार्य व अहम है। प्रतिबंधों के कारण केवल लागत बढ़ रही है और उद्योग की प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो रही है।

यह चिंता जताई जाती है कि प्राकृतिक रबर के आयात से घरेलू उत्पादकों के हित प्रभावित होते हैं। ज्यादा आयात होने से घरेलू कीमतें गिरती हैं। इस संबंध में एटमा ने कहा कि रबर बोर्ड के आंकड़े दिखाते हैं कि टायर उद्योग ने केवल घरेलू स्तर पर कमी को पूरा करने के लिए ही आयात किया है। आयातित मात्रा अनुमानित कमी के अनुरूप ही रहती है। जब और जैसे घरेलू आपूर्ति बढ़ती है, आयात कम हो जाता है।

# साहित्य समाज को प्रभावित करने का सशक्त माध्यम : बंडारू दत्तात्रेय

## समाज की पीड़ा को महसूस कर लोगों के बीच लाने वाला सही मायने में साहित्यकार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मार्कण्डेय आहूजा और उनकी पत्नी अंजू आहूजा द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि साहित्य सशक्त माध्यम है जो समाज को प्रभावित करता है। समाज की समस्या व पीड़ा को दिल से महसूस कर लोगों के बीच लाने वाला ही सही मायने में साहित्यकार है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मार्कण्डेय आहूजा और उनकी पत्नी डॉ. अंजू आहूजा द्वारा लिखित पुस्तक-जीतेंगे कोरोना का रण का विमोचन करने के दौरान कही।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि कोरोना महामारी आज पूरी दुनिया के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। पूरा विश्व लगभग दो साल से इस महामारी की समस्या से जूझ रहा है। संकट की इस घड़ी में लोगों का मनोबल बढ़ाने की आवश्यकता है। डॉ. मार्कण्डेय आहूजा द्वारा तैयार की गई यह काव्य रचना लोगों का मनोबल बढ़ाने की दिशा में सार्थक प्रयास है। कोरोना महामारी के दौरान डॉक्टरों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवकों आदि के साथ साथ साहित्यकारों सहित कोरोना योद्धाओं ने लोगों को महामारी से उबारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में भी महामारी से उबरने में साहित्य के महत्व को बताया गया है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अर्थोरिटी गुरुग्राम के चेयरमैन डॉ. केके खंडेलवाल ने आहूजा दंपति द्वारा रचित पुस्तक की विवेचना की। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक से आहूजा दंपत्ति का मातृभूमि के प्रति प्रेम व राष्ट्रवाद झलकता है। डॉ. आहूजा गीता से जुड़े हुए हैं और इनकी हर रचना में यह परिलक्षित भी होता है। कोरोना काल में आहूजा दंपति ने निष्काम और समर्पण भाव से चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं दी। वे कर्मशील यायावर हैं। जो लोग कोरोना से लड़ाई हार गए उनके परिवारों पर उस समय जो बीती, उस करुणा और संवेदना का भी पुस्तक में बखूबी ढंग से वर्णन किया गया है।

डॉ. मार्कण्डेय आहूजा ने बताया कि कोरोना काल के दौरान जो एकाकीपन की भावनाएं थी, उसको इस पुस्तक के माध्यम से उन्होंने शब्दों में पिरोया है। उन्होंने कहा कि पुस्तक के अंत मे आशावाद के साथ भगवान से पुकार की गई है कि-हे भगवान इतना सब कुछ हो चुका है, अब आपके अवतार लेने में कितनी देरी है।

### संविधान पर अमल करना ही डॉ. अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि : राज्यपाल

**राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने लोगों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश का संविधान पवित्र ग्रंथ के समान है और इसका सभी को पालन करना चाहिए। यदि सभी संविधान का पालन करेंगे तो हमारा प्रजातंत्र आगे बढ़ेगा और हमारे देश की समस्याएं आसानी से हल होंगी। सभी नागरिक देश के संविधान को पढ़ें, इसकी रक्षा करें और अमल करें, यही बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राज्यपाल ने कहा हमारा संविधान बहुमूल्य है। डॉ. अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान सभा ने विश्व के देशों के संविधान का अध्ययन करने उपरांत हमारे देश का अच्छा संविधान तैयार किया।



गुरुग्राम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का स्वागत करते पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

# संविधान ने हम सबको दिए हैं बराबरी के अधिकार : नवीन

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का गुरुग्राम में किया स्वागत

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मार्कण्डेय आहूजा एवं उनकी पत्नी अंजू आहूजा द्वारा कोरोना महामारी पर लिखी गई पुस्तक जीतेंगे करोना से रण के विमोचन कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का स्वागत किया।

कार्यक्रम में कुलपति डा. मार्कण्डेय आहूजा, अंजू आहूजा, हरेरा के चेयरमैन केके खंडेलवाल, जिला उपायुक्त डा. यश गर्ग व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संविधान दिवस के अवसर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा बधाई दी गई। राज्यपाल का स्वागत करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि सामाजिक कार्यों में उनकी रुचि बहुत अधिक रहती है। प्रदेश की आम जनता से राज्यपाल महोदय का लगाव, जुड़ाव इस बात को दर्शाता है कि वे समाज के बीच में रहकर सामाजिक कार्यों को करीब से देखते हैं। उन पर स्वयं भी काम करते हैं। नवीन गोयल ने आहूजा दंपति को पुस्तक के रूप में महत्वपूर्ण दस्तावेज लिखने के लिए शुभकामनाएं भी दी और धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक और शिक्षाविद् के रूप में डा. मार्कण्डेय आहूजा ने समाज को बहुत कुछ दिया है। गुरुग्राम शहर में शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा अनुकरणीय कार्य किए जा रहे हैं।

राज्यपाल के समक्ष नवीन गोयल ने कहा कि संविधान में दिए गए अधिकारों को जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम भी शुरू की जाएगी। नवीन गोयल ने कहा कि संविधान में हर किसी को बराबरी का दर्जा दिया गया है। हर व्यक्ति को विशेष अधिकार दिए गए हैं। भारत का संविधान विश्व के किसी भी गणतांत्रिक देश का लिखित रूप में सबसे लंबा संविधान है।

# विकसित राष्ट्रों की तरक्की का आधार हैं उनके मजबूत शोध कार्य : डॉ. बृजपाल



गुरुग्राम विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. बृजपाल का स्वागत करते कुलपति डा. मार्कण्डेय आहूजा।

**गुरुग्राम।** भारत की मानव संसाधन क्षमता को पूर्ण रूप से समानता और समावेशिता के साथ उच्चतर शिक्षा क्षेत्र में लगाना चाहिए। आज विकसित राष्ट्रों के आर्थिक और तकनीकी विकास के पीछे उनके शोध का मजबूत आधार देखा जा सकता है। यह बात अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. बृजपाल ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कार्यशाला में बोलते हुए कही।

यह कार्यशाला अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण प्रकोष्ठ और गुरुग्राम विश्वविद्यालय की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेश के आठ जिलों से आए विभिन्न शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारियों के साथ शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यालय में डेटा प्रविष्टि की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला को दो सत्रों में विभाजित किया था, जिसमें प्रथम सत्र सर्वेक्षण, डेटा प्रविष्टि एवं द्वितीय सत्र सामान्य त्रुटियां एवं समाधान विषय पर केन्द्रित था। डॉ. बृजपाल ने कहा कि किसी भी सर्वेक्षण में आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। अगर टारगेट किए गए क्षेत्र के लिए डेटा उपलब्ध है और सर्वे के जवाब देने वालों का डेटा, हमारे जमीनी डेटा से बहुत अलग नहीं है, तो आप सर्वे के सही नतीजों पर पहुंच सकते हैं।

### उच्च शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ानी होगी : डॉ. आहूजा

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मार्कण्डेय आहूजा ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को चरित्रवान और विचारवान बनाने के साथ-साथ उसमें नैतिकता, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध कराती है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमने काफी प्रगति की है। लेकिन अगर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और उसकी व्यावहारिकता पर विचार किया जाए तो अभी काफी कुछ करना बाकी है। हमें उच्च शिक्षा की व्यवस्था में ऐसे बुनियादी बदलाव लाने की जरूरत है, जिससे शिक्षा का सही उपयोग देश के आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में प्रभावी ढंग से कर सकें। किसी भी विश्वविद्यालय के तीन आधार स्तंभ होते हैं-शिक्षक, शिक्षार्थी और पाठ्यक्रम। इन्ही पर संस्थान की सफलता और विफलता निर्भर करती है। प्रो. एमएस तुरान, प्रो.बदरुद्दीन, डॉ. अमन वशिष्ठ, डॉ. अशोक खन्ना, डॉ. राकेश कुमार योगी, डॉ. नवीन गोयल आदि मौजूद रहे।

# कार सवार चार लुटेरों ने दो युवकों से बाइक और मोबाइल लूटा

**सोहना।** दिन दहाड़े कार सवार चार बदमाश गांव सतलाका निवासी दो युवकों से मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन छीनकर ले गए। पुलिस ने बाइक मालिक की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

गांव सतलाका निवासी तालिम ने सोहना सदर थाना पुलिस को बताया कि गुरुवार को वह और उसका भाई अफनान सोहना से बाइक पर गांव जा रहे थे। जब वे दौला मार्ग से वापस घर जा रहे थे तो बीच रास्ते में बोम्बे हाइवे के निकट एक कार उनकी बाइक के सामने आकर रुकी। जिसमें से चार बदमाश नीचे उतरे। दो ने उसे थप्पड़ मारते हुए बाइक की चाबी छीन ली। उसके बाद दो बदमाशों ने उन्हें मारापीटा। दो बदमाश बाइक पर सवार होकर भाग गए। एक बदमाश ने उसका मोबाइल छीन लिया। उसके बाद वे दोनों बदमाश कार से फरार हो गए।

# संविधान दिवस पर उद्देशिका पढ़ी व पढ़ाया कानून का पाठ

## डीएलएसए कई स्थानों पर लगाए गए जागरुकता शिविर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



बच्चों को कानूनी जागरुकता शिविर में संविधान की शपथ दिलाती शिक्षिकाएं।

**आमजन** को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक करने के अभियान में शुक्रवार को संविधान दिवस के अवसर पर भी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) गुरुग्राम की तरफ से कई स्थानों पर जागरुकता शिविर लगाए गए।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसपी सिंह के मार्गदर्शन में जागरुकता शिविर आयोजित किए गए। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) ललित पटवर्धन ने अपने स्टाफ, पैनल अधिवक्ता, पारा लीगल वॉलंटियर्स, बाल देखभाल संस्थानों और जिला जेल में भारत के संविधान की उद्देशिका पढ़ी और उसका महत्व समझाया।

उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के नागरिकों के बीच संवैधानिक मूल्यों के महत्व को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है। 19 नवम्बर 2015 को इसे डा. बीआर अंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया था। यह दिन भारतीय संविधान के महत्व के बारे में जागरुकता पैदा करने और मुख्य योगदानकर्ता डा. बीआर अंबेडकर के लिए मनाया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से सभी सरकारी विद्यालयों में कानूनी साक्षरता क्लब्ज में विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन का आयोजन किया गया। साथ में सभी विद्यालयों में भारत के संविधान की उद्देशिका पढ़ी गयी। शिक्षकों ने बच्चों को आज के दिन के महत्व के बारे में भी बतलाया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गयी पेंटिंग्स की जिला न्यायालय परिसर में प्रदर्शनी लगाई गयी।

# 26/11 के शहीदों को देश करें नमन : राज कादयान

## गुरुग्राम में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राज कादयान ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन करने के बाद एनएसजी कमांडो सुनील को सम्मानित करते लेफ्टिनेंट जरनल ( सेवानिवृत्त ) राज कादयान।

**लेफ्टिनेंट** जरनल (सेवानिवृत्त) राज कादयान ने कहा कि पड़ोसी मुल्क द्वारा भेजे गए आठ आंतकवादियों का एक ग्रुप पानी के रास्ते मुंबई में आया और ताज होटल सहित मुंबई में कई जगह खून-खराबा किया। आज हम सब का कर्तव्य बनता है कि पूरा देश 26/11 के सभी शहीदों को श्रद्धांजलि और नमन करके उनके बलिदान को याद करे। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां पुलिस शहीद फाउंडेशन की ओर से 26/11 मुंबई हमले के शहीदों को नमन करते हुए कही।

राज कादयान ने कहा कि आतंकवाद के स्रोत को ही जड़ से खत्म कर देना चाहिए, ताकि आंतकवाद की पौध ही ना पनपे। उन्होंने कहा कि हमें शहीदों के परिवारों का सम्मान हर हाल में करना चाहिए, क्योंकि वीर शहीदों ने हमारे लिए ओर देश की रक्षा करते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से उपस्थित सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ दहिया ने कहा कि देश के वीर सैनिकों और शहीदो की बदौलत ही देश चारों ओर से सुरक्षित है। सेना के बिना हम देश की कल्पना भी नहीं कर सकते।

प्रदेश सरकार शहीदों के परिवारों के मान सम्मान का पूरा ध्यान रख रही है। कार्यक्रम के दौरान ही समाजसेवा में बेहतर योगदान देने पर डॉ. अशोक दिवाकर और सूबेदार बिजेंद्र ठाकरान को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपक मैनी, पीके गुप्ता, पवन जिंदल, विनय गुप्ता, श्रीपाल शर्मा, डॉ. एसपी अग्रवाल, रविंद्र जैन, अमन गुप्ता और डीपी गौड़ आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो वर्षीय बेटी संग महिला संदिग्ध हालात में लापता

**सोहना।** भोंडसी की वाटिका कुंज से दो वर्षीय बेटी समेत महिला संदिग्ध हालात में लापता हो गई। पीड़ित पति ने भोंडसी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। भोंडसी मारुति कुंज की वाटिका कुंज कॉलोनी की गली नंबर तीन में किराए के मकान में रहने वाला मध्यप्रदेश मूलनिवासी परमलाल ने भोंडसी थाना पुलिस के बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार को पाल रहा है। 18 नवंबर को उसकी पत्नी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वह अपनी दो वर्षीय बेटी को भी साथ ले गई। पुलिस ने परमलाल की शिकायत पर महिला के लापता होने का मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है।

### परिवार उत्थान मेले की तैयारी में जुटा परिषद प्रशासन

**सोहना।** शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम में 3-4 दिसम्बर को लगने वाले मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेले की तैयारियों को लेकर कवायद शुरू कर दी है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी समेत सचिव सुमित शर्मा, एमई राजपाल, जेई ने शुक्रवार को मेले की तैयारियों को लेकर मौका मुआयना किया। यह मेला दो दिन तक चलेगा। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर करीब 250 परिवारों को रोजगार और कारोबार उपलब्ध कराने के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मेले में जिला उपायुक्त यश गर्ग और अतिरिक्त उपायुक्त विक्रम मीना मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बेरोजगारों को ऋण देने वाली बैंक शाखाओं से आने वाली टीमें मौजूद रहेंगी। मेले के लिए, करीब एक एकड़ जमीन में टेंट लगाया जाएगा। जिसमें 10 से 15 स्टाल के साथ अधिकारियों के बैठने की सुविधा होगी। परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतरसिंह ने बताया कि चुने गए 250 परिवारों को मेले की जानकारी फोन के माध्यम से दी जा रही है।

### अरावली से शहर में आने वाले पानी को रोकेगा वन विभाग

**सोहना।** बारिश के मौसम में अरावली पहाड़ी से आने वाले पानी से होने वाली समस्या के समाधान पर दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वन विभाग शहरी क्षेत्र में अरावली पहाड़ी से आने वाले पानी को रोकने के लिए चैकडैम बनाएगा। जिसके लिए वन विभाग द्वारा जल्द ही सर्वे कार्य शुरू किया जाएगा। सोहना शहर से लगती अरावली पहाड़ी से बारिश के मौसम में हर वर्ष स्थानीय नागरिकों को लाखों रुपये का नुकसान होता रहा है। शहर में बने बरसाती नाले में अरावली पहाड़ी से आने वाला पानी की सही निकासी न होना का खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। करीब छह माह पहले नगर परिषद ने शहर से बरसाती पानी की निकासी के लिए योजना बनाई गई थी, लेकिन योजना सिरे नहीं चढ़ सकी। क्योंकि जिस स्थान पर नगर परिषद अरावली पहाड़ी से आने वाले बारिश के पानी को रोकना चाह रही थी, वह क्षेत्र वन विभाग के अधीन आता है। जिसकी अनुमति के बिना परिषद अपनी योजना को अमलीजामा नहीं पहना सकी। इसलिए, 23 अक्टूबर को सोहना विधायक संजय सिंह ने सरमथला में हुई विकास रैली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष प्रस्ताव रखा था। जिस पर मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव को मंजूर करते हुए दो करोड़ रुपये की राशि की भी घोषणा कर दी थी। अरावली पहाड़ी से आने वाले बरसाती पानी से शहर के वार्ड नंबर 15,16, 17, 18 और 19 प्रभावित होते हैं। अरावली पहाड़ी से आने वाला पानी लोगों के घरों, दुकान और गोदामों में जमा होने से उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हर वर्ष हो रहा है। वन विभाग के रेंज अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि दिसम्बर माह के पहले सप्ताह से अरावली पहाड़ी की तलहटी के साथ-साथ चैकडैम बनाएं जाने के लिए सर्वे शुरू किया जाएगा। पहाड़ी से आने वाले पानी की क्षमता के अनुसार चैकडैम बनाए जाएंगे।

### नगर परिषद ने बेसहराओं के लिए बनाया रैन बसेरा



**सोहना।** नगर परिषद ने 20 बेड के रैन बसेरे की शुरुआत की है। आवश्यकता पड़ने पर बेड़ों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाएगी। नगर परिषद ने सर्दी के मौसम की शुरुआत होने के साथ ही रात के समय बेसहारा लोगों को लिए आश्रय देने के लिए रैन बसेरे की स्थापना की है। रैन बसेरा शहर के बीचों-बीच सिटी पुलिस चौकी के सामने बनाया गया है। ताकि सर्दी के मौसम में बेसहारा या यात्री रात के समय में चेन से रह सकें। रैन बसेरा में शुरुआत में 20 बेड की सुविधा उपलब्ध कराई है। जिसमें महिला और पुरुषों के लिए एक ही परिसर में अलग-अलग सुविधा दी गई है। रैन बसेरा में नगर परिषद के तीन कर्मचारियों को 24 घंटे के लिए तैनात किया है। ये कर्मचारी शहर में रात के समय में भटकने वाले यात्री या बेसहारा को रैन बसेरा में सहारा देने के लिए लेकर आएंगे। नगर परिषद के सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि रैन बसेरे की स्थापना 18 नवंबर को की गई थी। बीते सात दिन में मात्र पांच लोगों ने अभी तक इसका सहारा लिया है। रैन बसेरा में फ्री सेवा उपलब्ध की गई है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह खनगवाल ने बताया कि रैन बसेरा की सुविधा की जानकारी के लिए शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर होल्डिंग लगाए गए हैं। इसके अलावा सामान्य बस स्टैंड, नागरिक अस्पताल, अनाज मंडी, अंबेडकर बाईपास चौक, सिटी थाना सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बैनर लगाए गए हैं।

### सरकार व फ्लिपकार्ट कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** फ्लिपकार्ट कपंनी को दी गई जिले के गांव पातली-हाजीपुर गांव की जमीन का आवंटन रद्द करने की मांगों को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने शहर में प्रदर्शन किया। इस दौरान यहां धरने पर बैठे लोगों ने भी उनका समर्थन करते हुए प्रदर्शन में शामिल होकर सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने की आवाज उठाई गई। यहां किसानों के धरने पर पहुंचे निर्दलीय विधायक सोमवीर सांगवान ने कहा कि वह पातली में हुए अमेरिकी कंपनी फ्लिपकार्ट जमीन आवंटन घोटाले के मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे। ग्रामीणों के मुताबिक यह जमीन छोटे किसानों की ही थी, जिनके साथ सरकार ने धोखा दिया है। इस अवसर पर धर्मपाल सरपंच, चांद किशोर प्रजापत, मातादीन, सुन्ने धनखड़, दया, मुकेश, पंडित परसराम, बंसी पहलवान, ईश्वर पहलवान, किरतेश धनखड़, सुरेश फौजी आदि ने बताया कि पातली-हाजीपुर गांव की जमीन का वर्ष 2013 में अधिग्रहण किया गया था। सर्कल रेट के हिसाब से सरकार ने 55 लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा दिया था।

# एमजी मोटर और टाटा पावर ने देहरादून में पहला 50 किलोवॉट ईवी चार्जिंग पॉइन्ट्स स्थापित किया

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून



**इलेक्ट्रिक** वाहनों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए एमजी मोटर और टाटा पावर ने देहरादून, उत्तराखण्ड में 50 किलोवॉट सुपरपॉस्ट पब्लिक ईवी चार्जिंग पॉइन्ट्स की स्थापना की है। 25 नवम्बर को डीलर प्रिंसिपल रजित गर्ग की मौजूदगी में एमजी डीलरशिप में ईवी चार्जिंग पॉइन्ट्स का उद्घाटन किया गया। मनोज कुमार, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण के इंचार्ज, उत्तराखण्ड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेन्सी उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि थे।

25 किलोवॉट, 30 किलोवॉट, 50 किलोवॉट और 60 किलोवॉट के डीसी सुपरफास्ट चार्जिंग स्टेशनों के साथ राष्ट्रीय चार्जिंग प्रणाली को सशक्त बनाने के एमजी मोटर के मिशन के तहत यह कदम बढ़ाया गया है। अब तक यह कार निर्माता देश के 41 शहरों में 44 सुपरफास्ट चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना कर चुका है, जो एक ऑटो ओईएम के द्वारा सबसे बड़ा आंकड़ा है। देहरादून का यह चार्जिंग स्टेशन उन सभी ई-वाहनों के लिए आसान- निःशुल्क चार्जिंग उपलब्ध कराएगा, जो सीसीएस फास्ट-चार्जिंग मानकों के अनुकूल हैं। भारत के पहले प्योर इलेक्ट्रिक एसयूवी-एमजी जैडएस ईवी-को सुपरफास्ट चार्जिंग स्टेशन के साथ 40 मिनट के अंदर 0 से 80 फीसदी तक चार्ज किया जा सकता है।

अपने सीएएसई (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक) सिस्टम के मद्देनजर, एमजी मोटर ने अपने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को देहरादून तक बढ़ाया है। उत्तराखण्ड के इस शहर को सशक्त ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कद के लिए जाना जाता है। ईवी चार्जिंग के लिए व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर ध्यान केन्द्रित करते हुए टाटा पावर ने ईजैड चार्ज ब्रांड के तहत 180 शहरों में 1000 से अधिक ईवी चार्जिंग पॉइन्ट्स लगाए हैं, साथ ही इसका डिजिटल प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को आसान एवं बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों का यह नेटवर्क कार्यालयों, मॉल्स, होटलों, रीटेल आउटलेट्स एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद है, जहां टाटा पावर के उपभोक्ता ईवी चार्जिंग का आधुनिक और आसान अनुभव पा सकते हैं। साथ ही साथ स्वच्छ परिवहन में भी योगदान दे सकते हैं।

टाटा पावर का ईजैड चार्ज इकोसिस्टम पब्लिक चार्जर्स, कैप्टिव चार्जर्स, बसध् फ्लीट चार्जर्स और होम चार्जर्स की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला को कवर करता है। कंपनी ने ईवी चार्जिंग के उपभोक्ताओं के लिए सशक्त सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म भी विकसित किया है और अपने उपभोक्ताओं को चार्जिंग का आसान एवं सरल अनुभव प्रदान करने के लिए मोबाइल ऐप्लीकेशन (टाटा पावर ईजैड चार्ज) भी पेश किया है।

# एक तरफ पढ़ी हनुमान चालीसा तो दूसरी तरफ हुई नमाज

## गुरुद्वारे में भी नमाज के निर्णय के खिलाफ हुई सिख संगत

**गुरुग्राम।** खुले में नमाज के विरोध में शुक्रवार को सेक्टर-37 में एक तरफ तो हिंदू संगठनों ने हनुमान चालीसा पढ़ी। यानी एक तरफ तो नमाज हो रही थी, वहीं दूसरी तरफ हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा था। इस दौरान 26/11 के शहीदों को भी हवन करके नमन किया गया। नमाज के दौरान एक शख्स ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच जाकर जय श्रीराम के नारे तक लगाने शुरू कर दिए।

गुरुद्वारे में नमाज पढ़ाने को लेकर गुरुद्वारा कमेटी के खिलाफ सिख संगत के लोगों ने इस बात का विरोध किया है कि गुरुद्वारे में नमाज नहीं होनी चाहिए। सेक्टर-37 में मुस्लिम समुदाय के लोगों को जिला प्रशासन की तरफ से शहर में 20 अलग-अलग जगह नमाज अता करने की इजाजत दी हुई है, जिसमें सेक्टर-37 भी है। शुक्रवार को नमाज के दौरान हिंदू संगठन के लोगों ने सेक्टर-37 में पहुंचकर 26/11 हमले में शहीद हुए लोगों के लिए हवन किया। हनुमान चालीसा का पाठ किया और इस बात का विरोध भी जताया कि खुले में नमाज हिंदू संगठन नहीं होने देंगे। हिंदू संगठन के विरोध को देखते हुए मौके पर पुलिस की बड़ी संख्या में मौजूद की रही और मुस्लिम समुदाय के लोगों को पुलिस सुरक्षा में नमाज कराई गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों की तरफसे कहना है कि प्रशासन की तरफ से सेक्टर-37 जगह सुनिश्चित की गई है। इसहन, वहां नमाज कराई गई। काफी समय से इस जगह पर नमाज हो रही है। पुलिस की मौजूदगी के चलते किसी भी तरह की कोई घटना नहीं हुई। हिंदू संगठनों ने विरोध करते हुए नमाज खत्म होने के बाद दोनों ही पक्षों के लोग वहां से चले गए।

# प्रारंभिक निदान ओएबी के बेहतर प्रबंधन में मदद कर सकता है : डॉ. अमित देवरा, कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ओवर** एक्टिव ब्लैडर (ओएबी) एक ऐसी स्थिति है जो असुविधाजनक, शर्मनाक और संभावित रूप से दुर्बल करने वाली है। अच्छी खबर यह है कि यह एक ऐसी स्थिति है जिसे प्रबंधित किया जा सकता है।

यद्यपि इस स्थिति का इलाज किया जा सकता है लेकिन अधिकांश रोगी उपचार की तलाशते या डॉक्टरों से परामर्श नहीं करते हैं। ओएबी को एक सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है जो पेशाब करने के लिए अचानक और बिना रुके आवश्यकता का कारण बनता है। यदि अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो ओएबी दैनिक गतिविधियों जैसे काम, सामाजिक गतिविधियों, व्यायाम और नींद में हस्तक्षेप करके जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। ओएबी के लक्षणों की संख्या उम्र के साथ बढ़ जाती है। वृद्ध रोगियों में अपने चिकित्सक के साथ अपने ओएबी लक्षणों पर चर्चा करने की संभावना कम होती है और इलाज न किए जाने या कम इलाज की संभावना अधिक होती है। डॉ. अमित देवरा, कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट – (रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन), जेपी अस्पताल, नोएडा ने कहा 'पुरुषों और महिलाओं दोनों को ओएबी हो सकता है। यह हमारे देश में एक कम दर्ज की गई समस्या है। इसलिए, मामलों की सही संख्या ज्ञात नहीं है। हालांकि, प्रतिशत के संदर्भ में कुछ अध्ययनों में उल्लेख किया है कि लगभग 14 प्रतिशत पुरुष ओएबी से पीड़ित हैं जबकि लगभग 12 प्रतिशत महिलाओं में किसी न किसी प्रकार की मूत्र असंयम की समस्या है'।

डॉ. अमित देवरा ने कहा 'वृद्ध महिलाएं जो रजोनिवृत्ति से गुजर चुकी हैं और जिन पुरुषों को प्रोस्टेट की समस्या है, उनमें ओएबी होने की संभावना अधिक होती है। मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी (तंत्रिका तंत्र) को प्रभावित करने वाली बीमारियों जैसे स्ट्रोक और मल्टीपल स्केलेरोसिस वाले लोगों को भी ओएबी होता है। उम्र बढ़ना एक कारक है, लेकिन सभी लोगों को उम्र के साथ ओएबी नहीं मिलता है। इसलिए, इसे उम्र बढ़ने का सामान्य हिस्सा नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि शुरू में हल्के, लक्षण समय के साथ खराब हो जाते हैं और विशेष रूप से गंभीर निशाचर (जो बुरी तरह से नींद और शारीरिक और मानसिक कामकाज में बाधा डालते हैं) के रूप में परेशान करने वाले हो जाते हैं और पिड़ित व्यक्ति को शौचालय तक पहुंचने से पहले पेशाब करने और पेशाब के रिसाव को स्थगित करने या स्थगित करने में असमर्थता महसूस होती है।

ओएबी के प्रबंधन में एस्केलेटरी या स्टैपिंग अप द लैडर अपरोच शामिल है। मूल और महत्वपूर्ण कदम व्यवहार और जीवन शैली में परिवर्तन द्वारा स्व-प्रबंधन के इर्द-गिर्द घूमता है। अगले स्तर हैं – गोलियां या मौखिक दवाएं, बलैडर वाल में इंजेक्शन, मूत्राशय से संबंधित नसों की विद्युत उत्तेजना और अंत में, लेकिन बहुत कम ही, सर्जरी का उपाय शामिल है। ओएबी को प्रबंधित करने के लिए, पहला कदम जीवनशैली में बदलाव करना है। कभी-कभी इन परिवर्तनों को बेहेवीयरल थिरेपी कहा जाता है।

# विधायकों के सवालों ने सर्दी में बढ़ाई राजनीतिक गर्मी

## सीएम खट्टर के मेवात आगमन से पहले आफताब और मामन ने पूछे तीखे सवाल

### मुख्यमंत्री को मेवात में विकास की परियोजनाओं को रोकने के लिए जिम्मेदार ठहराया

**रिजवान कासिम।** मेवात



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर की मेवात आगमन की पूर्व संध्या पर सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने अपने साथी विधायक चौधरी इंजीनियर मामन खान के साथ मिलकर प्रेसवार्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री से कई सवाल दागे हैं, जिससे मेवात में सर्दी में राजनैतिक गर्मी बढ़ गई है। पूर्व विधायक चौधरी शहीदा खान, पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुबीन तेड मौजूद रहे।

सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने इंजीनियर मामन खान विधायक के साथ शुक्रवार को प्रेस वार्ता बुलाई जिसमें प्रदेश की बीजेपी जजपा सरकार के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को मेवात में विकास की परियोजनाओं को रोकने के लिए जिम्मेदार ठहराया। आफताब अहमद और मामन खान ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि गुड़गांव शहर में नमाज में लगातार खलल डालने वालों को खट्टर सरकार का मौन समर्थन क्यों मिल रहा है। कूर्थला की शहीद बेटी लेफ्टिनेंट किरण शेखावत के नाम पर सरकार ने कॉलेज बनाने की घोषणा की थी, लेकिन आज 7 साल बाद भी खट्टर सरकार ने एक ईंट भी उसमें क्यों नहीं लगाई, भाजपा ने कोटला झील का काम क्यों रोका, नगीना में मंजूरशुदा एमडीयू रीजनल सेंटर क्यों खट्टर सरकार ने रोका, कांग्रेस द्वारा दिया गया छपेरा ड्राइविंग ट्रेंनिंग स्कूल क्यों रोका, सालाहेडी केंद्रीय विद्यालय को क्यों रोका, मेवात कैडर में भर्ती रोककर निष्क्रिय क्यों किया गया। जबकि मेवात में सैंकड़ो स्कूलों में हजारों जगह ख़ली है। मेवात मॉडल स्कूलों को क्यों शिक्षा विभाग को सौंपा गया जबकि शिक्षा विभाग अपने स्कूल नहीं चला पा रहा।

आफताब अहमद ने कहा कि 7 सालों में मेवात को खट्टर सरकार ने सिर्फ बेरोजगारी और तकलीफ दी है। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि क्या मुख्यमंत्री ये बता सकते हैं उन्होंने कितनी कांग्रेस परियोजनाओं को लटकाया और कितनी कांग्रेस परियोजनाओं पर अपना नाम लिखा।

आफताब अहमद ने कहा कि शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज जो कांग्रेस सरकार की मेवात को ऐतिहासिक सौगात थी, उसे भाजपा ने जानबूझकर बीमार करने का काम क्यों किया है। दवाई, मशीन, डॉक्टर सब की कमी भाजपा ने साजिश के तहत की है। मेडीकल कॉलेज में डेंटल कॉलेज की परियोजना कांग्रेस की परियोजना थी, भाजपा सरकार ने अपने 7 साल के राज में दो ईंट उस कॉलेज में नहीं लगाईं हैं, आखिर क्यों। डेंटल सीटों को 100 से घटाकर 50 क्यों किया, मेडीकल कॉलेज में अभी तक स्थाई निदेशक क्यों है, मेवात फीडर कैनाल कांग्रेस की परियोजना है, जो 666 करोड़ की थी, केंद्र और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा सरकार ने परियोजना को रोकने का काम किया और पिछले चुनाव में सिर्फ घोषणा का झूठा ढोंग किया, अब 7 साल बाद भी काम क्यों नहीं किया। आईएमटी मेवात को विकसित करके वहां उद्योग धंधे क्यों नहीं लाए गए।

इंजीनियर मामन खान ने कहा कि गुड़गांव अलवर मार्ग को कांग्रेस ने 248ए राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिया। नूंह तक फोर लेन किया फिर बीजेपी सरकार ने आगे का काम क्यों रोका। उन्होंने हजारों मौतों के लिए खट्टर सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि मेवात में यूनिवर्सिटी होनी चाहिए जिसके लिए उन्होंने सदन में आवाज उठाई थी, बीजेपी क्यों देरी कर रही है। मामन खान ने नहरों व मेडीकल कॉलेज का मामला भी उठाया।दोनों विधायकों ने कहा कि मुख्यमंत्री मेवात के लिए महज घोषणा करते हैं लेकिन उन्हें अमली जामा नहीं पहनाते बल्कि पुरानी मंजूरशुदा कांग्रेस परियोजनाओं को लंबित करते हैं। मुख्यमंत्री जो घोषणा करें उसे पूरा करना चाहिए।



पूर्व विधायक नसीम अहमद एवं विकास रैली आयोजक का पगड़ी बांधकर स्वागत करते लोग।

# विकास रैली में सीएम स्थापित करेंगे विकास के नये आयाम

### पूर्व विधायक नसीम अहमद ने पिनगवां में दी रैली में बड़ी संख्या में आने की दावत

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**पूर्व** विधायक एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नसीम अहमद ने नूंह जिले के महू चोपड़ा पर होने जा रही विकास रैली को सफल बनाने के लिए दिन रात एक कर दिया है। पूर्व विधायक ने शुक्रवार को पिनगवां कस्बे में भाजपा के वरिष्ठ नेता हाजी अख्तर हुसैन के आवास पर पहुंचकर लोगों को रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने के लिए दावत दी।

पूर्व विधायक एवं विकास रैली आयोजक नसीम अहमद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस रैली मैं विकास का पिटारा खोलने जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी, रेल, ट्रामा सेंटर, होडल-नगीना मार्ग को चार मार्गीय बनाने, दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे के साथ उद्योग केंद्र स्थापित करने सहित बहुत सी मांगों को मुख्यमंत्री के सम्मुख रखा जाएगा। उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा भरोसा है कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल इन सभी मांगों पर हरी झंडी देंगे और मेवात में विकास का नया आयाम स्थापित करेंगे। भाजपा नेता नसीम अहमद ने कहा की मेवात जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 84 गांव से होकर गुजर रहा है। नूंह से अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग को चारमार्गीय बनाने का काम शुरू होने जा रहा है। इसके अलावा बहुत सी विकास की परियोजना भाजपा सरकार के कार्यकाल में मेवात जिले को मिली है। नसीम अहमद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इस रैली में अपार जनसमूह उमड़ने जा रहा है। यह रैली ऐतिहासिक होगी और इसमें हजारों करोड रुपए की परियोजनाएं मेवात के खाते में आ सकती हैं। जिले भर के लोगों द्वारा लंबा-चौड़ा मांग पत्र तैयार किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### तावडू थाने में संविधान दिवस पर पुलिस ने ली शपथ



शहर थाना परिसर में संविधान दिवस पर शपथ लेते पुलिस जवान।

**तावडू ।** शहर थाना पुलिस ने शुक्रवार को संविधान दिवस पर थाना परिसर में एक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी पुलिस जवानों को संविधान की शपथ दिलाई गई थाना प्रभारी चंद्रभान भारद्वाज ने थाने में कार्यरत सभी पुलिस जवानों व कर्मियों को संविधान की शपथ दिलवाने के बाद कहा कि संविधान के दायरे में रहकर हम सभी को काम करना है। भारत का संविधान ही हम लोगों के लिए सर्वोपरी है। थाना बताया कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ था और संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की 125वी जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर 2015 से संविधान दिवस सरकार ने मनाना शुरू किया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य संविधान तथा अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं का प्रसार करना है। इस मौके पर एसआई भरत सिंह तंवर, हेड कॉन्स्टेबल कृष्ण डागर, सत्य प्रकाश, अनिता, कांस्टेबल साधु राम, ज्योति आदि सहित गृह रक्षी मौजूद रहे। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने संविधान के प्रति निष्ठा रखने की शपथ ली।

### वैक्सीनेशन की रफ्तार: 40 जिलों की सूची से बाहर आया नूंह



**मेवात ।** हरियाणा के नूंह जिला सहित देश के जिन 40 कम वैक्सीनेशन की रफ्तार वाले जिलों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जताई थी। अब नूंह जिला उन जिलों की सूची से बाहर आ चुका है, जहां 52 प्रतिशत से अधिक लोगों को कोरोना की पहली डोज लग चुकी है। पहली रोज 526911 लोगों को लगाई गई है, दूसरी डोज 109553 लोगों को लगाई गई है। कुल डोज की अगर बात करें तो 636464 लोगों को अब तक कोरोना की डोज लग चुकी है। यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ सुरेंद्र यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। सिविल सर्जन मेवात ने कहा कि आने वाले तीन सप्ताह में अगर कोरोना वैक्सीनेशन की रफ्तार यही रही तो शत-प्रतिशत लोगों को कोरोना का टीका लग जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में 10 लाख के करीब पात्र लोग हैं, जिनमें से 6 लाख 36 हजार से अधिक लोगों को कोरोना का टीका लग चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि सप्ताह भर में तकरीबन एक लाख लोगों को अब कोरोना का टीका लग रहा है। सीएमओ ने कहा की इस्लामिक धर्म गुरुओं के अलावा पुजारियों से भी मस्जिद तथा मंदिर से कोरोना टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के लिए अपील करवाई जा रही है। इसके अलावा धर्मगुरु बढ़-चढ़कर कोरोना वैक्सीन की रफ्तार बढ़ाने में दिलचस्पी ले रहे हैं। यही वजह है कि मेवात जिले में तेजी से कोरोना टीकाकरण की रफ्तार बढ़ी है। डॉक्टर बसंत दुबे जिला नोडल अधिकारी ने भी पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अब बेहतर नतीजे सामने आ रहे हैं। पीएम मोदी के संवाद के बाद धर्म गुरुओं का सहयोग लेकर स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन ने जिले में कोरोना टीकाकरण की दर को बढ़ाया है, जो इलाके के लिए अच्छी खबर है उम्मीद है जल्द ही हर व्यक्ति को कोरोना का टिका लग जाएगा।

### 30 नवंबर तक होंगे आईटीआई में ऑन स्पॉट दाखिले

**नूंह।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मरोड़ा नूंह के नोडल अधिकारी कम प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि अब तक 5 चरणों में आईटीआई के दाखिले संपूर्ण हो चुके हैं। अब 28 नवंबर से 30 नवंबर तक आईटीआई में ऑन स्पॉट दाखिले किए जाएंगे। इन दाखिलों में किसी भी प्रकार का आरक्षण लागू नहीं होगा। महिला अभ्यार्थियों से 545 तथा पुरुष आवेदकों से 590 रुपये फीस ली जाएगी। यह फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन संस्थान लेवल पर भरी जाएगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि पांचवें चरण में 17 ट्रेड्स में 114 सीटों के लिए अभ्यार्थियों की लिस्ट जारी हुई। आईटीआई की तरफ से इन सभी अभ्यार्थियों को फोन के माध्यम से दाखिले से संबंधित सूचना जारी कर दी गई है। दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी 28 नवंबर से 30 नवंबर तक संबंधित संस्थान में 9 बजे से 11 बजे तक अपना रैंक कार्ड जमा करवा सकते हैं। उसके बाद रैंक कार्ड जमा नहीं किया जाएगा।

### एक जनवरी को बालिग होने वाले वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराएं

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में भागीदार बनते हुए नागरिक सशक्त मतदाता की भूमिका अदा करते हैं। ऐसे में मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने में 18 साल से अधिक आयु वर्ग के युवा निर्धारित फार्म भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करवाएं। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशानुसार एक जनवरी 2022 को आधार तिथि मानकर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान विगत एक नवंबर से शुरू किया जा चुका है। इस अभियान के अंतर्गत 30 नवंबर तक दावे व आपतियां प्राप्त की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जिला के सभी मतदान केंद्रों पर आगामी 27 व 28 नवंबर को मतदाताओं से दावे तथा आपतियां प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 2022 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि जिस भी युवा की आयु एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण हो जाती है। वह अपना वोट बनवाने के लिए फार्म नंबर 6 भरकर आवश्यक दस्तावेज लगाकर दे सकता है। जिनका वोट हटाया जाना है उसके लिए फार्म नंबर 7 भरकर देना होगा। इसके अलावा शुद्धि के लिए फार्म नंबर 8 भरकर अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास जमा करवा सकता है।

उन्होंने बताया कि किसी कारणवश पात्र पुरुष अथवा महिला पहले अपने वोट बनवाने से वंचित रह गए हैं वे भी फार्म नंबर-6 भरकर उसके साथ आवश्यक दस्तावेज लगाकर बीएलओ के पास जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता डब्लूडब्लूडब्लू. एनवीएसपी.इन पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके भी ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं।

# करोड़ों रुपये की विकास योजनाएं होंगी नूंह जिले को समर्पित

### जनता में मुख्यमंत्री के अभिनंदन को लेकर पूरा उत्साह

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को दोपहर 12 बजे फिरोजपुर झिरका हल्के के महू चोपडा में करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं को आमजन को समर्पित कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। शुक्रवार को डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीसी, एसपी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के महू आगमन के मद्देनजर की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला की जनता में मुख्यमंत्री के अभिनंदन को लेकर पूरा उत्साह है। मुख्यमंत्री महू चोपड़ा की विकास रैली में करोड़ों रुपये की 9 परियोजनाओं जिनमें 696.02 लाख रुपये की लागत से सरकारी कर्मचारियों के निवास, 202.52 लाख रुपये की लागत से इंडरी ब्लॉक आफिस भवन व 199.98 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित सामुदयिक केन्द्र नूंह का उद्घाटन तथा 206 लाख रुपये की लागत से फिरोजपुर-झिरका में सद्भाव मंडप का निर्माण, नूंह में सद्भाव मंडप का निर्माण 200.25 लाख रुपये, 646.75 लाख रुपये की लागत से बीसरु में आवासीय पीएचसी का निर्माण की शिला रखेंगे।

# फार्म हाउस से चोरी में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तावडू ।** उपमंडल के अंतर्गत गांव सुंध के एक फार्म हाउस में चोरी होने का मामला सामने आया है। फार्म हाउस मालिक की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकोहपुर गुरुग्राम निवासी मंगल सिंह ने बताया कि 24- 25 नवंबर की रात उनके फार्म हाउस से एक कटर मशीन, 20 फव्वारा सेट, चेंज ओवर, (बिजली उपकरण) खाद बीज, 15 लोहे सरिया सहित आदि उपकरण चोरी हो गए। जिनकी कीमत लगभग एक लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि फार्म हाउस रहने वाले सुपरवाइजर और कर्मचारियों ने उन्हें चोरी की घटना के बारे में सूचित किया। जिसके बाद वह मौके पर छानबीन करने पहुंचे।

# बकाया वसूली के लिए गए लाइनमैन के साथ हुई मारपीट

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** के गांव कलियाकी में डिफॉल्टिंग अमाउंट की उगाही के लिए गए कर्मचारी के साथ मारपीट करने व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा डिफॉल्टिंग अमाउंट की लिस्ट फाड़ने सहित 500 रुपये छीनने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर एसडीओ बिजली विभाग की और पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की कार्रवाई में जुटी है।

एसडीओ बिजली विभाग तावडू की और से सदर थाना तावडू में दी गई शिकायत में बताया गया है कि 26 नवंबर को बिजली कर्मचारी बकाया वसूली के लिए विभिन्न गांवों में गए थे, जब सहायक लाइनमैन मोहम्मद अब्बास व दीपक (अप्रेंटिस) गांव कलियाकी में उपभोक्ता मुफीद पुत्र इदरीश के घर पहुंचे, तो यहां पर उपभोक्ता का पिता इदरीश घर पर मिला। उसे कर्मचारियों ने बताया की मुफीद के पास बिजली विभाग का करीब 42834 रुपये बकाया चल रहा है। जिसका या तो जल्द भुगतान कर दें, अन्यथा मीटर कनेक्शन उखाड़ लिया जाएगा। आरोप है कि आरोपी इदरीश तैश ने लाइनमैन मोहम्मद अब्बास के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की।



सदर थाने में शिकायत देने के बाद बिजली कर्मचारी

# मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना में लगेंगे मेले : उपायुक्त

### एडीसी बोले, डीआरडीए हॉल में 30 से आरंभ होंगे अंत्योदय मेले

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार को मुहैया करवाने के लिए जिला के डीआरडीए हॉल में 30 नवंबर से अंत्योदय मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों के आयोजन को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारियां समय रहते पूरी करें। उन्होंने यह निर्देश शुक्रवार को जिला में अंत्योदय मेला आयोजन से जुड़े अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि अंत्योदय मेला में केवल पात्र लोगों को बुलाया जाए और वहीं उनके प्रार्थना पत्र लिए जाएं तथा प्रार्थना पत्र पर बैंक अधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान पहले चरण में लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें बैंक द्वारा अनुमति की कार्यवाही की जाएगी तथा मेला के दूसरे चरण में यह अनुमति पत्र प्रदान कर स्कीम का लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति का उत्थान है। डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने परिवार को इकाई माना है और सबसे गरीब परिवारों के उत्थान पर ध्यान केंद्रित किया है। ऐसे परिवारों के लिए विशेष रूप से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका ने बताया कि जिला में मेला के लिए आयोजन स्थान निर्धारित कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर तथा 1 व 2 दिसंबर को डीआरडीए हॉल नूंह एमसी व नूंह ब्लॉक के लिए 6 व 7 दिसंबर को इंडरी ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालय में, 9 व 10 दिसंबर को बीडीपीओ आफिस तावडू तथा 15 से 17 दिसंबर एसडीएम आफिस पुन्हाना , 22 व 23 दिसंबर को एसडीएम आफिस फिरोजपुर-झिरका, नगीना बीडीपीओ आफिस में 13 व 14 दिसंबर, 20 व 21 दिसंबर को बीडीपीओ आफिस पिनगवां को लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन मेलों में पर्याप्त मात्रा में स्टॉल लगाई जाएं और विभाग द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शन किया जाए ताकि लाभार्थी को उन योजनाओं की पूरी जानकारी मिल सके।

# पुलिस ने सट्टेबाजी में दो युवकों को किया गिरफ्तार

**तावडू।** शहर पुलिस ने सरेआम सट्टेबाजी कर रहे दो युवकों को दबोचा है। आरोपियों से 9140 नगद राशि भी बरामद हुई है। शहर थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी चंद्रभान भारद्वाज के मुताबिक बृहस्पतिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि मकसूद निवासी नाई नगला और बाबूलाल निवासी निवासी पटेल नगर तावडू, शहर में बावला चौक के नजदीक सब्जी मंडी में एक दुकान के सामने सरेआम ताश खेलकर सट्टेबाजी कर रहे हैं। यदि मौके पर दबिश दी जाए तो आरोपियों को काबू किया जा सकता है। दो युवकों को काबू कर लिया। जिनके हाथ में ताश के पत्ते, एक अखबार का कागज मिला वहीं पूछताछ में दोनों युवकों ने अपनी पहचान मकसूद निवासी नाइ नगला और बाबूलाल निवासी पटेल नगर तावडू बताई उनकी तलाशी लेने पर 9140 रुपए नक़द बरामद हुए।

# मकान मरम्मत के लिए बीपीएल परिवार पाएं 80 हजार रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**हरियाणा** अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा मकान मरम्मत के लिए डॉ बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 80 हजार करने के साथ ही यह मदद अब सभी बीपीएल परिवारों को प्रदान की जाएगी। अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है। बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। साथ ही प्रदेश सरकार ने योजना के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता की राशि में वृद्धि कर इसे 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार कर दिया है। उन्होंने बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी आप इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा आवेदनकर्ता का नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है। बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को बीपीएल परिवार होने का अपना जाति प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता का अपना घर होना चाहिए। घर कम से कम 10 साल पुराना होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल की रैली व्यवस्थाओं को दिया डीसी ने अंतिम रूप

### आज होने वाली रैली की मौके पर जाकर देखीं, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**सेनायत खां।** फिरोजपुर, झिरका

प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की नूंह जिले के महू चौपड़ा में शनिवार को होने वाली विकास रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जिला उपायुक्त शक्ति सिंह ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ दौरा किया। शक्ति सिंह ने मंच सहित चारों तरफ से रैली स्थल की सुरक्षा की दृष्टि से बारीकी से निरीक्षण कर उच्चाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला उपायुक्त शक्ति सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि रैली में आने वाली जनता को पीने के पानी बैठने की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के पुलिस को आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जिले की 9 परियोजनाओं पर 696.2 लाख रुपये की राशि खर्च करने की घोषणा की जाएगी। इन परियोजनाओं के शुरू होने से निश्चित ही जिले के विकास को पंख लगेंगे। शक्ति सिंह ने कहा प्रत्येक अधिकारी रैली में उपस्थित रहेगा। जिस भी विभाग के अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई। वह अपनी ड्यूटी पर तैनात रहें। कहीं कोई परेशानी है तो वह तुरंत उपायुक्त कार्यालय को रिपोर्ट करें।

विकास रैली के आयोजक एवं प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष नसीम अहमद ने भी महू चौपड़ा पर मुख्यमंत्री मनोहरलाल होने वाली रैली स्थल का दौरा किया। यह पहला मौका है कि मुख्यमंत्री की जिले के शहरों को छोड़ कर ग्रामीणांचल में रैली हो रही है। नसीम अहमद मुख्यमंत्री के रैली को सफल बनाने के लिए दिन रात गांवों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि इस रैली में मुख्यमंत्री नूंह जिले के विकास के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं की घोषणा करेंगे। नसीम अहमद ने कहा कि महू चौपड़ा पर होने वाली रैली भीड़ के मामले में पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी,लोगो मे मुख्यमंत्री की रैली को लेकर भारी उत्साह है। रैली स्थल पर जिला उपायुक्त के साथ जिले के सभी अधिकारी मौजूद रहे।



रैली स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते उपायुक्त शक्ति सिंह।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

मैं कृष्ण सुपुत्र वीरभान गांव उदेशीपुर का रहने वाला हूं मेरे पुत्र हार्दिक पंवार का नाम पासपोर्ट में हार्दिक लिखा गया है अब मैं अपना सरनेम हार्दिक पंवार करवाना चाहता हूं बाकी सभी डाक्यूमेंट्स में जैसे कि जन्म प्रमाण, पत्र ,कार्ड दसवीं की मार्कशीट सभी में हार्दिक पंवार है मैं आपसे निवेदन करता हूं कि पासपोर्ट में भी हार्दिक पंवार किया जाए धन्यवाद

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## राजनीति का अपराधीकरण

### कठोर नियंत्रण आवश्यक

**आपराधिक** रिकार्ड वाले उम्मीदवारों को चुनने वाली पार्टियों का पंजीकरण समाप्त करने की संभावना पर विचार होना चाहिए। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका इस बात पर सहमत हैं कि राजनीति के अपराधीकरण पर विराम लगना चाहिए। लेकिन वे अपराधीकरण समाप्त करने की श्रेणी पर असहमत हैं। न्यायपालिका ने विधायिका और कार्यपालिका से वर्तकान कानूनों में संशोधन का आह्वान किया है ताकि दोषसिद्ध लोगों के चुनाव लड़ने पर स्थाई रोक लगाई जा सके। कार्यपालिका यह कदम उठाने की इच्छुक नहीं है। इसके परिणामस्वरूप अपराधीकरण समाप्त करने की प्रक्रिया लोकतंत्र के स्तंभों के बीच असहमति की बंधक बन गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को एक बार फिर यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूछा कि क्या वह कानून में संशोधन की इच्छुक है। सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। यह मामला ऐसे समय उठा है जब उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं जहां वर्तमान व भूतपूर्व विधायकों के खिलाफसबसे ज्यादा संख्या में आपराधिक मामले लंबित हैं। ऐसे मामलों की 63 विशेष रूप से गठित अदालतों में सुनवाई हो रही है जिनमें से अनेक सालों से लंबित हैं। असोसियेशन फार डेमोक्रेटिक राइट्स के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर 363 सांसदों व विधायकों ने अपने खिलाफ लंबित आपराधिक मामले स्वीकारे हैं।



आरोपपत्र पेश हो चुके इन मामलों में पांच से लेकर सात साल तक सजा हो सकती है। अनेक सांसदों के खिलाफ 43 तक तथा 100 से अधिक विधायकों पर 315 मामले 10 साल या उससे अधिक समय से लंबित हैं। 170 से अधिक ऐसे मामले हैं जिनमें आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। अभी यह पता नहीं कि कितने वर्तमान सदस्यों ने अपने खिलाफ मामलों का खुलासा नहीं किया है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या राजनीति को अपराधीकरण से पूर्ण मुक्ति मिलेगी। वर्तमान समय में अपराध की दोषसिद्धि तथा अधिकतम दो साल कैद की सजा वाले विधायक अयोग्य हैं। सर्वोच्च न्यायालय के एक उल्लेखनीय निर्णय के अनुसार वे रिहा होने के 6 साल बाद तक चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। हजारों आपराधिक मामलों का सामना करने वाले सैकड़ों विधायकों में से केवल 11 को अब तक अयोग्य ठहराया जा सका है। यह किसी भी मानक से सजा की खराब दर है। इसका कारण यह है कि मामले खिंचते रहते हैं या आरोप है कि उनको लंबा खींचा जाता है ताकि आरोपी इनके लंबित रहते चुनाव लड़ सकें। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सवाल भी उठाया है कि क्या विधायी संस्था में किसी व्यक्ति को केवल उनके खिलाफ आपराधिक आरोप लगने पर प्रवेश से रोका जा सकता है, लेकिन पांच सदस्यों वाली एक पीठ ने कहा कि उनको इस चरण पर नहीं रोका जा सकता है। इसके बजाय उसने सरकार से ऐसा कानून लाने को कहा। लेकिन इन संस्तुतियों के खिलाफसरकार राजनीति का अपराधीकरण समाप्त करने के सिद्धान्त पर स्पष्ट जवाब देने से बच रही है। केवल एक समय तक अयोग्य ठहराने से राजनीति का अपराधीकरण समाप्त नहीं हो सकता है। गंभीर अपराधों में दोषसिद्ध होने पर यह अयोग्यता स्थाई होनी चाहिए। अपराधों के आरोपपत्र पेश हो जाने पर अदालतों को इन्हें एक निश्चित समय में निपटाना चाहिए ताकि आरोपियों को दोषसिद्ध होने पर स्वत: और स्थाई रूप से अयोग्य ठहराया जा सके। आपराधिक रिकार्ड वाले उम्मीदवार चुनने वाली राजनीतिक पार्टियों का पंजीकरण समाप्त करने पर भी विचार होना चाहिए। लेकिन क्या बिल्ली स्वयं अपने गले में घंटी बांध सकती है?

# हानिकारक हो सकता है अति राष्ट्रवाद

**मार्क्सवाद का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य पूंजीपतियों का एक शोषणकारी उपकरण है, जबकि इस्लाम का विश्वास है कि यह उनके विश्वास का अंत है।**



प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**हाल** में लोकप्रिय बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की गिरफ्तारी तथा कुछ सप्ताह जेल के सीखचों के पीछे रखे जाने के बाद कानून और राजनीति पर गरमागरम बहस शुरू हुई है। वाम-उदारवादियों ने आरोप लगाया कि इसका कारण उनका मुसलमान होना है, लेकिन वे भूल गए कि खान आधे हिंदू भी हैं। भारतीय गेंदबाज मुहम्मद शमी द्वारा हालिया टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तानी बल्लेबाजों को कथित रूप से कुछ रन देने पर यह विवाद और तेज व तीखा हो गया। मेरे विचार से यह निराधार आरोप है, जबकि मैं न उदारवादी हूं न वामपंथी। पाकिस्तानी गृह मंत्री शेख रशीद ने घोषणा कर दी कि 'भारतीय मुसलमान इसी भावना का साझा करते हैं।' इसका अर्थ है कि वे सभी मुसलमान पहले हैं तथा हिंदुस्तानी या पाकिस्तानी बाद में।

उत्तर प्रदेश के इटावा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पाकिस्तान के संस्थापक एम.ए. जिन्ना की तुलना नेहरू, सरदार पटेल व यहां तक कि गांधी से कर दी। अखिलेश ने कहा था, 'उन सबने स्वतंत्रता दिलाने में योगदान किया था।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस तुलना पर गंभीर प्रतिक्रिया की, लेकिन किसी मुसलमान ने अखिलेश की बात का खंडन नहीं किया है। मुस्लिम पहचान से जुड़ी ऐसी असंख्य घटनायें हैं। स्वर्गीय सैयद शहाबुद्दीन ने बार-बार अधिकांश मुद्दों पर मुस्लिम पहचान के महत्व की पैरवी की थी। वे 'मुस्लिम भारतीय' कहना पसंद करते थे और उन्होंने 'भारतीय मुसलमान' कहने से इनकार किया था। स्पष्ट रूप से इसका अर्थ व्यापक इस्लामवादी प्रतिबद्धता है जो राष्ट्रीय पहचान से आगे जाती है। हालिया टी 20 क्रिकेट मैच में पाकिस्तानी विजेताओं ने जोर दिया कि यह न केवल पाकिस्तान, बल्कि इस्लाम की विजय है। यह उदाहरण किसी प्रकार भी अकेला नहीं है। कुछ साल पहले जब वसीम अकरम पाकिस्तानी टीम के कैप्टेन थे और वह बांग्लादेश में मैच हार गई थी तब अकरम ने कहा था कि उनको पाकिस्तान द्वारा 'मुस्लिम भाई' के खिलाफ मैच हारने पर चिन्ता नहीं है। स्पष्ट है कि उनके विचार से उम्मा, यानी वैश्विक मुस्लिम पहचान किसी भी देश से ऊपर है। लेकिन यह इस्लामवादी अति-राष्ट्रवाद लोकप्रिय नहीं हुआ। इसी प्रकार 'यहूदी पहले तथा जर्मन, ब्रिटिश या फ्रेंच बाद में' की यहूदी भावना भी लोकप्रिय नहीं हुई थी। अति-राष्ट्रवाद का जन्म संभवत: एक यहूदी अवधारणा है। यहूदियों को मिस्त्रवासियों ने पकड़ कर उनसे पत्थर पर पत्थर रखने का बंधुआ मजदूर वाला काम लिया था। यह स्पष्ट था कि उनको रिहा करने का फिरौन का कभी इरादा नहीं था। यहूदी इस दयनीय स्थिति से बहुत परेशान थे तथा असहाय अनुभव कर रहे थे। इसके बाद उनके पैगंबर मूसा ने हर्कुलिस जैसे कठोर प्रयास से उनको मुक्त कराया और इस्त्राइल भेजा। ऐसे में वे केवल देवता की बात सोच सकते थे तथा कोई राज्य या देश उनके विचार में नहीं था। विडंबना है कि वे शताब्दियों तक अपने प्रयास में उस समय तक सफल नहीं

**नागरिक की अपने देश के प्रति प्रतिबद्धता पर सीमाओं से परे कोई प्रतिबद्धता हावी होती है जो किसी साम्राज्य, धर्म या इससे उच्चतर किसी चीज के प्रति हो सकती है। एक प्रकार से यह संप्रभुता पर आधिपत्य का हावी होना है।**

हुए, जब तक अंग्रेजों ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उनकी 1948 में सहायता नहीं की। अति-राष्ट्रवाद को अक्सर परा-राष्ट्रवाद के रूप में परिभाषित किया जाता है। यहां इसका अर्थ होता है कि नागरिक की अपने देश के प्रति प्रतिबद्धता पर सीमाओं से परे कोई प्रतिबद्धता हावी होती है जो किसी साम्राज्य, धर्म या इससे उच्चतर किसी चीज के प्रति हो सकती है। एक प्रकार से यह संप्रभुता पर आधिपत्य का हावी होना है। एक यहूदी की सर्वोच्च प्रतिबद्धता किसी एक देश के प्रति न होकर यहूदीवाद के प्रति होती है। यहां तक कि 1948 में इस्त्राइल नामक देश बनाने के बाद भी यहूदी के लिए जेहोवा के प्रति प्रतिबद्धता इससे अधिक है। यहूदियों के लिए एक अलग देश स्थापित करने वाले आंदोलन की प्रमुख शक्ति तथा इस्त्राइल के पहले राष्ट्रपति चैम वीज़मान ने इस बिंदु की व्याख्या करते हुए कहा था, 'कोई ब्रिटिश या फ्रेंच यहूदी नहीं है, बल्कि ब्रिटेन और फ्रांस में यहूदी हैं।'

यह तथ्य उल्लेखनीय है कि यूरोप से वापस आ कर 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' लिखने वाले प्रख्यात कवि इकबाल परा-राष्ट्रवादी हो गए थे और वही बने रहे। इसके बावजूद वे जिन्ना की तरह संपूर्ण अलगाववादी नहीं थे। पूरी संभावना है कि बहुत से मुसलमान इसी प्रकार भ्रमित होकर अपनी भावनाओं के गुलाम बन गए हैं। अमीर परिवारों को छोड़ कर उनका कहीं स्वागत नहीं होता है। ऐसे में उनकी परा-राष्ट्रवादी भावनाओं को कहां जगह मिलेगी?

क्या उन्होंने इस बात पर विचार किया है कि यहूदियों के साथ जर्मनी तथा अन्य स्थानों पर कैसा व्यवहार हुआ? अब्राहम परिवार का चौथा बेटा मार्क्सवाद भी अपनी प्रकृति से परा-राष्ट्रवादी है। मार्क्सवादी अपनी प्रकृति व सोच से परा-राष्ट्रवादी होते हैं और उन्होंने अपने मूल देशों को नष्ट किया है। क्या इसका अर्थ है कि परा-राष्ट्रवादी मुसलमान भी अंतत: अपने देशों को नष्ट करने की ओर बढ़ रहे हैं? प्राकृतिक रूप से न चलने के कारण उनके देश गरीब होते जा रहे हैं। उनकी सोच स्वाभाविक रूप से उत्पादन या उत्पादक संस्कृति को बढ़ावा नहीं देती है। इसकी सर्वाधिक प्रभावी रूप से व्याख्या प्रोफेसर तिमूर कुरान ने की है। उन्होंने सिद्ध किया है कि इस्लामी कानूनों ने किस प्रकार मुस्लिम उम्मा को आर्थिक प्रगति करने से रोका है। इसके एकदम उलट परा-राष्ट्रवाद में विश्वास रखने वाले यहूदियों ने एक प्रकार की जादुई शक्ति प्रदर्शित की है। उनकी प्राथमिकता संपत्ति अर्जित करना है और वे इसमें सफल हुए हैं। लेकिन यहूदी यूरोप में अलोकप्रिय हैं क्योंकि उनको अपने देश के बजाय अपनी चिन्ता अधिक करने वाले माना जाता है।

मार्क्सवादी परा-राष्ट्रवादियों का अपने किस्म का एक और समुदाय है जो किसी ईश्वर या धर्म में विश्वास नहीं करते हैं। वास्तव में ईश्वर के अस्तित्व से इनकार करते हैं तथा धर्म को 'जनता की अफीम' बताते हैं। कम्युनिस्टों का उद्देश्य दुनिया के मजदूरों को एकजुट करना है। उनके दुश्मन अमीर थे या जिनको वे बुर्जुआ कहते थे जिनको उखाड़ फेंकना जरूरी है। मार्क्सवादियों का विश्वास है कि सत्ता औद्योगिक कामगारों या सर्वहारा को सौंपी जानी चाहिए। एक दुष्टतापूर्ण तरीके से मार्क्सवादी छोटे किसानों के भी दुश्मन बन गए और सामूहिकीकरण के माध्यम से उनके खेत छीन लिए गए।

अंतत: जैसा कि इतिहास ने सिद्ध किया है, मार्क्सवादियों ने पूरे-पूरे देशों को नष्ट कर दिया। परा-राष्ट्रवादी विचारधारा की खोज में लगे मार्क्सवादियों का यह विश्वास भी था कि अलग-अलग देशों का ज्यादा महत्व नहीं है। वास्तव में मार्क्सवाद का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य पूंजीपतियों का शोषणकारी उपकरण है। यह उसी तरह है जैसे इस्लामवादियों का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य उनके विश्वास की मौत है।

# उत्सर्जनों पर नियंत्रण हेतु गंभीर प्रयास जरूरी

संजीब पोहित
(लेखक एनसीएईआर नई दिल्ली में प्रोफेसर हैं)



**हाल** ही में ग्लासगो में एक और सीओपी बैठक आयोजित की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में कम महत्वपूर्ण बैठकों की तुलना में, इस वर्ष की बैठक उच्च नोट पर समाप्त हुई प्रतीत होती है। विकसित देशों ने कार्बन स्पेस में ऐतिहासिक उत्सर्जन के स्टॉक की कथा को विकसित देशों द्वारा वर्तमान उत्सर्जन के मुद्दे से जोड़ने में काफी सफलता हासिल की है। बुरे लोग निश्चित रूप से भारत और चीन जैसे उभरते हुए देश हैं।

पिछले कुछ वर्षों में इस ओर झुकाव धीरे-धीरे स्पष्ट हो गया था जब विकासशील देशों पर कार्बन उत्सर्जन के चरम वर्ष की पहचान करने के लिए विभिन्न मंचों पर दबाव बनाया जा रहा था। चीन सहित कई देशों ने इसका अनुसरण किया और अपने विकास पथ के अनुसार शिखर वर्ष की पहचान की। मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के लिए, भारत ने कभी भी आधिकारिक तौर पर एक चरम वर्ष की घोषणा नहीं की, भले ही उन्होंने 2070 को शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य वर्ष के रूप में घोषित करने से पहले आधिकारिक सर्कल में काम किया हो। भारत के प्रधान मंत्री द्वारा इस तरह की बैठक में एक साहसिक घोषणा एक मजबूत संदेश देती है।

जैसा कि मुझे याद है, पेरिस बैठक में प्रधान मंत्री का एक ऐसा ही संदेश भारत के ऊर्जा स्पेक्ट्रम में अक्षय ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का मार्ग प्रशस्त करता है। हालांकि इस बार टास्क ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। भारत को ज्यादातर अपने संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि विकसित देश भारत जैसे विकासशील देशों को संक्रमण के लिए धन आवंटित करने में बहुत आगे नहीं हैं। इसके अलावा, जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन अधिक स्पष्ट होते जाते हैं, वैसे-वैसे यह उम्मीद की जाती है कि भारत सहित सभी देशों पर शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य वर्ष को आगे बढ़ाने का दबाव होगा।

इस प्रकार, भारत को उत्सर्जन को कम करने के उपायों पर गंभीरता से होमवर्क करने की आवश्यकता है। साथ ही, भारत को दुनिया पर जोर देने की जरूरत है जहां उसका स्कोरकार्ड कई विकसित देशों की तुलना में बेहतर है जो अक्सर भारत को उत्सर्जन प्रवाह पर व्याख्यान देते हैं। कुल मिलाकर, भारत ने ज्यादातर समय पीछे हटने का तरीका अपनाया है।



उदाहरण के लिए, उत्सर्जन के दो बोर्ड स्त्रोत हैं- खपत प्रक्रिया के साथ-साथ उत्पादन प्रक्रिया। यह हमारे हित में है कि हम प्रत्येक घटक के साथ खड़े हों। खपत के मामले में, भारत के घरों में विकसित देशों के अमीर परिवारों की तुलना में बहुत कम उत्सर्जन होता है। यह भारत के अति-समृद्ध परिवारों बनाम विकसित देशों में समान के लिए भी सच है। यह विपरीत जीवन के कारण होता है। बीईईएस द्वारा ऐसे सामानों की स्टार रेटिंग प्रणाली की शुरुआत के कारण कई भारतीय उपभोक्ता बिजली के सामान ऊर्जा कुशल हैं, जिससे उत्सर्जन कम होता है। इसी तरह, संयुक्त राज्य अमेरिका के ईंधन की खपत करने वाले ऑटोमोबाइल की तुलना में अधिकांश भारतीय व्यक्तिगत ऑटोमोबाइल ईंधन-कुशल हैं, जिससे कम उत्सर्जन होता है। हालाँकि, भारतीय इन तथ्यों को सबूतों के साथ वैश्विक बैठक में इंगित करने के लिए तैयार नहीं हैं। काश, भारतीय शोधकर्ताओं ने वैश्विक उपभोग के लिए इस तरह के तथ्य-खोज अनुसंधान में निवेश नहीं किया होता।

उत्पादन प्रक्रिया पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि अधिकांश उत्सर्जन यहीं होता है। यहां भी, ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारतीय उद्योग विकसित लोगों के साथ तुलना करते हैं। हमें ऐसे मामलों का उद्देश्य विश्लेषण करने और दुनिया के सामने सबूत पेश करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया में, हम जानेंगे कि हमें कहाँ सुधारात्मक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। बेशक, इन पर गहन शोध की आवश्यकता है जहां सरकार और/या निजी क्षेत्र द्वारा धन का निवेश करने की आवश्यकता है।

पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय पर्यावरण मानकों में ढील के कारण विकसित देशों से ऊर्जा गहन क्षेत्रों में बहुत अधिक निवेश आया है। इस तरह के और निवेश आने वाले हैं क्योंकि अन्य देश अपनी अर्थव्यवस्था को शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की ओर बढ़ाने के लिए अपने पर्यावरण मानदंडों को मजबूत करते हैं। अब समय आ गया है कि भारत पर्यावरण के मानदंड के बारे में एक वस्तुनिष्ठ निर्णय ले कि इन प्रदूषणकारी उद्योगों का आधुनिकीकरण कैसे किया जा सकता है और क्या ऐसे उद्योगों की स्थापना पर निवेश नीति को संशोधित किया जाना चाहिए। हमारा प्रमुख व्यापारिक भागीदार, यूरोपीय संघ, विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन से उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन की मात्रा के आधार पर आयात पर कार्बन सीमा समायोजन कर लगाने पर चर्चा कर रहा है। भारत को ऊर्जा गहन उत्पादों पर एक सुविचारित नीति बनाने की आवश्यकता है।

भारत की कृषि पद्धतियों को आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है। उत्तर भारत के बेल्ट में मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी ने गहरे पानी में धान की खेती के तरीकों को प्रोत्साहित किया है जो अनजाने में उच्च उत्सर्जन की ओर जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र में देश के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है, इससे पहले बिजली (44 प्रतिशत) और विनिर्माण उद्योग और निर्माण क्षेत्र संयुक्त (18 प्रतिशत) हैं। इस प्रकार, यदि हमें शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना है तो कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### देश से पहले

**मुंबई** पर 26/11 पाक प्रायोजित आतंकी हमले को 13 साल पुरे हुए। इस हमले के सूत्र को लेकर खास कर मुंबई के नागरिकों में खासा गुस्सा है। यही स्थिति देश के नागरिकों के साथ है। देश की आर्थिक राजधानी पर हुए हमले को तत्कालीन केंद्र सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। अगर लिया होता तो पाकिस्तान को तब ही सबक मिल सकता था। भारत-पाक युद्ध छिड़ गया, तो पाकिस्तान परमाणु बम का इस्तेमाल करेगा। तत्कालीन सरकार के इस भय से उन्होंने पाकिस्तान पर आक्रमण नहीं किया। उस समय कई लोग आतंकी हमलों में मारे गए और इन्हे परमाणु बमों का प्रयोग होने की चिंता होना, क्रोधजनक है। असली वजह यह हो सकती है कि अगर पाकिस्तान पर भारत से हमला होता, तो यहा के अल्पसंख्यक समुदाय को कैसा लगेगा? अगर उन्हें दु:ख पहुचाने वाला काम किया तो हमें राजनीति से ही बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। पाकिस्तान से अधिक डर तो इसी विचार का होगा। दुश्मन पर हमले की तुलना में वोट बैंक को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटा देना होगा। अगर यहां एक भी नागरिक आतंकवादी हमले में मारा जाता है, तो पाकिस्तान को इसकी कीमत कैसे चुकानी पड़ सकती है?

– **जयेश राणे**, मुंबई

### सड़क दुर्घटनाएं

**सड़क** परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग देश के सड़क नेटवर्क का 2.13 प्रतिशत हिस्सा साझा करते हैं, लेकिन 2015 से 2019 तक की वार्षिक औसत सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में 29.6 प्रतिशत हिस्सा है। इसी प्रकार राज्य राजमार्ग और प्रमुख जिला सड़कें देश के सड़क-तंत्र का क्रमश तीन और तिरासी प्रतिशत हिस्सा साझा करते हैं, जबकि वार्षिक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का 43.4 और 27 प्रतिशत हिस्सा साझा करते हैं। ग्रामीण सड़क दुर्घटनाओं में मौतें शहरी सड़कों की तुलना में लगभग दोगुनी हैं। 2019 में लगभग सड़सठ फीसद सड़क दुर्घटनाएं और साठ फीसद मौतें ग्रामीण इलाकों में हुईं। यानी ये हादसे न केवल बड़ी तादाद में जनक्षति की वजह बनते हैं, बल्कि इनसे देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान होता है। कई परिवारों में कमाकर खाने वाले काल का ग्रास बन जाते हैं! और उन परिवारों के दुर्दिन शुरू हो जाते हैं सड़क दुर्घटनाओं के लिए एक तो भारतीय जनता की लापरवाही की मनोवृत्ति, दूसरे युवाओं का पायलट बन जाना ,तीसरे घटिया सड़कें और रोड के संकेत चिन्ह चिन्हों पर लोगों द्वारा चिपकाए गए पोस्टर प्रमुख कारण है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### अच्छा संकेत

**सवा** अरब आबादी वाले देश भारत मे लिंगानुपात की समस्या थी। लेकिन बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ जैसे अभियानों और सरकारी अस्पतालों में प्रसव की सुविधाये बढ़ाने से लिंगानुपात में सकारात्मक परिवर्तन हुए है।नेशनल फेमिली हेल्थ मिशन के सर्वे के अनुसार 1000पुरुषों पर महिलाओ की संख्या 1020 हो गई है। जबकि 2016-17 में यह अनुपात1000-991 था। आज सरकारी अस्पतालों में 88.5 प्रतिशतप्रसव करवाने लोग गए। लोग अस्पतालों में प्रसव को प्राथमिकता दे रहे है।लड़का-लडकी एक समान और छोटा परिवार के महत्व का असर भी दिखाई देने लगा है। प्रजनन डर में गिरावट आ रही है। जिससे जनसंख्या भी धीरे धीरे कम हो रही है।जो भारत देश के विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने का सुखद संकेत है।समाज मे लड़कियों का महत्व बढ़ रहा है। लोग लड़कियों का महत्व समझ रहे है। हर क्षेत्र में महिलाएं उन्नति कर रही है और पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर चल रही है। महिला सशक्तिकरण के लिये सरकार द्वारा किये गए प्रयासों का यह परिणाम है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मुझे** सीएम के रूप में चार महीने मिले हैं, लेकिन मैं चार साल का काम करूंगा। न मैं सोता हूं, न अधिकारियों को सोने देता हूं।

– **चरणजीत सिंह चन्नी**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**यदि** कोई सहयोगी दल सरकार छोड़ने का विकल्प चुनता है तो सत्तासीन गठबंधन सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।

– **मैगडालीना एंडरसन**
स्वीडन की प्रधानमंत्री



**'खेला होबे'** का आप कुछ भी मतलब समझें लेकिन यह उकसाने वाला नहीं हो सकता। हमारी जीत में इसका अहम योगदान रहा है।

– **संयोनी घोष**
तृणमूल नेता

# संविधान को रचने में बाबा साहेब अंबेडकर का बड़ा योगदान रहा

### बीजेपी एससी मोर्चा ने संविधान गौरव अभियान चलाया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**पंचायत** भवन में बीजेपी जिला एससी मोर्चा ने संविधान गौरव अभियान दिवस मनाया। यह अभियान 6 दिसंबर तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान सभी वक्ताओं ने कहा कि भारत के संविधान को रचने में बाबा साहेब का बड़ा योगदान रहा है। यह उन्हीं की देन है। वह न सिर्फ संविधान के रचयिता थे, बल्कि समय-समय पर उनके द्वारा लोक हित और समाज उत्थान के कई कार्य किए गए। बाबा साहेब एक सच्चे समाज सुधारक थे। सभी भारतीयों को इस पवित्र संविधान की पालना करनी चाहिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव कृष्ण बेदी, सांसद सुनीता दुग्गल व जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, डॉ पवन सैनी, विधायक सुभाष सुधा, रामपाल पाली, करन प्रताप सिंह, मेहर चंद गहलोत जिला प्रभारी, पृथ्वी सिंह, रोशन बेदी कृष्ण पांचाल मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी।

## भाजपा जिला कार्यालय में मनाया संविधान दिवस

**भिवानी।** भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष मनमोहन भुरटाना की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ व विधायक घनश्याम सर्राफ थे। मंच का संचालन एससी मोर्चा महामंत्री कपूर लडवाल व सतीश बड़सी ने किया।

पूर्व जिला अध्यक्ष नंदराम धानिया, महामंत्री हर्षवर्धन मान, आजाद वाल्मीकि, एससी मोर्चा उपाध्यक्ष एडवोकेट तिलकराज, शरवाल मण्डल अध्यक्ष राज भैरा, डाक्टर रामनिवास, विकास नाथुवास, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन पुष्पार्पित करके किया। भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ व विधायक घनश्याम सर्राफ ने संयुक्त रूप से संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत का संविधान पूरे विश्व के संविधान से अलग है। यह संविधान बाबा साहेब ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए



तैयार किया है। देश की अखण्डता व एकता को बनाए रखने के लिए हमें संविधान में बनाए गए कानूनों की पालना करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष मनमोहन भुरटाना कहा कि 26 नवंबर का दिन बेहद ही खास है। यही वह दिन है जब देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था। देश में संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं।


स्लीप टाइप एक्जिट का निर्माण कार्य शुरू करवाते विधायक सुभाष सुधा।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव: शहर को जीटी रोड से जोड़ने के लिए बनेगा एक मार्ग

गुरुजोज दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव-2021 पर भी शहर के लोगों को एनएच-44 जीटी रोड से शहर को जोड़ने के लिए एक नए मार्ग की सौगात सरकार ने दी है। इस प्रोजेक्ट पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की तरफ से करीब एक करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से शहर के लोगों को जीटी रोड़ से आने में सुगमता होगी।

विधायक सुभाष सुधा ने गांव रामपुरा के पास वन विभाग की नर्सरी के बाद स्लीप टाइप एक्जिट का निर्माण कार्य को शुरू करवाया और अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, केडीबी सदस्य सौरभ चौधरी, एनएचएआई के प्रोजैक्ट अधिकारी उमंग ने गांव रामपुरा के पास बनने वाली स्लीप टाईप एक्जिट की साईट का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान प्रोजैक्ट अधिकारी उमंग ने

### रामपुरा के पास से बनेगा स्लीप टाइप एक्जिट रोड

स्लीप टाईप एक्जिट की ड्राईंग के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी की एनएच-44 से गांव रामपुरा के पास से शहर को जाने के लिए स्लीप टाईप एक्जिट बनाई जाएगी। यह 80 मीटर से ज्यादा लम्बी होगी। इस प्रोजेक्ट पर एनएचएआई की तरफ से करीब 1 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। विधायक ने कहा कि काफी समय से शहर के लोगों की मांग थी कि सेक्टर-2 और 3 के कट के आसपास से एक रास्ता जीटी रोड़ के साथ जोड़ा जाए। इसलिए लोगों की मांग को जहन में रखकर सेक्टर-2 और 3 के कट से जीटीरोड़ पुल के उपर सीधा एक लेग उतारने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया। यह प्रस्ताव पर एनएचएआई के पास लम्बित है।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों को संविधान में निष्ठा की दिलाई शपथ


विद्यार्थियों को शपथ दिलते प्रधानाचार्य रणवीर सिंह

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग में संविधान दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को संविधान में निष्ठा की शपथ दिलाई गई। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने कहा कि हम सभी देशवासियों की संविधान में निष्ठा बहुत ही जरूरी है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति वहां के संविधान के ऊपर निर्भर करती है। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र मलिक, अजय शर्मा, राजेश कुमार, रेखा शर्मा, डॉ प्रशांत शर्मा, जगदीप सैनी, बबनदीप आदि स्टाफ सदस्य गण उपस्थित रहे।

### जीवन में आगे बढ़ कर लक्ष्य प्राप्ति करें छात्राएं: डा. सुषमा



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरमच में बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत रोल माडल के रुप मे डा. सुषमा शर्मा ने शिरकत की। अपने व्याख्यान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रो. डा. सुषमा शर्मा ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास, दृढसंकल्प व स्वालम्बन के बारे जानकारी देकर छात्राओं को आगे बढने व लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की मुखिया प्रोमिला ने की। अपने अध्यक्षीय समापन संभाषण में विद्यालय मुखिया द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद किया। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी बलबीर कुमार, स्कूल प्रबन्धन समिति से नीलम, ललिता, ममता, कृष्णा, सरपंच प्रतिनिधित्व के रूप में सुदेश कुमारी, स्वास्थ्य विभाग से सुदेश व विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक पवन, प्रताप, प्रमोद, कुलदीप, ताराचंद, वीना, वंदना, देवेंद्र, तेजपाल, राजेंद्र, अशोक, यशपाल, सूरज, प्रवीण व रोहताश रहे।

### अभिभावक अपने बच्चों को दे अच्छे संस्कार



**कुरुक्षेत्र।** गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति की ओर से सेक्टर-3 में आयोजित सप्त दिवसीय भागवत ज्ञान महायज्ञ में शुक्रवार को भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने भक्तों को बताया कि आत्मदेव का पुत्र धुंधकारी था। उसका चाल-चरित्र अत्यंत खराब था। उसने अपने जीवन में सभी को बहुत सताया। जिसके कारण उसके माता-पिता को बहुत से दुख सहने पड़े। उसके क्रिया कलाप से उसकी मां को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा। इसलिए हमे भगवान से यही प्रार्थना करनी चाहिए की भगवान ऐसी संतान किसी को ना दे, जो अपने माता-पिता व समाज को दुख दे। इस अवसर पर पूर्व एसडीएम जीत सिंह शेर, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ राम अवतार, मुकेश सैनी, अनिल सैनी, योगेश शर्मा, नीट के प्रो. डॉ. पीसी तिवारी, डॉ मन्दीप सिंह, सुनीता शर्मा शशिबाला, सुनहरी देवी, मीनू शर्मा, सरिता देवी इत्यादि शामिल रहे।

### डीसी दफ्तर पर सकसं का हल्ला बोल प्रदर्शन 12 को

**भिवानी।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर राज्यभर में 12 दिसम्बर को सभी प्रकार के कच्चे व पक्के कर्मचारी डीसी दफ्तरों पर हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे। सकसं जिला कमेटी की और से लोकेश कुमार, सत्यवीर स्वामी, दलबीर सांगवान, सहदेव रंगा, सरोज शास्त्री ने संयुक्त रूप से बताया कि पुरानी पेंशन, छटनीग्रस्त कर्मियों की बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का, पे-मेट्रिक्स लेवल-6 में वेतन 35400, खाली पदों को भरने, आऊट सोर्सिंग, ठेका प्रथा, निजीकरण की नीतियों पर रोक आदि मांगों को लेकर कर्मचारी निर्णायक आंदोलन करेंगे। हल्ला बोल प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर ब्लॉक स्तर पर बैठकें व भिन्न-भिन्न विभागों में द्वारसभा कर सरकार की नीतियों पर पोल खोली जा रही है। कोरोना काल में दिन रात काम करने वाले योद्धाओं को नौकरियों से निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि सारे नियमों को ताक पर रखकर स्वास्थ्य, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज, केडीबी कुरूक्षेत्र, हारट्रोन सहित दर्जनों विभागों से हजारों ठेका कर्मियों को निकाल दिया गया। निर्दोष बर्खास्त पीटीआई, ड्राईंग टीचर व ग्रुप डी खेल कोटे के कर्मचारियों को वायदे के बावजूद बाहली नहीं की जा रही। जिसके कारण उनके परिवारों के सामने भूखा मरने की नौबत आ गई। वर्कलोड व आबादी के मुताबिक राज्य में करीब 8 लाख पद रिक्त पड़े हैं। सरकार इन पदों को रैगुलर भर्ती से भर बेरोजगारों को रोजगार व जनता को बेहतर जन सुविधाएं प्रदान करने की बजाये जन सेवाओं का निजीकरण कर रही है।

## लोकगीतों से डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला

**करनाल।** सेक्टर-16 स्थित अम्बेडकर भवन में शुक्रवार को संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन अम्बेडकर समाज कल्याण सभा द्वारा किया गया। मौके पर सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के करनाल कार्यालय की ड्रामा पार्टी द्वारा डा. भीम राव अम्बेडकर के जीवन पर लोक गीतों के माध्यम से प्रकाश डाला गया। उनके जीवन से जुड़े प्रेरक किस्से सुनाए गए। विभागीय पार्टी द्वारा हरियाणा सरकार के 7 वर्षों के कार्यकाल की उलब्धियों बारे भी जनता को जागरूक किया गया।

## राजौंद कॉलेज को प्रतिनियुक्ति पर शीघ्र मिलेगा स्टाफ

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**महिला** एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि, राजौंद कन्या महाविद्यालय बेटियों को बेहतर शिक्षा सुविधा दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

इसमें स्टाफ की कमी का विषय शिक्षामंत्री के संज्ञान में लाया जा चुका है और जल्द ही कॉलेज को प्रतिनियुक्ति पर स्टाफ उपलब्ध करवाया जाएगा। शुक्रवार को राजौंद कन्या महाविद्यालय में स्टाफ की कमी पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि,



### महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने दिया भरोसा

शिक्षामंत्री कंवर पाल एवं अधिकारियों से इस विषय में चर्चा हो चुकी है और उन्होंने शीघ्र ही कालेज में प्रतिनियुक्ति पर स्टाफ लगाने का विश्वास दिलाया है।

## शहर की सड़कों पर बने गड्ढे हादसों को दे रहे न्यौता

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**शहर** की सड़कों पर बने बड़े-बड़े गड्ढे जानलेवा बने हुए हैं। श्रद्धानंद चौक के समीप रेलवे पुल पर बना गड्ढा हादसों को न्यौता दे रहा है।

पुल पर पिपली की ओर से आ रहे वाहन चालक इस गड्ढे के कारण अनियंत्रित होकर कई बार गिरते-गिरते बचे। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह गड्ढा ज्यादा मुसीबत बना हुआ है। तेजी से आ रहे दोपहिया वाहन चालकों को इस गड्ढे का पता नहीं चलता



और वो सड़क के बीच में बने इस गड्ढे में अनियंत्रित हो जाते हैं। हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस गड्ढे को कई बार पेंचवर्क किया गया है लेकिन वह पेंचवर्क एक सप्ताह के बाद ही उखड़ जाता है और सड़क पर बजरी बिखर जाती है। इस मार्ग पर भारी वाहनों का भी आवागमन होता है।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने महंगाई की शवयात्रा निकाली


महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देश पर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के अंतर्गत करनाल में जिला कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मिनी सचिवालय के समक्ष महंगाई की शवयात्रा निकाली। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर मंहगाई का पुतला फूंका।

नारेबाजी के बाद सरकार की नीतियों के खिलाफ सीटीएम को माननीय राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई पर चिंता वक्त की गई। जिसके लिए बीजेपी सरकार की गलत नीतियों को जिम्मेदार ठहराया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला संयोजक स. तरलोचन सिंह ने कहा कि महंगाई की जननी बीजेपी हैं, महंगाई लगातार आसमान छू रही है। टमाटर सौ रुपये प्रति किलो

### कांग्रेसियों ने विरोध स्वरूप सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

बिक रहा है। पेट्रोल डीजल लगातार महंगा हो रहा है। रसोई गैस एक हजार को पार कर गयी है। उसके बाद भी हालत खराब हो रही है, गरीब की पहुंच से दाल रोटी दूर होती जा रही है। ऐसे में गरीब का जीना दूभर हो चुका है।

पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा किसानों का साथ दिया है। वह किसानों की शहादत को नमन करते हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि आज देश मे आवश्यक वस्तुओं के साथ पेट्रोल डीजल खाद्यान्न खाद्य तेल की कीमतें आसमान छू रही है। गरीब की थाली से रोटी दाल गायब हो रही है। पैट्रोल और डीजल रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे है। ऐसे में राष्ट्रपति ही आम आदमी की आशा का केंद्र है।

## इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी में किया गया संविधान दिवस का आयोजन

**रेवाड़ी।** मीरपुर स्थिति इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विधि विभाग की ओर से संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागीय अध्यक्ष प्रो. कुलदीप चौधरी ने की।

इस दौरान क्विज, स्लोगन लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आईजीयू व शांति देवी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया।इस मौके पर प्रो. कुलदीप चौधरी ने संविधान की महत्ता की विस्तृत जानकारी दी। स्लोगन प्रतियोगिता में शांति देवी लॉ कॉलेज के प्रीतम सिंह ने पहला, आईजीयू की सोनम व रामअवतार ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग में आईजीयू की पूनम, शांति देवी लॉ कॉलेज की निकिता व तान्या ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। िवज प्रतियोगिता में आईजीयू की टीम ने पहला, शांति देवी कॉलेज की टीम ने दूसरा स्थान पाया।

## बुढ़ापा पेंशन बंद करके भाजपा ने किया बुजुर्गों का अपमान: आर्य

### बुढ़ापा पेंशन बंद करने पर बुजुर्ग ठोकेंगे भाजपा सरकार के ताबूत में कील

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मेवा राम आर्य ने कहा कि हरियाणा में बुढ़ापा पेंशन बंद करने पर बुजुर्ग भाजपा सरकार के ताबूत में कील ठोकेंगे। बुजुर्गों की पेंशन बंद करके बीजेपी सरकार ने उनका अपमान किया है।

उम्र को आर्थिक रूप से नहीं जोड़ा जा सकता क्योंकि 60 वर्ष बाद सभी बुजुर्गों का गुजारा भत्ता पिछली सरकारों द्वारा दिया गया था। इससे बुजुर्ग अपनी छोटी मोटी जरूरत पूरी करते हैं। बीजेपी सरकार 4 फेस में बुढ़ापा पेंशन बंद करने का मन बना चुकी है। पहले फेस में 15 हजार बुढ़ापा पेंशन बंद की गई है। फैमिली आईडी को इनकम का आधार मान कर इसे बंद किया गया है। पहले फेस में जिनकी इनकम 4 लाख है, उनकी पेंशन बंद कर दी गई है। दूसरे फेस में



तीन लाख, तीसरे फेस में दो लाख और चौथे फेस में एक लाख जिसकी फैमिली आईडी में इनकम होगी, उसकी पेंशन बंद कर दी जाएगी। इस स्कीम के चलते एक भिखारी भी अपनी पेंशन नहीं ले सकेगा।

वह भी दिन में तीन सो-4 सौ की भीख मांग लेता है, इस प्रकार वह साल में 1 लाख से ऊपर कमा लेगा। आम आदमी पार्टी हरियाणा में बुढ़ापा पेंशन बंद करने की घोर निंदा करती हैं और सरकार से मांग करती है कि अपने फैसले पर पुनर्विचार कर बुढ़ापा पेंशन बहाल करें, ताकि 15 और 20 वर्ष जो बाकी बुजुर्गों को मिलते हैं वह अपना बुढ़ापा आराम से काट सकें।

### युवाओं ने थामा आप का दामन

**इससे** पहले आम आदमी पार्टी की बैठक जिला उपाध्यक्ष सतीश बिंदल के कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान मेवाराम आर्य ने की। सतीश बिंदल के प्रयासों से 20 युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। इनमें मुख्य रूप से दीपक वर्मा अमीन, रोबिन कुबेर कॉलोनी और मोहन लाल शर्मा शामिल है। सतीश बिंदल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर युवाओं में एक नया जोश उभर कर सामने आ रहा है, वह दिन दूर नहीं जब हरियाणा के अंदर भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

## डिजिटल भारत के लिए 5जी टेक्नोलॉजी समाधानों को दर्शाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/हिसार

**जाने-माने** दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने आज पुणे, महाराष्ट्र और गांधीनगर, गुजरात में सरकार द्वारा आवंटित 5 जी स्पेक्ट्रम पर वर्तमान में चल रहे 5 जी ट्रायल्स के तहत 5 जी-आधारित टेक्नोलॉजी समाधानों की व्यापक रेंज का प्रदर्शन किया।

रविन्दर टक्कर, एमडी एवं सीईओ, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के अनुसार, 'हमारे 5जी ट्रायल जारी हैं, वी भारत को पांचवीं पीढी की वायरलैस मोबाइल कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी की अगली यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है। हमारे 5जी ट्रायल विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया के समक्ष नई संभावनाएं लेकर आए हैं, जो भारत में तकनीकी उन्नति के नए दौर का वादा करते हैं। मुझे विश्वास है कि 5जी एक ऐसे बेहतर कल का निर्माण करेगा जो उपभोक्ताओं, कारोबारों एवं समाज को लाभान्वित कर देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास को प्रोत्साहित करेगा।'

एक बेहतर कल के प्रयोजन के साथ वी 5जी ट्रायल कर रहा है और इसने भारत में उपभोक्ताओं एवं उद्यमों के लिए प्रासंगिक यूज केसेज की व्यापक रेंज विकसित की है। वी ने दो लोकेशनों पर यूज केसेज के ट्रायल के लिए उद्योग जगत के दिग्गजों जैसे एल एण्ड टी स्मार्ट वर्ल्ड एण्ड कम्युनिकेशन, एथोनेट, भारतीय स्टार्ट-अप्स जैसे विजबी एवं ट्वीक लैब्स तथा टेक्नोलॉजी लीडर्स-एरिकसन एवं नोकिया के साथ साझेदारी की है।

उपभोक्ताओं की मदद करने और एक बेहतर कल के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध वी विभिन्न सेगमेन्ट्स जैसे इंडस्ट्री 4.0, स्मार्ट सिटीज, स्मार्ट हेल्थकेयर, स्मार्ट वर्कप्लेस, स्मार्ट एजुकेशन, स्मार्ट कृषि, गेमिंग आदि में 5जी टेक्नोलॉजी की क्षमता का उपयोग कर रहा है। वी के ट्रायल्स ने साबित कर दिया है कि 5 जी टेक्नोलॉजी की उंची डेटा स्पीड, लो लेटेन्सी और विश्वसनीयता कारोबार के प्रदर्शन में सुधार ला सकती है और उपभोक्ताओं की जीवनशैली में बदलाव लाकर, दूर-दराज के लोगों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर उपभोक्ताओं को बेजोड अनुभव प्रदान कर सकती है।

## स्क्रिप बॉक्स ने सेना कर्मियों के लिए लॉन्च की जय हिन्द वैल्थ मैनेजमेंट सर्विस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** की अग्रणी डिजिटल वैल्थ मैनेजर स्क्रिपबॉक्स ने जय हिन्द मैनेजमेंट सर्विसेज का शुभारंभ करने की घोषणा की है। यह क्यूरेटेड वैल्थ मैनेजमेंट प्लान है। जो उन्हें आर्थिक से भविष्य के लिए तैयार होने में सहायता करेगा। सैन्य परिवारों को अनुकूलित आर्थिक योजनाओं से लेस करने के लिए टेक्नोलॉजी बेस्ट वित्तीय सेवाएं और सलाहकारों के साथ व्यक्तिगत निवेश का अनुभव भी उपलब्ध कराता है।

इस सेवा पर आगे बताते हुए स्क्रिप बॉक्स के संस्थापक सीईओ अतुल सिंह ने कहा कि रक्षा कर्मियों का वित्तीय उत्पादों में निवेश करने के लिए झुकाव रहा है। उदाहरण के

### सीईओ अतुल सिंह ने कहा, रक्षा कर्मियों का वित्तीय उत्पादों में निवेश करने के लिए झुकाव रहा

लिए वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सेवानिवृत्त रक्षा कर्मियों के लिए लोकप्रिय विकल्प रहा है। रक्षा कर्मी अलग-अलग आयु में सेवानिवृत्त हो सकते हैं। ऐसे में विभिन्न चरणों में लक्ष्यों के साथ वित्तीय योजना बना कर सहायता प्रदान करना महत्वपूर्ण होता है। जैसे बच्चों की शिक्षा, मकान, छुट्टियां और आपातकालीन कोष इत्यादि सेवाएं, आत्मविश्वास से सेवानिवृत होने के बाद मन की शांति प्रदान करती हैं। ऐसी ही व्यापक वेल्थ मैनेजमेंट सर्विस के लिए स्क्रिप बॉक्स उनका गंतव्य बनना चाहता है। इस पर आगे बताते हुए स्क्रिप बॉक्स के अतुल सिंह ने कहा हम रक्षा कर्मियों के लिए मुख्यतः तीन योजनाएं पेश कर रहे हैं जो कि बियोन्ड पेंशन, रिटायर सेंटर और रिटायरमेंट शील्ड हैं। बियॉन्ड पेंशन छोटे निवेश के लिए है जो दूसरी आय उत्पन्न करने में मदद करता है।

रिटायर बेटर यह सेन्य कर्मियों को सेवा में रहते हुए छोटी राशि का निवेश करके सेवानिवृत्ति पर एक करोड़ या 50 लाख का कोष उपलब्ध करवा सकता है। रिटायरमेंट शील्ड यह उनके लिए है जो सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त होने वाले या हो चुके पैसे का बेहतर निवेश करना चाहते हैं। इन योजनाओं के तहत स्क्रिप बॉक्स लक्ष्य योजनाओं और पोर्टफोलियो प्रबंधन के लिए समर्थन प्रदान करता है।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

मुझे शिकायत है कि मौके नहीं मिलते मुझको,
वो खुश है जबकि उसके पास जिंदगी कम है,
वो खुश है जबकि कई दिनों से भूखा है वो,
मुझे शिकायत है कि खाने में फिर नमक कम है।

# खराब हटाकर स्मार्ट मीटर लगाएं : आरके पचनंदा

## एचईआरसी चेयरमैन ने ली स्टेट एडवाइजरी कमेटी की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के अध्यक्ष आरके पचनंदा ने बिजली निगमों को निर्देश दिए हैं कि वह खराब मीटरों को तुरंत बदलकर उनके स्थान पर स्मार्ट/प्रीपेड मीटर लगाएं। एचईआरसी के अध्यक्ष पचनंदा 25वीं राज्य सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की इस वित्त वर्ष की वित्तीय स्थिति, रिन्यूएबल परचेज ऑब्लिगेशन, कुसुम स्कीम, फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट, एचपीजीसीएल के थर्मल प्लांटों के संचालन और बिजली कनेक्शनों के संबंध में गहन विचार विमर्श हुआ। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एमडी पीसी मीणा ने कहा कि अप्रैल से लेकर 31 अक्टूबर तक 21 लाख 36 हजार नए बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन

### ऑनलाइन मिलता है 80 प्रतिशत राजस्व

को बिजली बिलों के रूप में जो राजस्व मिलता है, वह करीब 80 प्रतिशत ऑनलाइन माध्यमों से मिलता है। 31 अक्टूबर तक करनाल, पानीपत, फरीदाबाद और गुरुग्राम में तीन लाख 37 हजार 919 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। वहीं 1 नवंबर 2021 तक 5487 गांवों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध, उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन

### 21 लाख 36 हजार नए कनेक्शन दिए गए

का लाभ 636 करोड़ 67 लाख रुपये है। दोनों निगमों का एग्रीगेट ट्रांसमिशन एंड कार्मशियल लॉस 16.22 प्रतिशत है।

बैठक में एचईआरसी सदस्य नरेश सरदाना, एचईआरसी के पूर्व अध्यक्ष आरएन पराशर, बिजली निगमों के प्रबंध निदेशक तथा विभिन्न श्रेणी से संबंधित बिजली उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले एसएसी के सदस्य मौजूद थे।

## भारतीय लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियां विषय पर 5 को व्याख्यान

**भिवानी।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा एवं प्रख्यात पत्रकार राहुल देव पांच दिसंबर को भिवानी में भारतीय लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियां विषय पर सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित होने वाले एक सामयिक व्याख्यान के लिए आयेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिव रत्न गुप्ता और विषय प्रवर्तन भिवानी परिवार मैत्री संघ दिल्ली के अध्यक्ष राजेश चेतन करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मास्टर्स एथलैटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डा. डीवी ढिल्लो एवं स्वागत अध्यक्ष बीआरसीएम के वाईस चेयरमैन डाक्टर सुरेन्द्र शर्मा होंगे। सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष रणविजय सिंह एवं महासचिव संदीप वधवा ने बताया कि हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष कर्नल गजराज सिंह उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट, जर्नलिस्ट क्लब भिवानी के अतिरिक्त नगर की 9 प्रतिष्ठित संस्थाएं रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन, इंडियन मेडीकल एसोसिएशन हरियाणा, पंजाबी जागृती मंच, संस्कार भारती, शिशु भारती स्कूल, सीता देवी निवास शास्त्री खरकिये सेवानिधि, आदर्श ब्राह्मण महासभा, ब्राह्मण विकास संगठन, यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया अतिथियों का स्वागत करेगी।

## गीता जयंती समारोह में ऑनलाइन अतिथि होंगे प्रधानमंत्री मोदी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अगले माह शुरू होने जा रहे गीता जयंती उत्सव में वर्चुअली शामिल हो सकते हैं, जबकि वह आर्बिट रेल कॉरिडोर के शिलान्यास के लिए हरियाणा में आ सकते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री के साथ करीब 40 मिनट तक मुलाकात चली।

इससे पहले मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री के साथ कृषि कानूनों की वापसी से पहले मुलाकात हुई थी। अब कृषि कानून वापस हो चुके हैं, लेकिन हरियाणा की सीमा में किसान अभी भी बैठे हुए हैं। कृषि कानूनों की वापसी के बाद सकरात्मक संदेश गया है। विशेषज्ञों की राय के बाद इन्हें वापसी का फैसला किया गया है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि किसानों के हरियाणा की सीमा में बैठने को लेकर प्रधानमंत्री ने भी चिंता जाहिर की है।

प्रधानमंत्री भी चाहते हैं कि किसान जल्द से जल्द अपने घरों को लौटें। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कानूनी वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसानों के यहां से उठने की उम्मीद है, क्योंकि इससे हरियाणा का खासा आर्थिक नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार



### भर्ती मामले में विपक्ष के पास सबूत हैं तो दें

**हरियाणा** में एचपीएससी रिश्वत प्रकरण को लेकर विपक्ष की घेराबंदी पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कानून अनुसार कार्रवाई की जा रही है। विजिलेंस ब्यूरो द्वारा निष्पक्ष जांच की जा रही है। विपक्ष अंधेरे में तीर मार रहा है। अगर कोई पुख्ता जानकारी है तो सरकार को दे सकते हैं। सरकार उसे जांच के दायरे में लेकर आएगी।

हरियाणा द्वारा शुरू की गई स्वामीत्व योजना को पहले ही लागू कर चुकी है। अब स्वामीत्व की लार्ज स्केल मैपिंग होगी। आबादी वाला क्षेत्र अथवा पूरे गांव की मैपिंग करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा द्वारा अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा आम नागरिकों को सरकारी सेवाएं तय समय में देने को लेकर शुरू किए गए ऑटो अपील सिस्टम की प्रधानमंत्री ने सराहना की है।

## संस्कृत भाषा में हैं रोजगार के अनेक अवसर: प्रहलाद सिंह

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**संस्कृत** भाषा में रोजगार के अनेकों अवसर विद्यमान है, रोजगार देने में संस्कृत भाषा किसी भी अन्य भाषा से कम नहीं है, इसलिए छात्रों को अधिक से अधिक संस्कृत भाषा का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। यह विचार श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि नासा सहित सभी उत्तम संस्थानों ने अपने शोध में यह सिद्ध किया है कि संस्कृत भाषा कंप्यूटर के लिए सबसे उपयुक्त भाषा है। आने वाला समय निश्चित रूप से संस्कृत भाषा का ही होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य आचार्य विनय मिश्र ने कहा कि आज संस्कृत भाषा के छात्र अन्य किसी भी भाषा के छात्रों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। शास्त्री के छात्र होने को प्रशासनिक पदों पर कार्य कर रही है और विभिन्न राजकीय गैर राजकीय संस्थानों में कार्यरत है। संस्कृत भाषा को जन-जन



### भारतीय संस्कृति को समझने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान अनिवार्य

की भाषा बनाने में सबसे अधिक योगदान संस्कृत के सरल वाक्य को दैनिक व्यवहार में प्रयोग करने से हो सकता है। भारतीय संस्कृति को समझने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान अनिवार्य है और संस्कृति की रक्षा के लिए संस्कृत की रक्षा अनिवार्य है । आज प्रदेश में निश्चित रूप से संस्कृत भाषा के प्रति छात्रों का रुझान बढ़ा है, जिस कारण संस्कृत का भविष्य उज्जवल प्रतीत हो रहा है।

## भाजपा जिला प्रधान धूपड़ ने सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा

**भिवानी।** इन दिनों शहर में सड़क बनाने का काम चल रहा है। इन दिनों शहर के दिनोद गेट पर सरकुलर रोड की सड़क बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। लेकिन इस सड़क निर्माण में आए दिन घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने की शिकायतें भी मिल रही है।

यह भी हुआ है कि जिन स्थान पर सड़क का निर्माण हुआ है, वहां निर्माण सामग्री कमजोर होने के कारण रोड़ी उपर आने लगी है। इसी तरह की शिकायतों को लेकर भाजपा के जिला प्रधान शंकर धूपड़ ने दिनोद गेट पर सड़क निर्माण का जायजा लिया। उनके साथ जिला महामंत्री बृजपाल सिंह तंवर, कार्यालय सचिव अमित कौशिक, ओबीसी के जिला प्रधान ओम प्रकाश वर्मा, भिवानी विवेकानंद मंडल अध्यक्ष सुभाष तंवर और सभ्य समाज के प्रदेश प्रधान धर्मेंद्र अंगिरा थे। इस मौके पर जिला प्रधान धूपड़ ने ठेकेदार और विभागीय जेई से बातचीत कर पूरी जानकारी ली। धूपड़ ने कहा कि सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री लगाने पर किसी को बख्शा नहीं जायेगा।

## बीपीआर के शिक्षकों ने एसवाईएल नहर पर चलाया सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भगवान** परशुराम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. योगेश्वर जोशी ने कॉलेज के कुछ कर्मचारियों के साथ कुरुक्षेत्र-कैथल रोड़ पर स्थित मिर्जापुर के निकट स्थित एसवाईएल नहर के पुल के छोरों पर फैली हुई गंदगी को खुद साफ किया।

उन्होंने बताया कि बुधवार को जब वे उस पुल से गुजरे तो देखा कि पुल के दोनों तरफ न केवल गंदगी के अंबार लगे हैं बल्कि लोगों ने नहर के बहते हुए पानी में गंदगी को फेंक कर गंदे पॉलिथीन को नहर के पुल के साथ लगे लोहे के पाइप से बांध रखा है जोकि लंबे समय तक बंधे रहने के कारण प्रदूषण फैला रहे हैं। आमजन द्वारा जो गंदगी नहर के पानी में डाली जाती है उससे न केवल घोर प्रदूषण होता है बल्कि जलीय जीव भी प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि इस नहर के दोनों छोरों पर फटे-पुराने कपड़ों के चिथड़े, पॉलिथीन और तांत्रिक क्रियाओं के उपरान्त बची



एसवाईएल नहर पर सफाई करते बीपीआर कॉलेज के शिक्षक

सामग्री फैली पड़ी थी जिसे उन्होंने अपने कॉलेज के कुछ कर्मचारियों के साथ मिलकर झाड़ू से साफ किया। उन्होंने सभी धमार्चार्यों, पुरोहितों एवं ज्योतिषाचार्यों का आहवान किया कि वे जब आमजन को सुख-समृद्धि या अन्य कष्ट निवारण का कोई उपाय बतायें तो उन्हें सामग्री पानी में प्रवाहित करने की बजाये अन्य कोई विकल्प बतायें या कम से कम उन्हें बतायें की खाली पॉलिथीन आदि को बहते पानी में न बहाएं और न ही पाइप इत्यादि से बांधें। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि नगर में निश्चित दूरी पर केवल पॉलिथीन हेतु डस्टबीन लगाए जाएं ताकि पॉलिथीन नाले में न बहकर जाएं। इस अभियान में स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. सौरभ त्रिखा, डॉ. दिलबाग सिंह, डॉ. नितेश शर्मा एवं अनिल कुमार, परसराम, पवन कुमार तथा गणेश इत्यादि शामिल रहे।

## कचरा प्रबंधन केंद्रों से बदलेगी गांवों की सूरत : सुभाष चन्द्र

### गांवों से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन है एक बड़ी चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**गांवों** से निकलने वाले कचरे का समुचित प्रबंधन सरकार के समक्ष एक बड़ी चुनौती है, लेकिन अब कचरा प्रबंधन केंद्रों की प्रभावी व्यवस्था से गांव एक बार फिर साफ व सुंदर नजर आएंगे। स्वच्छ भारत मिशन व प्रदेश सरकार इसको लेकर गंभीर है।

गांवों में कचरे के निष्पादन को लेकर स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने जिले के नीलोखेड़ी खंड में गांव सीकरी, बरसालु, यूनिसपुर, सुल्तानपुर व कुडक् जागीर का दौरा किया। कचरा प्रबंधन केंद्रों की कार्यकुशलता का जायजा लिया। निरीक्षण करने के बाद स्वच्छ भारत मिशन के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि कचरा



गांवों में दौरा करते स्वच्छ भारत मिशन के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र।

प्रबंधन ही भविष्य में हमारे गांवों को स्वच्छ बनाने में कारगर साबित होगा। कचरा प्रबंधन शेड ग्रामीण संस्थाओं के लिए बड़े कार्य के तौर पर परिवर्तित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त ग्राम योजना में कचरा प्रबंधन शेड एक मिल का पत्थर साबित होंगे।

बस जरूरत इनकी नियमित देखरेख व सही संचालन की है। सुभाष चन्द्र ने मौजूद जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से भी अपने गांवों को साफ व सुंदर बनाने के लिए आगे आने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है।

पंचायती राज अधिकारी लव कुमार ने बताया की गीले कचरा से खाद बनाया जाएगा। गांवों से प्रत्येक दिन बड़ी मात्रा में कचरा निकलता है। इसमें गीला एवं सूखा दोनों शामिल है।

## आम आदमी पार्टी ने सड़कों पर निकाली बाइक रैली

**कैथल।** आम आदमी पार्टी ने आज कैथल में संविधान बचाओ यात्रा निकाली। जिसमें सुखबीर सिंह चहल संगठन मंत्री उत्तरी हरियाणा ने रैली की अध्यक्षता की।

सुखबीर सिंह ने बताया कि, आम आदमी पार्टी सड़कों पर संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा की, बीजेपी सरकार हर रोज नए नए कानून बना रही है। पहले किसानों के खिलाफ तीन बिल अध्यादेश के माध्यम से बनाए, फिर मजदूरों के खिलाफ एक नया लेबर लॉ लेकर आए और अब हरियाणा सरकार ने एक नया कानून पीपीपी बनाया। जिसमें वह विकास के नाम पर किसी की भी प्रॉपर्टी को बिना पूछे जब्त कर लेंगे। बीजेपी सरकार द्वारा जनविरोधी कानूनों के खिलाफ आज कैथल में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। रैली आम आदमी पार्टी यूथ कार्यालय से शुरू होकर पेहवा चौक, आरकेएसडी, कालेज, माता गेट, रामलीला मैदान, पुराना बस अड्डा से होती हुई बाईपास सर छोटू राम चौक पर संपन्न हुई।

## न्यूरो का रोग बिना इलाज के छोड़ा तो खतरे में पड़ सकती है जिंदगी: डॉ. कथूरिया

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**न्यूरो** यानी दिमाग और इससे संबंधित बीमारी किसी के भी जीवन को खतरे में डाल सकती है। इसलिए इस प्रकार की बीमारी को अनदेखा नहीं करना चाहिए वरना परिणाम गंभीर हो सकते हैं। समय-समय पर मेडिकल टेस्ट होना चाहिए और स्वास्थ्य का खास तौर पर ध्यान रखना चाहिए।

आज की जीवन शैली में सबसे अधिक दबाव एक ऐसी चीज है, जो बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक पर हावी रहती है। यही दबाव दिमाग से संबंधी बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। इस दबाव को दूर करने के लिए व्यक्ति को हंसते खेलते और हमेशा खुश रहना चाहिए। व्यायाम और योगा इसे फिट रखने की सबसे बड़ी औषधि है। ये कहना है ग्रेशियन अस्पताल मोहाली की न्यूरोलॉजी की सीनियर कंस्लटेंट डा. हीना कथूरिया का, जो शुक्रवार को करनाल में एक



जागरुकता शिविर में जानकारी देती डॉ. कथूरिया।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को संबोधित कर रही थीं। डा. हीना कथूरिया ने बताया कि कई बार लोग सिर्फ बाहरी शारीरिक लक्षणों को देखते हैं। वह मानसिक या दिमागी लक्षणों की तरफ ध्यान नहीं देते। उन्होंने बताया कि अब न्यूरो से संबंधित इन सभी रोगों का इलाज अब संभव है, इलाज से लोगों की जानें बचाई जा सकती हैं तथा इलाज के बाद मरीज रोजाना की तरह जिंदगी व्यतीत कर सकते हैं।

# हरियाणा प्रदेश में जल्द रखी जाएगी एम्स की आधारशिला

## केंद्र की तर्ज पर हरियाणा सरकार भी करे ओबीसी आरक्षण लागू : राव इंद्रजीत सिंह

### बावल रैली में बोले सीएम खट्टर

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**मुख्यमंत्री** मनोहरलाल ने कहा कि एम्स की आधारशिला जल्द रखी जाएगी। इससे जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। इसके अलावा जिले के औद्योगिक विकास को देखते हुए लेबर कोर्ट की जहां स्थापना की जाएगी, वहीं धारूहेड़ा के गंदे पानी की समस्या के समाधान के लिए सरकार ने आवश्यक धनराशि भी जमा करा दी है। सीएम शुक्रवार को बावल में आयोजित प्रगति रैली को संबोधित कर रहे थे।

प्रगति रैली में मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने करीब चालीस करोड़ रुपये चार की विकास परियोजनाओं का जहां उद्घाटन किया, वहीं 112 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाली 14 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने लोगों को संविधान दिवस की बधाई दी। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर व संविधान निर्मात्री सभा के सभी सदस्यों को नमन करते हुए याद



बावल की प्रगति रैली में विकास परियोजना का उद्घाटन करते मु2यमंत्री मनोहरलाल, साथ में राव इंद्रजीत सिंह।

किया। उन्होंने अमर शहीद राव तुलाराम की धरती दक्षिणी हरियाणा को नमन करते हुए शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की।

### केंद्र की तर्ज पर हो पिछड़ा वर्ग आरक्षण का प्रावधान लागू: राव इंद्रजीत सिंह

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने एम्स मामले में सीएम के प्रयास की सराहना की तथा उनसे आग्रह किया कि इसके निर्माण को लेकर जल्द ही आधारशिला रखवाएं। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर केंद्र की तर्ज पर लागू करने की सीएम के समक्ष मांग रखी। क्षेत्र के किसानों ने पहले भी बाहर से आने वाले किसानों से यहां का भाईचारा खराब नहीं करने का मशविरा दिया था। उन्होंने डॉ. बनवारीलाल व विधायक लक्ष्मण सिंह की मांग का समर्थन करते हुए यहां जारी विकास कार्यों से जुड़े विषय भी रखे।

सात साल में खर्च हुए 7000 करोड़, सीएम ने रैली में उपस्थित केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, रैली के संयोजक एवं सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारीलाल तथा कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव द्वारा रखी गई मांगों को सुना तथा प्रशासनिक स्तर पर अध्यन्न कराने के साथ ही संभव मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध निर्माण हटवाने को एसपी से मिले ग्रामीण



**भिवानी।** हालु मोहल्ला स्थित प्राचीन चेजाराम मंदिर में एक परिवार ने अवैध निर्माण कर रखा है। जिसका काफी वर्षों से केस चला हुआ था और अब मंदिर समिति ने हाईकोर्ट से वो केस जीत लिया है। लेकिन बार-बार प्रशासन से अनुरोध करने के बावजूद भी मंदिर की जमीन को खाली करवाने बारे कोई निर्णय नहीं लिया गया। स्थानीय निवासी सतीश पुत्र गजानंद, सोहना देवी पत्नी राजकुमार ने बताया कि इस परिवार में एक लड़का रघुनंदन जो एक मर्डर केस में शामिल था तथा जेल में बंद था। अब वो जमानत पर जेल से बाहर है। बार-बार इन लोगों को धमकी दे रहा है तथा वो दो-चार मर्डर ओर करके जेल में चला जाऊंगा। उसी की एक साथी गीता मेहरा जो अनुसूचित जाति से संबंध रखती है। बार-बार ये धमकी देती है कि मै तुम्हारे ऊपर एससी-एसटी एक्ट लगवा दूंगी तथा उसका एक लड़का हमेशा पिस्तौल रखता है तथा जान से मारने की धमकी देता है। रघुनंदन ने सतीश कुमार के ऊपर झूठा मुकदमा दायर कर रखा था और सतीश अब वो हाईकोर्ट से केस जीत चुका है। इस मामले में पुलिस अधिकारी भीम सिंह एएसआई, राजबीर सिंह, ओमप्रकाश बावलिया व डीएसपी रामप्रताप ने कोर्ट में गवाही दी थी कि यह जमीन मंदिर की है। हम प्रशासन से यह प्रार्थना करते है कि जल्द से जल्द इस अवैध निर्माण को खाली करवाया जाए और जो उन्होंने सामग्री डाल रखी है, उसको हटवाया जाए।

### किसान महाकुंभ के लिए भिवानी से जत्था हुआ रवाना



**भिवानी।** किसान आंदोलन के एक वर्ष पूरा होने पर 26 नवंबर को दिल्ली बॉर्डरों पर किसान महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस महाकुंभ में भाग लेने के जगह-जगह से किसान रवाना हो रहे है तथा अपनी एकजुटता परिचय दे रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को किसान नेता कमल सिंह प्रधान ने पुराना बस स्टैंड से किसानों का जत्था दिल्ली बॉर्डरों के लिए रवाना किया तथा सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक किसानों की सभी मांगें पूरी नहीं हो जाती, किसान अपना संघर्ष जारी रखेंगे। किसानों को रवाना करते हुए कमल सिंह प्रधान ने कहा कि सरकार ने अन्नदाताओं की आवाज को कुचलने के लिए विभिन्न प्रकार के ओच्छे हथकंडे अपनाएं। लेकिन किसान ने सरकार के जुल्मों की परवाह किए बगैर अपना आंदोलन जारी रखा तथा सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया, लेकिन अब भी एमएसपी पर गारंटी का कानून, बिजली बिल-2020, किसान पर पराली का कानून वापिस लेने, आंदोलन के दौरान दर्ज किए मुकदमों को खारिज करने, आंदोलन के दौरान मृतक किसानों को शहीद का दर्जा व परिजनों को मुआवजे की मांग पूरी करना बाकी है, जिन्हें भी सरकार को पूरा करना होगा। कमल सिंह ने कहा कि सरकार को चाहिए कि किसानों की मांगों को लेकर बातचीत करें तथा उनका जल्द समाधान निकाले। उन्होंने कहा कि अब खेती घाटे का सौदा हो गया है।

### महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने चलाया जन-जागरण अभियान



**भिवानी।** महंगाई के विरोध में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जन-जागरण अभियान के तहत नेताओं ने लोगों से मुलाकात की और केंद्र व राज्य सरकार की गलत नीतियों पर चर्चा की। जनजागरण अभियान के चौथे दिन कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहर के दादरी गेट, कोंट रोड, ढाणा रोड और लाल मस्जिद एरिया में लोगों से सम्पर्क किया। लोगों को बताया कि कांग्रेस राज में देश में कितनी खुशहाली थीं, देश विश्व में एक नंबर पर था, आज भाजपा की गलत नीतियों के कारण देश बहुत पीछे चला गया। वरिष्ठ नेता अमर सिंह हालुवासिया और राम प्रताप शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई बढ़ गई। लगभग फैक्ट्री बंद हो गई, लोग बेरोजगार हो गए, समाज का हर वर्ग सड़क पर आ गया। महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सविता मान ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से हर वर्ग त्रस्त है। देश का अन्नदाता एक साल से सड़क पर बैठा है, लेकिन सरकार सत्ता के अहंकार में लोगों की बात सुनने को तैयार नहीं है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अब जनता का सब्र का बांध टूट चुका है और चुनाव में भाजपा को वोट की चोट से सबक सिखाएगी।

### शिक्षा बोर्ड में हर्षोल्लास से मनाया संविधान दिवस

**भिवानी।** संविधान दिवस के उपलक्ष में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड मुख्यालय के डाक्टर राधाकृष्णन भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड सचिव कृष्ण कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई तथा सभी को इस पावन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसे देश की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्र मों की श्रृंखला के अन्तर्गत मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोर्ड सचिव कृष्ण कुमार ने कहा कि भारत को लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए, नागरिकों को राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक न्याय दिलाने के लिए, देशवासियों को प्रतिष्ठा व अवसर की समता प्राप्त करवाने के लिए, राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने के लिए संविधान जैसे सबसे महत्वपूर्ण व पावन ग्रंथ का निर्माण किया गया। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संविधान नागरिकों को जहाँ उनके कर्त्तव्यों के बारे में अवगत करता है वहीं उनके मौलिक अधिकारों की भी ढाल बनकर रक्षा करता है। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी नहीं भूलना चाहिए। कर्तव्यों की पालना करना परमावश्यक है। उन्होंने आगे बताया कहा कि हमें संविधान निर्माताओं द्वारा संजोए गए सपनों के अनुरूप राष्ट्र के निर्माण करने में अपना योगदान देना है। संविधान में सभी नागरिकों को समान रूप से अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहना है।

### राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान में मनाया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

**करनाल।** राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के उपलक्ष पर राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान ने दूध में मिलावट के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को एक अभियान शुरू किया। एनडीआरआई ने अपने मुख्य द्वार पर एक परीक्षण शिविर का आयोजन किया, जिसमें आम जनता को अपने दूध के नमूनों का निःशुल्क परीक्षण करने के लिए आमंत्रित किया गया। एनडीआरआई निदेशक डॉ. एमएस चौहान ने अभियान की शुरुआत की। डॉ. चौहान ने कहा कि भारत हर साल 26 नवंबर को डॉ वर्गीस कुरियन की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाता है, जिन्हें श्वेत क्रांति के जनक' के रूप में भी जाना जाता है। संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) डॉ. धीर सिंह ने कहा कि यह विशेष शिविर एक स्टार्ट-कप कंपनी डेलमॉस रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। डेलमोस रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ बब्बर सिंह ने इस अवसर पर संकेत दिया कि वर्तमान में वे केवल संगठित डेयरी उद्योगों को दूध मिलावट किट की आपूर्ति कर रहे हैं।

# पाकिस्तान 26/11 के मुम्बई आतंकी हमला मामले की सुनवाई तेज कराए : भारत

## –भारत ने 13वीं बरसी पर पाकिस्तान के उच्चायोग के वरिष्ठ राजनयिक को तलब कर कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** ने 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले की 13वीं बरसी पर शुक्रवार को पाकिस्तान के उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया। इस मामले की तेजी से सुनवाई करने पर जोर देते हुए कहा कि इस घटना के 166 पीड़ितों के परिवार सुनवाई पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं।

पाक राजनयिक को सौंपे गए राजनयिक नोट (नोट वर्बल) में विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान से अपने भूभाग का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं करने की अनुमति देने की प्रतिबद्धता का पालन करने को कहा। विदेश मंत्रालय ने कहा, राजनयिक नोट में भारत ने मुम्बई आतंकी हमला मामले की सुनवाई तेजी से करने पर जोर दिया। पाकिस्तान की सरकार से अपने नियंत्रण वाले भूभाग का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं करने की अनुमति देने की प्रतिबद्धता का पालन करने को कहा।

बयान में कहा गया है, यह बेहद दुख की बात है कि 26/11 हमले के 13 साल बाद भी, 166 पीड़ितों के परिवार मामले की सुनवाई पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। मंत्रालय ने



अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान 26।11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के दोषियों को न्याय के दायरे में लाने को लेकर अधिक गंभीरता नहीं दिखा रहा है। विदेश मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि इस आतंकी हमले की योजना पाकिस्तान में बनी थी और वहीं से इसे कार्यान्वित किया गया था।

मंत्रालय ने कहा, हम एक बार फिर पाकिस्तान से दोहरा मापदंड छोड़ने और इस जघन्य हमले के षड्यंत्रकारियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। बयान के अनुसार, यह केवल निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति पाकिस्तान की जवाबदेही का ही विषय नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी का भी विषय है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत 26/11 के मुंबई हमले में जान गंवाने वालों और शहीदों के परिवारों को न्याय दिलाने की हरसंभव कोशिश जारी रखेगा।

इसमें कहा गया है कि 26/11 मुम्बई आतंकी हमले की 13वीं बरसी पर सरकार और भारत के लोग इस हमले के पीड़ितों और लोगों की सुरक्षा करते हुए जान गंवाने वाले वीर सुरक्षाकर्मियों का स्मरण करते हैं। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादी समुद्री मार्ग से मुंबई पहुंचे थे और उन्होंने कई स्थानों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसमें 18 सुरक्षा कर्मियों समेत 166 लोगों की मौत हो गई थी।

# संसद लोकतंत्र का मंदिर, मतभेदों को जनसेवा में बाधक नहीं बनने दें जनप्रतिनिधि

## राष्ट्रपति ने कहा, संसद में पूजा-गृह और इबादतगाहों की भावना के साथ आचरण करें


### संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में हुए कार्यक्रम में नहीं पहुंचे विपक्षी दल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने संसद को लोकतंत्र का मंदिर बताते हुए शुक्रवार को कहा कि हर सांसद की यह जिम्मेदारी है कि वे संसद में उसी भावना के साथ आचरण करें, जिसके साथ वे अपने पूजा-गृहों और इबादतगाहों में करते हैं तथा मतभेद को जनसेवा के वास्तविक उद्देश्य के मार्ग में बाधा नहीं बनने दें।

संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ग्राम सभा, विधानसभा और संसद के निर्वाचित प्रतिनिधियों की केवल एक ही प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह प्राथमिकता अपने क्षेत्र के सभी लोगों के कल्याण के लिए और राष्ट्रहित में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि विचारधारा में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन कोई भी मतभेद इतना बड़ा नहीं होना चाहिए कि वह जनसेवा के वास्तविक उद्देश्य में बाधा बने।

उन्होंने कहा, प्रतिपक्ष वास्तव में, लोकतंत्र का सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। सच तो यह है कि प्रभावी प्रतिपक्ष के बिना लोकतंत्र निष्प्रभावी हो जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार और प्रतिपक्ष, अपने मतभेदों के बावजूद, नागरिकों के सर्वोत्तम हितों के लिए



मिलकर काम करते रहें और उनसे यही अपेक्षा की जाती है। संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम को राष्ट्रपति के अलावा उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम का कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया। कोविंद ने कहा कि सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों में प्रतिस्पर्धा होना स्वाभाविक है, लेकिन यह प्रतिस्पर्धा बेहतर प्रतिनिधि बनने और जन-कल्याण के लिए बेहतर काम करने की होनी चाहिए और तभी इसे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा माना जाएगा।

राष्ट्रपति ने कहा, संसद में प्रतिस्पर्धा को प्रतिद्वंद्विता नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम के कुछ विद्वान यह कहते थे कि भारत में वयस्क मताधिकार की व्यवस्था विफल हो जाएगी, लेकिन यह प्रयोग न केवल सफल रहा, बल्कि समय के साथ और मजबूत हुआ है और यहां तक कि अन्य लोकतंत्रों ने भी इससे बहुत कुछ सीखा है।

कोविंद ने कहा, हमारी आजादी के समय, राष्ट्र के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को यदि ध्यान में रखा जाए, तो भारतीय लोकतंत्र को निस्संदेह मानव इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी केंद्रीय कक्ष में 72 वर्ष पहले संविधान निर्माताओं ने स्वाधीन भारत के उज्ज्वल भविष्य के दस्तावेज को यानि हमारे संविधान को अंगीकार किया था तथा भारत की जनता के लिए आत्मार्पित किया था। उन्होंने कहा कि लगभग सात दशक की अल्प अवधि में ही भारत के लोगों ने लोकतांत्रिक विकास की एक ऐसी अद्भुत गाथा लिख दी है, जिसने समूची दुनिया को विस्मित कर दिया है।

कोविंद ने कहा, मैं यह मानता हूं कि भारत की यह विकास यात्रा, हमारे संविधान के बल पर ही आगे बढ़ती रही है। हमारे संविधान में वे सभी उदात्त आदर्श समाहित हैं, जिनके लिए विश्व के लोग भारत की ओर सम्मान और आशा भरी दृष्टि से देखते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत के लोग, इन शब्दों से आरम्भ होने वाले हमारे संविधान से यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत का संविधान लोगों की आकांक्षाओं की सामूहिक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा के सदस्यों ने जन प्रतिनिधि की हैसियत से, संविधान के प्रत्एक प्रावधान पर चर्चा और बहस की, जो साधारण लोग नहीं थे। राष्ट्रपति कोविंद ने अपने संबोधन के बाद संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा तथा वहां मौजूद लोगों ने इसे दोहराया।

संविधान दिवस समारोह को जनभागीदारी से जोड़ने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय ने दो पोर्टल तैयार किए हैं, जिसमें से पहला ऑनलाइन माध्यम से संविधान की प्रस्तावना को पढ़ने से संबंधित हैं और दूसरा संसदीय लोकतंत्र पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता से संबंधित हैं।

इसमें हिस्सा लेने वालों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। संविधान की प्रस्तावना को ऑनलाइन माध्यम से 22 राजभाषाओं और अंग्रेजी में पढ़ने की व्यवस्था की गई है। इस पोर्टल पर कोई भी पंजीकरण करा सकता है और इन भाषाओं में से किसी में भी संविधान की प्रस्तावना को पढ़ सकता है।

### लोकतंत्र पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी के पोर्टल की शुरुआत की

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने इस अवसर पर लोकतंत्र पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी के पोर्टल की शुरुआत भी की। उन्होंने संविधान सभा की चर्चाओं का डिजिटल संस्करण, भारत के मूल संविधान की सुलेखित प्रति का डिजिटल संस्करण भी जारी किया। गौरतलब है कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है, क्योंकि 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार किया था। संविधान दिवस की शुरुआत 2015 से की गई थी। भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था। राष्ट्रपति ने कहा कि डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद चाहते थे कि संसद सदस्यों में उच्च स्तर की नैतिकता होनी चाहिए।

# किसानों का अहिंसक संघर्ष वीरता की अनूठी गाथा है : चन्नी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंजाब** के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने किसान आंदोलन के एक साल पूरे होने पर शुक्रवार को कहा कि केवल कठोर कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र एवं मानवाधिकारों के मूल्यों को बरकरार रखने के लिए किसानों का अहिंसक संघर्ष वीरता, संयम और प्रतिबद्धता की अनूठी गाथा है।

चन्नी ने कहा कि वह एक साल से दिल्ली की सीमाओं पर बैठे किसानों की अदम्य भावना को सलाम करते हैं। किसान पिछले एक साल से दिल्ली के सिंघु, टिकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ यह आंदोलन पिछले साल 26-27 नवंबर को दिल्ली चलो कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ था। केंद्र ने तीनों कानूनों को निरस्त करने की हाल में घोषणा की है। चन्नी ने ट्वीट किया, केवल कठोर कानूनों को निरस्त करने के लिए ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र एवं मानवाधिकारों के मूल्यों को बरकरार रखने के लिए उनका अहिंसक संघर्ष वीरता, संयम और प्रतिबद्धता की अनूठी गाथा है।

उन्होंने कहा, मैं मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए काले कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली में पिछले साल इसी दिन से प्रदर्शन कर रहे किसानों की अदम्य भावना को सलाम करता हूं।



### ट्वीट कर कहा, पिछले साल से प्रदर्शन कर रहे किसानों की अदम्य भावना को सलाम करता हूं

किसान नेताओं ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बुधवार को एक विधेयक को मंजूरी दिए जाने को मात्र औपचारिकता करार देते हुए कहा है कि अब वे चाहते हैं कि सरकार उनकी अन्य लंबित मांगों, विशेषकर कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी को पूरा करे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करने के कुछ दिनों के बाद कृषि कानून निरस्तीकरण विधेयक-2021 को मंजूरी दी गई है और अब इसे 29 नवंबर को शुरू हो रहे संसद सत्र के दौरान लोकसभा में पारित करने के लिए पेश किया जाएगा।

## मध्यप्रदेश सरकार डिस्कॉम को सब्सिडी राशि का अग्रिम भुगतान करे : विद्युत मंडल अभियंता संघ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि वह समाधान योजना के तहत घोषित सब्सिडी प्रदेश की तीनों सरकारी स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को एडवांस में जारी करे, क्योंकि वे वित्तीय तंगी से जूझ रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने 16 नवंबर को समाधान योजना के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिल में कुछ छूट दी थी और इसके एवज में डिस्कॉम को सब्सिडी देने का ऐलान किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### स्थानीय भाषाओं में अनुदित कराया गया मसौदा ईआईए

**नई दिल्ली।** केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय को शुक्रवार को बताया कि उसने पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) की मसौदा अधिसूचना का संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 स्थानीय भाषाओं में अनुवाद करा लिया है। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल, न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने इसके बाद निर्देश दिया कि हितधारकों द्वारा आपत्तियां दर्ज करने के लिए प्रारूप के अनुवादित संस्करणों के ऑनलाइन प्रकाशन की तारीख से 60 दिन का समय दिया जाए। पीठ पर्यावरण मंत्रालय को आदेश के 10 दिन के भीतर सभी 22 भाषाओं में ईआईए अधिसूचना के मसौदे का अनुवाद करने और आधिकारिक वेबसाइटों को प्रकाशित करने के निर्देश के खिलाफ केंद्र की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने पर्यावरण संरक्षणवादी विक्रांत तोंगट (याचिकाकर्ता) की एक जनहित याचिका पर 30 जून, 2020 को यह आदेश दिया था। इस याचिका में पर्यावरण प्रभाव आकलन सभी स्थानीय भाषाओं में अधिसूचना के प्रकाशन और इस पर सार्वजनिक टिप्पणी प्राप्त करने की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल चेतन शर्मा ने अदालत को बताया कि आदेश के अनुपालन में मसौदा अधिसूचना का अनुवाद किया गया है। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को सूचित किया कि अनुवाद हो चुका है, लेकिन आपत्तियां दर्ज करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए दस्तावेजों को ऑनलाइन प्रकाशित किया जाना बाकी है।अदालत ने यह गौर करते हुए कि अनुवाद का मुख्य कार्य पहले ही पूरा हो चुका है, कहा प्रक्रियात्मक हिस्सा किसी अधिकारी के हाथ में है।

### मुंबई हमले के समय हमने जो कदम उठाए थे, वो ठीक थे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी की पुस्तक में किए गए दावे से असहमति जताते हुए शुक्रवार को कहा कि मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमले के समय तत्कालीन केंद्र सरकार की ओर से जो कदम उठाए गए थे और जो फैसले किए गए थे, वो ठीक थे। उन्होंने तिवारी की पुस्तक से जुड़े सवाल पर संवाददाताओं से कहा, मुझे मालूम है कि जो कदम हमने उठाए थे, वो ठीक थे और वो निर्णय भी ठीक थे। आनंद शर्मा और तिवारी दोनों कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में मंत्री थे। कांग्रेस सांसद तिवारी ने अपनी नई पुस्तक 10 फ्लैश प्वाइंट्स: 20 ईयर्स में लिखा है कि कई बार संयम कमजोरी की निशानी होती है और भारत को 26।11 हमले के बाद कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए थी। उनकी पुस्तक दो दिसंबर से पाठकों के लिए उपलब्ध होगी। तिवारी ने पिछले दिनों ट्विटर पर अपनी इस पुस्तक के कुछ अंश साझा किए।

### मुकदमों पर सुनवाई के लिए समयसीमा तय करने का वक्त आया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि मुकदमों पर सुनवाई के लिए समयसीमा तय करने को लेकर कदम उठाने का वक्त आ गया है, क्योंकि बहुत कम समय बचा है और वकीलों ने एक मामले में इन्हीं बिन्दुओं पर बहस करने का अनुरोध किया है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब न्यायमूर्ति एमएन वेंकट चलैया भारत के प्रधान न्यायाधीश (1993-1994) थे तो यह सुझाव दिया गया था कि मामलों पर सुनवाई के लिए एक समयसीमा होगी। न्यायमूर्ति एएम खानविल्कर और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने कहा, हमें इसके बारे में अब सोचने की जरूरत है। गंभीरता से इस पर विचार करिए। लंबे समय से यह विचार चल रहा है लेकिन हमने इसे लागू नहीं किया है। डॉ. सिंघवी (वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी) को याद होगा कि प्रधान न्यायाधीश वेंकटचलैया के दौरान यह सुझाव दिया गया था कि हमारे पास सुनवाई के लिए समयसीमा होगी। उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए ए टिप्पणियां की। उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्य सचिव अलपन बंदोपाध्याय का आवेदन स्थानांतरित करने का कैट की मुख्य पीठ का आदेश रद्द कर दिया था। बंदोपाध्याय ने केंद्र द्वारा उनके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही कोलकाता से नई दिल्ली स्थानांतरित करने को चुनौती दी थी।

# एमएसआरटीसी हड़ताल: मंत्री के अल्टीमेटम के बावजूद कुछ ही कर्मचारी ड्यूटी पर लौटे

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र** में अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के कर्मचारियों को शुक्रवार को फिर से ड्यूटी पर लौटने के महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब के अल्टीमेटम के बावजूद शुक्रवार को सुबह केवल कुछ ही कर्मचारियों ने फिर से काम करना शुरू किया।

अधिकारियों ने बताया कि एमएसआरटीसी इस बारे में जानकारी संकलित कर रहा है कि शुक्रवार को राज्य भर में कितने कर्मचारी ड्यूटी पर फिर से लौटे। एमएसआरटीसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुबह 10 बजे तक परिवहन निकाय ने राज्य में महज 151 बसों का परिचालन किया जिनमें से ज्यादातर का सांगली और रायगढ़ संभागों में किया गया। इन बसों में से 116 सामान्य बसें थी जबकि अन्य वातानुकूलित शिवनेरी और शिवशाही बसें थी। एमएसआरटीसी के कर्मचारी 28 अक्टूबर



से हड़ताल पर हैं और नकदी की कमी से जूझ रहे इस निगम का राज्य सरकार में विलय करने की मांग कर रहे हैं, जिससे उन्हें राज्य सरकार के कर्मचारियों का दर्जा और बेहतर वेतन मिल सके।

हड़ताल खत्म करने के लिए परब ने बुधवार को कर्मचारियों के मूल वेतन में 2,500 रुपए से 5,000 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की थी और कर्मचारियों को ड्यूटी पर लौटने के लिए 24 घंटे की समय सीमा भी दी थी। बृहस्पतिवार को, परब ने यह भी चेतावनी दी थी कि अगर कर्मचारी शुक्रवार को काम फिर से शुरू नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कर्नाटक के मेडिकल कॉलेज में कोविड-19 के 116 नए समेत कुल संख्या 182 पहुंची

एजेंसी। धारवाड़

**कर्नाटक** के धारवाड़ में एसडीएम कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के 116 और लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। जिनमें ज्यादातर छात्र हैं, जिससे संक्रमितों की कुल संख्या 182 हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संस्थान के 66 मेडिकल छात्रों के संक्रमित पाए जाने के बाद इसके दो छात्रावासों को बृहस्पतिवार को सील कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार छात्रों, कर्मचारियों और उनके संपर्क में आए लोगों सहित अब तक 690 लोगों की जांच हुई है।

कार्यक्रम में कुछ छात्रों के माता-पिता भी शामिल हुए थे, जिसे देखते हुए अधिकारियों ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी माता-पिता को भी जांच कराने के लिए कहा है। संक्रमित पाए गए सभी लोगों को पृथक-वास में भेज दिया गया है।

## सैकड़ों की संख्या में किसान दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर पहुंचे

**गाजियाबाद।** केंद्र के कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के प्रदर्शन के एक साल पूरा होने के मौके पर शुक्रवार को दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित गाजीपुर में ट्रैक्टरों के साथ बड़ी संख्या में किसान पहुंचने लगे हैं।

इनमें से कई लोग अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर सब्जियां, आटे और दाल के बोरे, मसाले और खाना पकाने का तेल साथ लाए हैं। उन्होंने कहा कि वे लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक प्रभावशाली किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) पिछले साल नवंबर से गाजीपुर सीमा पर मोर्चा संभाल रहा है।

# उद्धव ठाकरे ने 26/11 हमले के शहीदों, संविधान के संस्थापकों को श्रद्धांजलि दी

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने 13 साल पहले 26/11 मुंबई हमलों में जान गंवाने वाले शहीदों और नागरिकों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। ठाकरे ने ट्वीट किया कि आतंकवादी हमला आतंकवादियों की कायरतापूर्ण मानसिकता का स्पष्ट उदाहरण है।

उन्होंने कहा, मैं हमले में शहादत देने वाले सुरक्षा कर्मियों और जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि देता हूं। गौरतलब है कि 26 नवंबर



2008 को पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादी समुद्र मार्ग से मुंबई पहुंचे और उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर गोलीबारी की। जिसमें 18 सुरक्षा कर्मियों समेत 166 लोग मारे गए तथा कई अन्य घायल हो गए।मुख्यमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में राष्ट्रीय संविधान दिवस के मौके पर डॉ. बी आर अंबेडकर और संविधान के अन्य संस्थापक सदस्यों को भी याद किया। उन्होंने कहा, देश जब आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है तो ऐसे में संविधान दिवस बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिकों, उनके हितों और अधिकारों को आगे रखता है। संविधान सभा द्वारा 1949 में संविधान अपनाए जाने के उपलक्ष्य में संविधान दिवस मनाया जाता है।

# लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके राजनीतिक दल नहीं कर सकते लोकतंत्र की रक्षा : मोदी

## किसी राजनीतिक पार्टी का नाम लिए बगैर बहिष्कार करने वाले दलों को कोसा

### कहा, बाबा साहेब आंबेडकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों से विरोध का भाव जनता को अस्वीकार्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए पारिवारिक पार्टियों को संविधान के प्रति समर्पित राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय बताया और दावा किया कि लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके दल, लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते हैं।

संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने किसी दल विशेष का नाम लिए बगैर इस आयोजन का बहिष्कार करने वाले दलों को भी आड़े हाथों लिया। इस पर चिंता जताते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का स्मरण ना करने और उनके खिलाफ विरोध के भाव को यह देश स्वीकार नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि संविधान की भावनाओं को चोट पहुंचाए जाने की घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, इसलिए हर वर्ष संविधान दिवस मनाकर राजनीतिक दलों को अपना मूल्यांकन करना चाहिए। उन्होंने कहा, अच्छा होता कि देश आजाद होने के बाद... 26 जनवरी के बाद (संविधान लागू होने के बाद)...देश में संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरू होती। उन्होंने कहा कि ऐसा होता तो एक जीवंत इकाई और सामाजिक दस्तावेज के रूप में संविधान एक बहुत बड़ी ताकत के रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी काम आता। उन्होंने कहा, लेकिन कुछ लोग इससे चूक गए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वर्ष 2015 में उन्होंने संसद में बाबा साहब आंबेडकर



की 125वीं जयंती पर संविधान दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था, उस वक्त भी इसका विरोध किया गया था। उन्होंने कहा, विरोध आज भी हो रहा है... उस दिन भी हुआ था। बाबा साहेब आंबेडकर का नाम हो और आपके मन में विरोध का भाव उठे, देश यह सुनने को तैयार नहीं है। अब भी बड़ा दिल रखकर, खुलेमन से ...बाबा साहब आंबेडकर जैसे मनीषियों ने जो देश को दिया है, इसका स्मरण करने को तैयार ना होना, यह चिंता का विषय है।

ज्ञात हो कि कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद संविधान दिवस के आज के कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। भारत की संवैधानिक लोकतांत्रिक परंपरा में राजनीतिक दलों के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह संविधान की भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम भी हैं।

उन्होंने कहा, ... लेकिन संविधान की भावना को भी चोट पहुंची है, संविधान की एक-एक धारा को भी चोट पहुंची है, जब राजनीतिक दल अपने आप में, अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो देते हैं। जो दल स्वयं का लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हों, वह लोकतंत्र की रक्षा कैसे कर सकते हैं?

उन्होंने किसी दल का नाम लिए बगैर कहा कि यदि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक आज के राजनीतिक दलों को देखा जाए तो भारत एक ऐसे संकट की तरफ बढ़ रहा है, जो संविधान के प्रति समर्पित ओर लोकतंत्र के प्रति आस्था रखने वाले लोगों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, ... और वह है पारिवारिक पार्टियां...राजनीतिक दल... पार्टी फॉर द फैमिली, पार्टी बाय द फैमिली...अब आगे कहने की जरूरत मुझे नहीं लगती है।

उन्होंने कहा, कश्मीर से कन्याकुमारी तक राजनीतिक दलों की ओर देखिए। यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। संविधान हमें जो कहता है, उसके विपरीत है। उन्होंने पारिवारिक पार्टियों की व्याख्या भी की और कहा कि योग्यता के आधार पर व जनता के आशीर्वाद से किसी परिवार से एक से अधिक लोग राजनीति में जाएं, इससे पार्टी परिवारवादी नहीं बन जाती। उन्होंने कहा, लेकिन जो पार्टी पीढ़ी दर पीढ़ी एक ही परिवार चलाता रहे, पार्टी की सारी व्यवस्था परिवारों के पास रहे तो वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा संकट होता है।

उन्होंने देश में इस बारे में जागरूकता लाने की आवश्यकता पर बल दिया और जापान में इसी प्रकार के एक प्रयोग का उल्लेख किया और कहा, लोकतंत्र को समृद्ध करने के लिए हमें भी हमारे देश में ऐसी चीजों की ओर जाने की आवश्यकता है, चिंता करने की आवश्यकता है, देशवासियों को जगाने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राजनीति में भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया और राजनीतिक स्वार्थ के कारण दोष सिद्ध हो चुके लोगों का कथित तौर पर महिमामंडन किए जाने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, क्या हमें ऐसी समाज व्यवस्था खड़ी करनी है? भ्रष्टाचार का अपराध सिद्ध हो चुका हो उसे सुधरने का मौका दिया जा सकता है, लेकिन सार्वजनिक जीवन में उसे प्रतिष्ठा देने की जो प्रतिस्पर्धा चल पड़ी है, मैं समझता हूं कि अपने आप में नए लोगों को लूटने के रास्तों पर जाने के लिए मजबूर करती है। हमें चिंतित होने की जरूरत है।

आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य पर देश में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कर्तव्य पथ पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी आजादी के आंदोलन में अधिकारों के लिए लड़ते हुए भी, सफाई, शिक्षा, नारी सशक्तीकरण जैसे विचारों व कर्तव्यों के लिए देश को तैयार करने की कोशिश की थी।

### मुबई आतंकी हमले को के कारण 26/11 एक दुखद दिन भी

प्रधानमंत्री ने मुंबई आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा, हमारे लिए 26/11 दुखद दिन है, क्योंकि इस दिन देश के दुश्मनों ने मुंबई में आतंकवादी हमले को अंजाम दिया था। मोदी ने 26/11 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के दौरान देश की रक्षा करते हुए प्राण न्योछावर करने वाले सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हर सड़क होगी जगमग

## एलईडी स्ट्रीट और स्मार्ट लाइट के लिए प्राधिकरण खर्च करेगा 62 करोड़ रुपये

● करीब 2,200 नए पोल भी लगेंगे



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा और वेस्ट की गलियों का अंधेरापन अब खत्म होने वाला है। ग्रेनो प्राधिकरण अपने दफ्तर के बाद एक और तोहफा देने की तैयारी में है। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 2,300 और एलईडी स्ट्रीट लाइट लगवाने जा रहा है, जिस पर करीब 14 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं ग्रेटर नोएडा में करीब 54 हजार स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। इन सभी को एलईडी लाइट में कनवर्ट किया जाएगा। इसके लिए 48 करोड़ का टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में करीब 200 बिल्डर सोसाइटियों, सेक्टर और गांव बसे हुए हैं। यहां की आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है। तमाम नए रास्ते भी बन रहे हैं। प्राधिकरण यहां के निवासियों के जरूरत की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा में नए एसटीपी और प्राधिकरण का दफ्तर बनाने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई है। अब एलईडी स्ट्रीट लाइट पर भी जल्द काम शुरू होने जा रहा है। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अलग-अलग रास्तों पर 2306 एलईडी स्ट्रीट लाइट लगवाने जा रहा है। करीब 2,200 नए पोल भी लगेंगे। इन रास्तों पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी कर रहे थे। स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना की तरफ से टेंडर जारी कर दिए गए हैं। इस कार्य के प्राधिकरण ने इच्छुक कंपनियों से आवेदन मांगे हैं। 9 दिसंबर तक आवेदन की अंतिम तिथि है। 13 दिसंबर को प्री क्वालीफिकेशन बिड खुलेगी। उसके बाद फाइनेंशियल बिड होगी, जिसमें चयनित कंपनी एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाएगी। वही कंपनी सात साल तक इसका संचालन व रखरखाव भी करेगी। अगर कोई लाइट खराब होती है तो वह कंपनी ही उसे बदलेगी। ये सभी एलईडी स्ट्रीट लाइटें होंगी। ये स्ट्रीट लाइटें रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम से संचालित होंगी।

इनको जलाने-बुझाने का काम रिमोट से हो सकेगा। तय समय पर जलाई और बुझाई जाएंगी। इससे विद्युत ऊर्जा की भी बचत होगी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में करीब 15 हजार स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जिनमें से अधिकतर एलईडी स्ट्रीट लाइटें हैं। महाप्रबंधक, परियोजना एके अरोड़ा ने बताया कि टेंडर के जरिए चयनित कंपनी से एलईडी लाइट लगाने का काम शीघ्र शुरू करा दिया जाएगा। सभी स्ट्रीट लाइट बदलने व नए पोल लगाने में करीब छह माह लग जाएंगे।

### एक नियंत्रण कक्ष होगा स्थापित

*ग्रेटर नोएडा में करीब 54 हजार स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। इन सभी को एलईडी लाइट में कनवर्ट किया जाएगा। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सूर्या रोशनी लिमिटेड को करीब 48 करोड़ रुपये में बीते 8 सितंबर को जिम्मा दे दिया है।कंपनी ने इस पर काम भी शुरू कर दिया है। एक साल में सभी स्ट्रीट लाइटें बदलने का लक्ष्य है। एलईडी लाइटों के लग जाने से सड़कों पर रोशनी तो बेहतर होगी। एलईडी स्ट्रीट लाइटें ऑटोमेशन सिस्टम पर काम करेंगी। स्ट्रीट लाइटों को सुबह,शाम समय से जलाने,बुझाने के लिए एक नियंत्रण कक्ष होगा। ये ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीआईएस से भी जुड़ी होंगीए जिससे प्राधिकरण के सीनियर अफसर भी इस पर नजर रखेंगे। अगर कहीं पर स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है तो सूचना मिलते ही कंपनी उसे तत्काल रिपेयर कराएगी। अगर रिपेयर करने में देरी हुई तो पेनल्टी का भी प्रावधान है। एलईडी स्ट्रीट लाइट लगने से ऊर्जा भी बचेगी और बिजली का बिल भी कम आएगा।*

## 42 करोड़ में होगा गांवों और सेक्टरों का विकास

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 3 गांवों को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने से जुड़े कार्यों के लिए टेंडर जारी किए हैं। इन पर करीब 6 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। वहीं, 25 अन्य कार्यों के लिए भी प्राधिकरण ने 41.64 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। पहले चरण के 14 गांव चिन्हित किए हैं, जिनके लिए अलग-अलग टेंडर जारी कर काम कराने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है। कुछ गांवों के टेंडर पहले ही हो चुके हैं। तीन और गांवों को टेंडर अब जारी किए गए हैं। ये छपरौला, चिपियाना खुर्द उर्फ टिगरी और युसुफपुर चकशाहबेरी गांव शामिल हैं। युसुफपुर चक शाहबेरी के टेंडर के लिए 2 दिसंबर तक आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

छह दिसंबर को प्री-क्वालीफिकेशन बिड खुलेगी। चिपियाना खुर्द उर्फ टिगरी गांव के टेंडर के लिए शुक्रवार से आवेदन शुरू हो गया है। आवेदन की अंतिम तिथि छह दिसंबर है। आठ दिसंबर को प्री क्वालीफिकेशन बिड खुलेगी। वहीं, छपरौला के टेंडर के लिए आवेदन शुरू हुए हैं। नौ दिसंबर तक आवेदन किया जा सकता है। इसकी प्री क्वालीफिकेशन बिड 13 दिसंबर को खुलेगी। प्री क्वालीफिकेशन के बाद फाइनेंशियल बिड के जरिए स्मार्ट विलेज के कार्यों को करने वाली कंपनी का चयन होगा।

## बोड़ाकी में श्मशान घाट और कब्रिस्तान की मरम्मत

महाप्रबंधक एके अरोड़ा ने कंपनियों का चयन होते ही जल्द काम शुरू कराने की बात कही है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों व गांवों से जुड़े 25 अन्य कार्यों के लिए भी करीब 42 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए हैं।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके अरोड़ा ने बताया कि इन विकास कार्यों में बोड़ाकी में श्मशान घाट, कब्रिस्तान और बरातघर का मरम्मत, धूम मानिकपुर में सीसी रोड को मरम्मत, सेक्टर अल्फा वन में स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत, आईटी सिटी और ग्राम मुर्शिदपुर में सीवर लाइन को मरम्मत, सेक्टर अल्फा वन की सर्विस रोड पर इंटरलॉकिंग टाइल्स, ग्रेटर नोएडा के जोन टू और थ्री में वाटर सप्लाई के लिए पंप हाउस का मरम्मत, सिग्मा थ्री और फोर, अल्फा वन, गामा वन, गामा टू आदि का रखरखाव का कार्य किया जाएगा। सेक्टर तीन के पॉकेट डी की आंतरिक सड़कों की री-सर्फेसिंग, 60 मीटर और 130 मीटर रोड का रखरखाव और कासना में तीन साल के पानी की लाइनों का रखरखाव है।

## पीड़ित मुस्लिम बुजुर्ग ने नोएडा पुलिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की मुआवजा भी मांगा

**नोएडा।** नोएडा में रहने वाले एक मुस्लिम बुजुर्ग व्यक्ति ने पुलिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस मामले में बुजुर्ग व्यक्ति ने नोएडा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है और इसके अलावा मुआवजा भी मांगा है। दरअसल, मामला यह है कि बीते 4 जुलाई 2021 की सुबह कजीम अहमद नोएडा सेक्टर 37 पर बस का इंतजार कर रहा था। कजीम को नोएडा से अलीगढ़ जाना था। इसी दौरान वहां पर एक सफेद रंग की वैन गाड़ी आकर रुकी और उसने कार चालक कहा कि वह अलीगढ़ जाएगा लेकिन जब व्यक्ति ने कार के पास जाकर देखा तो उसमें पहले से 3 लोग सवार थे। कजीम अहमद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए कहा कार में बैठे लोगों ने उसको जबरदस्ती वैन में डाल लिया और उसके साथ मारपीट की। करीब 15 मिनट तक उसको प्रताड़ित किया गया। उन पर हमला किया गया और बार.बार उनकी धार्मिक पहचान से संबंधित कई अन्य अपमानजनक शब्द कहे। याचिका में आगे कहा, कार में बैठे लोगों ने उससे कहा कि उसको इस देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें अपमानित किया गया था। उनकी दाढ़ी अपराधियों द्वारा खींची गई। उन पर शरीर पर हमला किया गया। धमकी दी गई कि उन्हें एक पेचकस से अंधा कर दिया जाएगा। मारपीट के साथ गाली.गलौज करके उसको कार से बाहर फेंक कर फरार हो गए। इस दौरान उनसे पैसे भी छीन लिए गए। पीड़ित ने आगे कहा, जब उसको बाहर फेंक दिया गया तो एक सज्जन व्यक्ति ने उसकी मदद की। उसको एक रिक्शा में बिठाकर भेज दिया। जिसके बाद वह नोएडा सेक्टर.37 कोतवाली पहुंचे लेकिन नोएडा ने ना तो कोई शिकायत दर्ज की और ना ही कोई कार्रवाई की है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

पारिवारिक आयोजन हो सकता है। वाहन चलाते समय सावधान रहें। विवाद न करें। तनाव हो सकता है। जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएं। धैर्य रखें। खर्च ज्यादा होगा। लेनदेन करते समय सावधान रहें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। सेहत कुछ खराब रहेगी। अपने खानपान का ध्यान रखें। रोजमर्रा के काम समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। जिम्मेदारियां निभाने वाला दिन है।

भाग्यांक: 7
**विशेष:** साबुत काली मिर्च का दान करें।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आज का आपका दिन शानदार रहेगा। कारोबार में लाभ होगा। रुके हुए कार्य आगे बढ़ेंगे। मन में नया उत्साह रहेगा। सेहत ठीक रहेगी। अपने खानपान का ध्यान रखें। काम को आगे के लिए न टालें। जोखिम लेने से बचें। कारोबार ठीक चलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी। बाहर का खाने से बचें। कार्यस्थल पर खुशखबरी मिलेगी। घर वालों के लिए कोई काम की चीज खरीद कर लाएंगे।

भाग्यांक: 6
**विशेष:** शनि देव की उपासना करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

मित्र की बात से ठेस लगेगी तनाव में रहेंगे। यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार के सदस्य से विवाद हो सकता है। दफ्तर में भी काम में मन नहीं लगेगा। पदोन्नति फिलहाल नहीं है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। छात्रों को लाभ होगा। शारीरिक कष्ट से निजात मिल सकती है। व्यवहार से लोग प्रभावित रहेंगे। संतुलित भोजन करने से स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। बिजनेस कार्य में सहयोगी का सहयोग प्राप्त हो सकता है।

भाग्यांक: 4
**विशेष:** गुनगुने पानी का सेवन करें।

### कर्क
(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

आज का आपका दिन मिलाजुला रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। आज के दिन किसी को उधार न दें। आपकी रकम डूब सकती है। निवेश करते समय दस्तावेजों को अच्छे से पढ़ लें। किसी की बातों में न आएं। निजी बातें किसी से शेयर न करें। सावधान रहें। शत्रु सक्रिय रह सकते हैं। सेहत ठीक रहेगी। दोस्तों की मदद मिलने से हर काम में आसानी से सफलता मिलगी।

भाग्यांक: 7
**विशेष:** भगवान शनि देव को नीले फूल अर्पित करें।

### सिंह
(मा, मी ,मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

आज आपको कोई खुशखबरी मिलेगी। संतान पक्ष की सफलता से प्रसन्न रहेंगे। सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। मदद से कई लोगों के काम पूरे होंगे। महिला वर्ग को विशेष लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। सेहत को लेकर परेशान हो सकते हैं। यात्रा न करें, चोट लगने की आशंका है। व्यक्ति के साथ संबंधों में सुधार होने के योग हैं। आत्मविश्वास से काम करें। काम की जिद भी न करें।

भाग्यांक: 6
**विशेष:** शनि चालीसा का पाठ करें।

### कन्या
(टो ,पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

अनजान लोगों से सावधान रहें। कार्य में आ रही बाधा दूर होगी। विरोधियों आप पर हावी रहेंगे। काम को लेकर दिक्कत हो सकती है। बाधा दूर होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। दफ्तर में विरोधी नुकसान पहुंचा सकते हैं। युवाओं को नई जानकारी मिलेगी। काम को न टालें। मानसिक तनाव में वृद्धि होगी। कार्यों में सफलता मिलने में थोड़ा संदेह रहेगा। आज का दिन सामान्य रहेगा।

भाग्यांक: 4
**विशेष:** पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दिया जलाए।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

दिनचर्या में बदलाव लाएंगे। मित्र के साथ घूमने जा सकते हैं। धन लाभ होगा। खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारी पूरी कर पाएंगे। लोगों से मुलाकात होगी। धैर्य रखें, आर्थिक दिक्कतें दूर होंगी। ईश्वर की आराधना में मन लगेगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें। सेहत ठीक रहेगी। सीखने का मौका मिल सकता है। ऑफिस में जूनियर से सहयोग मिल सकता है।

भाग्यांक: 7
**विशेष:** शनि महाराज जी की आरती पढ़ें।

### वृश्चिक
(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

कार्यस्थल पर जिम्मेदारी मिल सकती है। आज का आपका दिन दिक्कतों से भरा रहेगा। सेहत को लेकर परेशान हो सकते हैं। कई कार्य अधूरे रह सकते हैं। कुंवारों की शादी तय होगी। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। रिश्तेदार से मुलाकात होगी। युवा वर्ग को मेहनत करना होगा। विवादों में न पड़ें। समय का सही सदुपयोग करें। जमीन जायदाद से संबंधित कार्यों में सफलता मिल सकती है।

भाग्यांक: 8
**विशेष:** सोने का कड़ा धारण करें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

जीवनसाथी के साथ मधुरता रहेगी। धार्मिक यात्रा कर सकते हैं। सगे संबंधियों की ओर से खुशखबरी मिलेगी। धन लाभ होने की संभावना है। कर्ज से मुक्ति मिल सकती है। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। बुजुर्गों से काम को लेकर सलाह करें। प्रयास रंग लाएगा। कारोबार की मंदी दूर होगी। एकाग्रता से सफलता मिलने के योग हैं। निपटाया गए काम फायदेमंद साबित हो सकते है। धर्म-कर्म में मन लगेगा।

भाग्यांक: 5
**विशेष:** श्रीकृष्ण की आराधना करें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

सतर्क रहना होगा। जोखिम वाले कार्य को टालें। निवेश शुभ रहेगा। दफ्तर से मतभेद हो सकते है। तनाव बढ़ेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। छात्र वर्ग की दिक्कत दूर होगी। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। काम को अधूरा न छोड़ें। कानूनी मामले लंबित रहेंगे। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पदोन्नति हो सकती है। पारिवारिक जीवन भी शांतिपूर्ण रहेगा और माता से स्नेह अधिक महसूस किया जाएगा।

भाग्यांक: 6
**विशेष:** शनि के मंत्रों का जाप करें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

आार्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। तनाव बढ़ेगा। खानपान को नियंत्रित रखें। पारिवारिक समस्या दूर होगी। उलझन में रहेंगे। मित्रों की मदद मिलेगी। निवेश कर सकते हैं। जोखिम लेने से पहले अच्छी तरह सोच विचार कर लें। कारोबार सामान्य रहेगा। दांपत्य जीवन सुखी रहेगा। बच्चों के साथ दिन बिताएं। सामाजिक कामों में आप सफल रहेंगे। जो लोग विवाहित हैं, वे शाम को डीनर का प्लान बनाएंगे। सेहत पर ध्यान दें।

भाग्यांक: 3
**विशेष:** साबुत उड़द की दाल का दान करें।

### मीन
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )

धन लाभ होगा। रुके हुए कार्य पूरे होंगे। जमीन-जायदाद में हिस्सा मिल सकता है। खुश रहेंगे। धार्मिक कार्य को लेकर चर्चा हो सकती है। प्रभु की आराधना में मन लगेगा। दान का कार्य करें। धन लाभ होने की संभावना है। सेहत ठीक रहेगी। खानपान का ध्यान रखें। कार्यस्थल पर प्रदर्शन के कारण सम्मान और प्रशंसा मिलेगी। अधिकार का भी सही प्रयोग करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में किए गए प्रयास हित में आ सकते है।

भाग्यांक: 1
**विशेष:** लकड़ी का कोयला जल में प्रवाहित कर दें।

## संक्षिप्त समाचार



आर्य समाज के वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए आर्यवीर प्रचारक।

### आर्य समाज का 37 वें वार्षिकोत्सव संपन्न

**गाजियाबाद।** आर्य समाज राज नगर परिसर में चार दिवसीय 37वें वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन आर्य वीरों ने आर्य समाज के महत्व और समाज सेवा के मुद्दे मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किए। ऋग्वेदीय महायज्ञ सुल्तानपुर से पधारे आचार्य डा. शिवदत्त पाण्डे के ब्रह्मत्व में, वेद पाठ किया गया।धर्माचार्य पं.रामेश्वर शास्त्री व प्रियंका ने वेद पाठ किया। आचार्य ने यज्ञ के लाभों की चर्चा करते हुए बताया मनुष्य यज्ञ कर परोपकार कर सकता है, पंचतत्वों से बना यह शरीर विचार से मनुष्य बनता है। सार्वदेशिक आर्यप्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष पंडित माया प्रकाश त्यागी ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश आर्य, डॉ वीरेंद्र नाथ सरदाना, शशि बल गुप्ता, कौशल गुप्ता, वंदना अरोड़ा, शिल्पा गर्ग, आशा आर्या, रामनिवास शास्त्री, प्रवीण आर्य, आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने मनाया संविधान दिवस

**गाजियाबाद।** महानगर कांग्रेस ने आज विजय नगर में संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर संविधान रचेता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किये गए तथा महानगर गाजियाबाद कांग्रेस का सदस्यता अभियान शुरू किया गया। जिसका नेतृत्व महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने किया। जिसकी अध्यक्षता हरेंद्र बाबा महासचिव महानगर कांग्रेस कमेटी ने की।



जिसमें प्रदेश सचिव प्रभारी कामेश रतन उपस्थित थे। कार्यक्रम में खुर्शीद खान प्रभारी गाजियाबाद विधानसभा, अशोक कुमार धनकर महासचिव, कमलेश कुमारी, विकास खारी पार्षद जिला अध्यक्ष युवा, ओम दत्त गुप्ता संगठन प्रभारी, लक्ष्मण सिंह आफताब खान ललित कुमार झा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मुंबई हमले की वर्षगांठ पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में मुंबई आंतकवादी हमले की 13 वीं वर्षगांठ पर मृतकों व पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उल्लेखनीय है कि 26 नवम्बर 2008 को मुम्बई में 10 जगह आंतकवादी हमला हुआ था जिसमें 166 लोग मारे गए थे और 600 से अधिक घायल हुए थे। मुख्य अभियुक्त कसाब को बाद में फांसी दे दी गई थी । केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज आंतकवाद विश्वव्यापी समस्या बन चुका है, इसका जड़ से सफाया अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि मुंबई हमला कायरता का परिचायक था, निहत्थे बेकसूर लोगो को मारना इंसानियत को शर्मसार करता है। गायक दीप्ति सपरा, प्रवीन आर्या, रविन्द्र गुप्ता,रजनी गर्ग, रजनी चुघ, कमलेश चांदना, बिन्दु मदान, जनक अरोड़ा, प्रतिभा कटारिया, विजय लक्ष्मी आर्या आदि ने ओजस्वी गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# मसूरी और गालंद में अवैध कॉलोनी जमींदोज

● बिल्डरों के खिलाफ एंटी भू-माफिया एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

अवैध रूप से 2 इलाकों में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के दस्ते ने प्रवर्तन जोन पांच के प्रभारी मनोज कुमार सागर के नेतृत्व में जमींदोज कर दिया गया ।

सागर ने बताया कि मसूरी इलाके में हाजी रिजवान नामक बिल्डर 15000 वर्ग मीटर में अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे, इसे ध्वस्त कर दिया गया है। इसके अलावा ग्राम गालंद में 2000 वर्ग मीटर में बिलाल नामक व्यक्ति द्वारा



अवैध कॉलोनी को जमींदोज करता जीडीए का बुलडोजर।

कॉलोनी विकसित की जा रही थी इसे भी ध्वस्त कर दिया गया है इस पूरी कार्रवाई में सहायक अभियंता महेंद्र प्रताप सिंह, अवर अभियंता राजेश शर्मा रामानंद नरेंद्र कुमार व जीडीए पुलिस शामिल थी। सागर ने बताया कि इन दोनों बिल्डरों के खिलाफ एंटी भू माफिया एक्ट के तहत कार्रवाई करने की सिफारिश भी जिला प्रशासन से प्रस्तावित की गई है।

ज्ञात हो कि गाजियाबाद शहर की बाहरी सीमा पर जमीनों के रेट आसपान छू रहे है। इस बाबात भू माफिया जीडीए की बिना इजाजत कॉलोनियां काटने में लगे है।

### 5 वाहन चोर गिरफ्तार, 2 बाइक और चाकू बरामद

**गाजियाबाद।** लोधी पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से एनसीआर में सक्रिय 5 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इनके कब्जे से एक तमंचा दो मोटरसाइकिल तथा चाकू बरामद किए हैं । लोनी थाना प्रभारी अजय चौधरी ने बताया कि लोनी पुस्तक के पास से एक मोटरसाइकिल पर जा रहे तीन युवकों को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए युवक शातिर किस्म के चोर हैं। इनके नाम डाबर तालाब निवासी ताज मोहम्मद उर्फ ताज,गिरी मार्केट निवासी अनस तथा बुद्ध कॉलोनी लोनी निवासी साबिर हैं ।

# 45 स्थानों पर लगाए गए कोविडरोधी टीके

● मदरसों में चला टीकाकरण अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



जनपद के लगभग सभी मदरसों में टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को मदरसों में टीकाकरण महाअभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भवतोष शंखधर ने बताया शनिवार से राशन की दुकानों पर भी टीकाकरण शिविर लगाए जाएंगे।

कोविड टीकाकरण के नोडल अधिकारी डा. जीपी मथुरिया ने बताया पूरे जनपद में शुक्रवार को मदरसों में भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से 45 स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। उन्होंने बताया जिले में करीब 90 फीसदी टीकाकरण हो चुका है, स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि एक भी लाभार्थी कोविडरोधी टीके से वंचित न रहने पाए। इसके लिए यूनिसेफ की ओर से धर्म गुरुओं के साथ बैठकें और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जहां आशा और एएनएम घर-घर जाकर टीकाकरण से वंचित लाभार्थियों को प्रोत्साहित कर टीकाकरण करा रही हैं।

# एक्शन में नगर निगम, हाईटेक होंगे आश्रय स्थल

● आश्रय स्थलों में मनोरंजन के लिए टीवी, पानी, लाइट, रसोई स्नानघर शौचालय और सोने के बिस्तर की व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



ठंड की दस्तक बढ़ते ही हॉट सिटी के सभी आश्रय स्थलों को 1 सप्ताह के अंदर हाईटेक कर दिया जाएगा ताकि कोई भी निराश्रित ठंड के मौसम में ठंड का शिकार न हो सके।

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार को ताकीद कर दिया गया है कि महानगर के सभी आश्रय स्थलों को जन सुविधाओं से लैस कर दिया जाए।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित इस समय महानगर में एक दर्जन स्थाई और 6 अस्थाई आश्रय स्थल है। नगर आयुक्त ने बताया कि निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में मनोरंजन के लिए टीवी, पानी, लाइट, रसोई स्नानघर शौचालय और सोने के बिस्तर की व्यवस्था कराई गई है।

खास बात यह है कि मेयर आशा शर्मा ने हाल ही में नगर निगम प्रशासन को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए हैं कि ताकि कोई भी बेसहारा या गरीब ठंड का शिकार ना हो।

मेयर आशा शर्मा ने बताया कि यदि तापमान और नीचे गिरता है तो अस्थाई आश्रय स्थलों की संख्या और बढ़ाई जा सकती है। नगर आयुक्त ने समस्त जोनल प्रभारियों को भी पत्र लिखकर सभी मूल सुविधाएं अविलंब उपलब्ध कराने के लिए ताकीद किया है। नगर निगम के सभी पार्षदों से आश्रय स्थलों को और अधिक हाईटेक बनाने के लिए सुझाव भी मांगे गए हैं।

**ऑनलाइन फिटनेस क्लासेस के चलन ने हमें यह एहसास कराया है कि फिट रहने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। आपका पसंदीदा फिटनेस शासन बस एक क्लिक दूर है, जानकारी दे रहे हैं 'जितेंद्र चौकसे'।**

## फिट रहने के लिए

# ऑनलाइन कक्षाएं



हमने पिछले डेढ़ साल में दुनिया को उल्लेखनीय रूप से बदलते देखा है। कोविड-19 के बाद की दुनिया ने हमें अपनी दिनचर्या के हिस्से के रूप में अपने मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का सामना करना सिखाया है। एक प्रमुख प्रवृत्ति जो उभर कर सामने आई वह थी फिट होने के प्रति बढ़ती जागरूकता। जनरेशन एक्स और वाई से जेनरेशन जेड और अल्फा तक, सभी ने स्वस्थ रहने के लिए एक शासन स्थापित करने के लिए जमीन और घरेलू क्षेत्र में कदम रखा, जबकि दूसरों को भी इसका पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सोशल मीडिया स्ट्रीम और समुदाय विभिन्न जनसांख्यिकी के लोगों के लिए अपनी जीवन शैली को बदलने के लिए फिटर कोच के साथ नामांकन की अपनी यात्रा को पंजीकृत करने के लिए आभासी आधार बन गए। कई जोड़ों ने शरीर की सकारात्मकता को बढ़ावा देकर और युगल चिकित्सा के रूप में फिटनेस को उजागर करके, कपल फिटनेस गोल्स साझा करके और दूसरों को अपने फिटनेस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करके अपनी फिटनेस यात्रा शुरू की, जिसे फिटनेस क्षेत्र प्रमाणित कर सकता है!

भारत में फिटनेस समुदाय एक नवोदित पारिस्थितिकी तंत्र के आगमन के साथ तेजी से विकसित हुआ है जिसमें सतर्क उपभोक्ताओं, फिटनेस सेवा प्रदाताओं के साथ सरकारी पहल शामिल हैं। हालांकि, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विचार भारतीयों के लिए नया नहीं है – योग, अखाड़े, आयुर्वेद और ध्यान हमेशा से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। वैश्वीकरण और सूचना की उपलब्धता में आसानी के साथ, पारंपरिक प्रथाओं और अभ्यासों को भारत में एक आधुनिक, गतिशील और बढ़ते फिटनेस उद्योग द्वारा प्रबलित और पूरक किया जा रहा है। रेडसियर कंसल्टिंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश का फिटनेस उद्योग, जिसमें उपकरण, स्पोर्ट्सवियर, फिटनेस सेवाएं और मनोरंजक खेल शामिल हैं, का मूल्य 2018 में 12 बिलियन डॉलर था। फिटनेस सर्विसेज सेगमेंट पर फिक्की, ईएंडवाई, रेडसीर कंसल्टिंग, ग्लोबल वेलनेस इंस्टीट्यूट, और आईएचआरएसए एंड फिटर्निटी की हालिया उद्योग रिपोर्ट का अनुमान है कि फिटनेस सेवाओं के लिए सालाना औसतन यूएस 350 डॉलर से यूएस डॉलर 400 तक खर्च करने वाले छह मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जो कि यूएस की राशि है। 2.6 बिलियन का बाजार आकार। समग्र फिटनेस उद्योग के 27 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ने और 2022 तक 32 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निशान को छूने की उम्मीद है, जिसमें फिटनेस सेवाएं (जैसे जिम, स्लिमिंग सेवाएं और जुम्बा, एरोबिक्स, क्रॉसफिट, आदि जैसे प्रारूप) योगदान देंगे। लगभग 6.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर।

**वर्चुअल फिटनेस : किसी के लिए भी और सभी के लिए अधिक से अधिक पहुंच लाना!**

**भारत में फिटनेस समुदाय एक नवोदित पारिस्थितिकी तंत्र के आगमन के साथ तेजी से विकसित हुआ है जिसमें सतर्क उपभोक्ताओं, फिटनेस सेवा प्रदाताओं के साथ सरकारी पहल शामिल हैं। हालांकि, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विचार भारतीयों के लिए नया नहीं है – योग, अखाड़े, आयुर्वेद और ध्यान हमेशा से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं।**

जैसा कि हम महामारी के प्रभावों और प्रभावों से जूझना जारी रखते हैं, अब फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों की एक नई नस्ल सामने आई है। 2020 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 77 प्रतिशत भारतीयों ने घर के कामों को वर्चुअल क्लासेस और डीआईवाई होम वर्कआउट रूटीन के साथ जोड़कर फिट रहने की कोशिश की। जिम और फिटनेस सेंटर बंद होने के साथ, घर के अंदर व्यायाम करने के लिए सीमित स्थान और जिम जैसी व्यवस्था की कमी के साथ फिटनेस उपकरणों की बहुत कम पहुंच के साथ, फिट रहने के लिए अभिनव होना समय की आवश्यकता बन गया। फिटर और अन्य जैसे फिटनेस ऐप के साथ, किसी की आवश्यकता के अनुसार सही व्यायाम, कोच, आहार ढूंढना सहज हो गया है। छतों और बैठक कक्षों से, अच्छी कनेक्टिविटी वाली कोई भी जगह जो लाइव ऑनलाइन कोचिंग की अनुमति देती है, हर किसी का अपना निजी फिटनेस सेंटर बन गया! फिटनेस कोच रचनात्मक बन गए, इन वातावरणों के लिए अनुकूलित अभ्यासों के साथ दिनचर्या को क्यूरेट करना।

**डिजिटल फिटनेस : व्यक्तिगत होना घर पर ट्रेनर**

वायरस के खतरे के साथ अभी भी बड़े पैमाने पर और ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्रों तक आसान पहुंच के साथ, वर्कआउट-एट-होम एक महामारी फिटनेस प्रवृत्ति बन गई है, जिससे वर्चुअल फिटनेस उद्योग और उपभोक्ताओं के लिए विविध पेशकशों में तेज उछाल आया है। किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 84 प्रतिशत फिटनेस उत्साही लोगों ने लॉकडाउन के दौरान कम से कम तीन बार लाइव-स्ट्रीमिंग फिटनेस कक्षाओं की कोशिश की। ऑनलाइन पेशकशों के साथ, फिटनेस एक्सेसरीज़ और योग मैट, डंबल्स जैसे उपकरणों की मांग में भी वृद्धि हुई है। लोगों ने अपनी जीवन शैली में मात्रात्मक पोषण और शारीरिक व्यायाम को शामिल करने की आवश्यकता को पहचाना है और वे अपने स्वास्थ्य के बारे में अधिक जागरूक और जागरूक हो रहे हैं और फिटनेस को अपने जीवन में एकीकृत करने के लिए विभिन्न विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

फिटनेस उद्योग के साथ ऑनलाइन विकास के लिए सबसे बड़ी छलांग और लगभग पूरी तरह से डिजिटल होने के साथ, फिटनेस विशेषज्ञों और पोषण विशेषज्ञों की आवश्यकता बढ़ गई है। मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, फिटनेस विशेषज्ञों ने भी खुद को वर्ल्ड वाइड वेब के शिल्प से लैस किया है और अपनी पेशकशों को ऑनलाइन में तेजी से संशोधित किया है। कुछ ही समय में, ऑनलाइन फिटनेस कोचिंग एक आकर्षक व्यवसाय और एक वैकल्पिक करियर विकल्प बन गया है, जिसमें कई लोग प्रमाणित प्रशिक्षक बनने के लिए आवेदन करते हैं और यहां तक कि ऑनलाइन फिटनेस पाठ्यक्रम लेकर विशेष फिटनेस प्रमाणपत्र भी अर्जित करते हैं। डिजिटल फिटनेस उद्योग के फलने-फूलने का एक प्रमुख कारण यह है कि लोग अब घर पर अपने आरामदायक स्थान पर वर्कआउट करने के लाभों को समझते हैं। यह लगभग आपके घर पर आपके साथ आपका निजी प्रशिक्षक होने जैसा है :

### समय कोई समस्या नहीं है

यह बहाना कि 'मुझे काम के व्यस्त कार्यक्रम के कारण काम करने का समय नहीं मिलता' अब लागू नहीं है। पहले, जिम या स्टूडियो जाने और जाने में समय लगता था, जिससे दैनिक कसरत करना मुश्किल हो जाता था, अब कोई समस्या नहीं है! वर्चुअल वर्कआउट के साथ, आपको अपनी सुविधानुसार वर्कआउट करने का आराम मिलता है और इसलिए, अपनी दिनचर्या में एक स्वेट सेशन डालने का समय निकालें। तो, कोई और बहाना नहीं, आपको बस उन्हें पीछे छोड़ना है, कुछ आरामदायक कपड़े पहनना है, अपनी चटाई सेट करना है और अपना फिटनेस ऐप चालू करना है।

### एल एक आदर्श जिम खोजने में अब कोई परेशानी नहीं है

अपने स्वास्थ्य लक्ष्यों, बजट और निकटता के अनुकूल जिम खोजने की परेशानी अब कोई चुनौती नहीं है। वर्चुअल फिटनेस के साथ आपके पास अपने घर के आराम में एक जिम है! बस एक आरामदायक जगह ढूंढनी है, अपना स्मार्टफोन, लैपटॉप या टैबलेट, विकल्प रखना है और काम करना शुरू करना है। आप अपने वर्कआउट को अपने साथ बाहर, छुट्टी पर, किसी दोस्त के घर या अपने लिविंग रूम में भी ले जा सकते हैं।

### एल कोई सहकर्मी दबाव नहीं

जब आप स्टूडियो या जिम में फिटनेस कट्टरपंथियों के समूह के बीच व्यायाम करते हैं, खासकर शुरुआती लोगों के लिए, यह एक डराने वाला अनुभव हो सकता है। वस्तुतः काम करने से, उस दबाव का अधिकांश भाग समाप्त हो जाता है क्योंकि आप केवल अपने आप से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं!

### एक समुदाय अनुशासन बनाने में मदद कर सकता है

विशेष रूप से शुरुआती लोगों के लिए अनुशासन खोजना बहुत महत्वपूर्ण है। एक बार जब आप अपनी दिनचर्या के साथ अनुशासित हो जाते हैं और आपको परिणाम दिखाई देने लगते हैं, तो प्रेरणा का पालन किया जाएगा। शुरुआत में अपने आप को स्नीकर्स लेस करने के लिए राजी करना और शरीर को हिलाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यहीं पर वर्चुअल ट्रेनर और समुदाय अनुशासन, जुनून, मार्गदर्शन और समर्थन उत्पन्न करने में मदद कर सकते हैं, जो आपके ड्राइव को बढ़ाएगा। ऐसे फिटनेस समुदाय आपके कसरत में अधिक निवेश करने में मदद करते हैं ताकि आपको अगले एक के लिए दिखाने की अधिक संभावना हो। मिशिगन विश्वविद्यालय के एक अध्ययन से पता चला है कि जिन लोगों ने काम किया है, वे वास्तव में अधिक प्रेरणा का प्रदर्शन करते हैं और अकेले काम करने वालों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

### वर्कआउट उबाऊ हैं? नहीं!

एक ही दिनचर्या और लगातार व्यायाम का पालन करना नीरस हो सकता है और आपकी रुचि कम कर सकता है। फिटनेस ऐतिहासिक रूप से एक प्रेरक प्रकाश रहा है, जो कुछ मामलों में अनुशासन, ध्यान और सौहार्द लाता है। एक बासी कसरत दिनचर्या पर काबू पाना आसान हो सकता है। आप व्यायाम बदल सकते हैं, व्यायाम क्रम बदल सकते हैं, या उस मांसपेशी लक्ष्यीकरण गतिविधि को संशोधित कर सकते हैं जिस पर आप काम कर रहे हैं या आपका लक्ष्य।

इसके अलावा, जूम, यूट्यूब, फिटर और इंस्टाग्राम जैसे ऑनलाइन टूल और प्लेटफॉर्म ने पिछले अठारह महीनों में वर्चुअल फिटनेस समुदायों की एक लहर को तेजी से एकजुट किया है। लॉकडाउन ने लोगों को घर की फिटनेस दिनचर्या का समर्थन करने के लिए अपने रहने की जगह को अनुकूलित करने के लिए मजबूर किया, जिससे लोगों को नए समूह बनाने, परिवारों और प्रियजनों को फिटनेस सत्रों में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने की अनुमति मिली।

### एल योग्य प्रशिक्षकों के लिए आसान पहुंच

आपकी फिटनेस व्यवस्था को चाक-चौबंद करने में आपकी मदद करने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है। आभासी कार्यक्रमों के साथ, पोषण सेवन के अभ्यासों को आपके व्यक्तिगत प्रशिक्षकों द्वारा पूरी तरह से विस्तृत रूप से तैयार किया गया है ताकि आप अपने कसरत का अधिकतम लाभ उठा सकें।

**फिटनेस उद्योग का भविष्य- भौतिक और डिजिटल का मिश्रण**

ऑनलाइन फिटनेस कक्षाओं के उभरते चलन ने हमें यह भी महसूस कराया है कि किसी व्यक्ति को फिट रहने के लिए कहीं भी यात्रा करने की आवश्यकता नहीं है। कोई भी व्यक्ति दुनिया में कहीं भी व्यायाम कर सकता है और आपकी पसंदीदा फिटनेस व्यवस्था बस एक क्लिक दूर है। लेकिन क्या वर्कआउट सेशन की लाइव स्ट्रीमिंग में वृद्धि और होम वर्कआउट और फिटनेस ऐप की संख्या में लगातार बढ़ोतरी जिम जाने वाले लोगों के भविष्य को प्रभावित करेगी? व्यक्तिगत रूप से, मुझे ऐसा होता नहीं दिख रहा है। मैं भविष्य को डिजिटल और भौतिक दोनों के मिश्रण के रूप में देखता हूं। यह इस बात का भी प्रमाण है कि कैसे फिटनेस के बारे में सामान्य सोच का विस्तार हुआ है। कसरत के अखाड़े और जिम के अलावा ऐसी जगहें हैं जहाँ लोग मिलते हैं, मेलजोल करते हैं और दोस्ती भी करते हैं। महामारी के बाद की दुनिया में, मैं देखता हूं कि लोग मिलना चाहते हैं – और जिम शुरू करने का एक शानदार तरीका है। हालांकि, जिम पैकेज शारीरिक रूप से जिम जाने, ऑनलाइन कक्षाओं और घर आने वाले एक निजी प्रशिक्षक का एक संयोजन होगा।

**लेखक लूज़ फैट, गेट फिटर और फाउंडर के लेखिक और फिटर के सीईओ, व संस्थापक हैं।**

## ध्यान रखने योग्य चीजें

ऑनलाइन हेल्थ टिप्स और डाइट का पालन करते समय हमेशा सावधान रहना चाहिए। इनमें से अधिकांश युक्तियां जो ऑनलाइन साझा की जाती हैं, किसी विशेषज्ञ द्वारा सत्यापित नहीं की जाती हैं और आपके शरीर को अच्छे से अधिक नुकसान पहुंचा सकती हैं। विभिन्न व्यायाम और आहार के बारे में सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग वीडियो जो तुरंत और जल्दी से वजन कम करने में मदद करते हैं, उन्हें आपके व्यक्तिगत फिटनेस विशेषज्ञ द्वारा सत्यापित करने की आवश्यकता होती है और प्रमाणित फिटनेस विशेषज्ञों से परामर्श किए बिना इसका पालन नहीं किया जाना चाहिए।

अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करने और फिट रहने का सबसे प्रभावी तरीका यह समझना है कि हर किसी का एक अनूठा शरीर होता है जो अलग तरह से कार्य करता है। एक फिटनेस टिप जो एक व्यक्ति के लिए चमत्कार कर सकती है वह किसी और के लिए भी काम नहीं कर सकती है। फिटनेस के मामले में ऐसा कोई जूता नहीं है जो सभी पर फिट बैठता हो। इस प्रकार, फिट और स्वस्थ रहने के लिए अपने शरीर की जरूरतों और जरूरतों को समझना अनिवार्य है।

व्यायाम के दौरान चोटों से बचने के लिए, एक नई फिटनेस व्यवस्था शुरू करने से पहले हमेशा प्रमाणित फिटनेस विशेषज्ञों से परामर्श लेना चाहिए। यदि आप अभी अपनी फिटनेस यात्रा शुरू कर रहे हैं-

- एल अपने वर्कआउट के आसपास वार्म अप और कूल डाउन करने के लिए पांच से दस मिनट का समय लें।
- एल धीरे-धीरे शुरू करने की योजना बनाएं और धीरे-धीरे तीव्रता और व्यायाम की अवधि बढ़ाएं।

यहां तक कि एक साधारण पुल-अप या आर्म ट्विस्ट या स्ट्रेचिंग भी आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है, अगर इसे सही तरीके से न किया जाए। यदि आपको पहले हड्डी या मांसपेशियों में चोट या कोई बड़ी सर्जरी हुई है, तो भविष्य में किसी भी नतीजे से बचने के लिए व्यायाम करने से पहले एक चिकित्सक से परामर्श करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, अपने फिटनेस कोच या सलाहकार को अपनी पिछली सभी चोटों और सर्जरी के बारे में सूचित रखें ताकि किसी भी बड़ी समस्या से बचा जा सके।

# अपनी ऊर्जा की रक्षा करें

**मनोज श्रीवास्तव विस्तार से बता रहे हैं कि आधुनिक तकनीक के कारण होने वाले तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने में वास्तु कैसे मदद कर सकती है**



आधुनिक दुनिया में, तनाव अक्सर आपके पेशेवर जीवन का पर्याय बन जाता है। आमतौर पर, इस हिस्से को कार्यालय में काम करने, मालिकों व सहकर्मियों के साथ काम करने के साथ-साथ उत्पादक होने के लिए आरोपित किया जाता है। अंततोगत्वा, घर वो जगह है जहां आप दैनिक झंझट से परे होते हैं और राहत प्राप्त करते हैं। हालांकि, घर का भी अपना विशेष तनाव होता है जैसे जीवनसाथी, माता-पिता और बच्चों की अपेक्षाओं को पूरा करना। इन सबसे ऊपर, आधुनिक तकनीक के कारण घर और कार्यालय दोनों में अपरिहार्य अदृश्य ऊर्जाएं होती हैं जो तनाव को बढ़ाती हैं। यह एक भगोड़ा प्रभाव पैदा करता है जब तनाव नियंत्रण से बाहर हो जाता है और परिणामस्वरूप आप पस्त हो जाते हैं। यही कारण है कि अपने स्थान और समय दोनों का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है।

हम में से अधिकांश लोग आधुनिक जीवन की इलेक्ट्रॉनिक सुविधाओं के आदी हैं। लेकिन हम में से बहुत कम लोग ऐसे उपकरणों द्वारा प्रस्तुत संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से अवगत होते हैं जो हमारी दुनिया को कामकाजी बनाते हैं। हम घर या ऑफिस में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से घिरे रहते हैं। विद्युत चुम्बकीय आवृत्तियां समस्त इलेक्ट्रॉनिक और विद्युत उपकरणों द्वारा उत्पन्न होती हैं। मोबाइल फोन, वाई-फाई राउटर, माइक्रोवेव ओवन, लैपटॉप, टेलीविजन, कॉर्डलेस फोन कुछ ऐसे उपकरण हैं जो अब हर भारतीय घर में आम मौजूद हैं और जब तक वे चालू रहते हैं तब तक ईएमएफ विकिरण उत्पन्न करते हैं। कार्यालयों में, सर्वर, यूपीएस, वाई-फाई एक्सेस प्वाइंट और मोबाइल टावर उच्च ईएमएफ विकिरण के महान स्रोत हैं जिनसे हम लगातार घिरे होते हैं।

सभी सूक्ष्म ऊर्जाएं, चाहे वह वास्तु की ऊर्जा हो या विद्युत चुम्बकीय विकिरण की ऊर्जा, दोनों हमारे मन और शरीर पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव डालती हैं। एक ओर जहां ध्वनि, प्रकाश और वायु जैसी स्थूल ऊर्जा का तीव्र और अस्थायी प्रभाव होता है, वहीं सूक्ष्म ऊर्जाओं का जटिल और दीर्घकालिक प्रभाव होता है। हालांकि वास्तु ऊर्जा अच्छी और बुरी हो सकती है, जो कि अलग-अलग दिशाओं में और भागों में, भवन के डिजाइन के आधार पर निर्भर है, मगर ईएमएफऊर्जा सभी जगहों पर समान रूप से खराब होती है।

इन ईएमएफ विकिरणों के संपर्क में आने पर, अलग-अलग लोगों में उनकी जीवन शक्ति और संरचना के आधार पर अलग-अलग लक्षण होते हैं। सबसे प्रमुख लक्षण नींद में खलल, चिंता, धड़कन, सिरदर्द, सुस्ती, टिनिटस (कान में बजना), और मतली है। अधिकांश लोग इन अधिकांश रोगों को उच्च तनाव के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने उन लोगों के लिए एक नया शब्द गढ़ा है जो ईएमएफ विकिरण के प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं – विद्युत चुम्बकीय अतिसंवेदनशीलता। लंबे समय तक घिरे होने के परिणामस्वरूप कम प्रतिरक्षा, प्रजनन और प्रजनन संबंधी समस्याएं, ऑटो-प्रतिरक्षा रोग और कुछ घातक बीमारियां हो सकती हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई ने 2010 में भारत सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी जिसमें मोबाइल टावर विकिरण के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने निवासियों व श्रमिकों पर ईएमएफ के प्रभाव को कम करने के लिए प्रोटोकॉल और डिजाइन दिशानिर्देशों को भी परिभाषित किया है। और ये दोनों दस्तावेज इंटरनेट पर आसानी से उपलब्ध हैं।

ये विकिरण आधुनिक तकनीक के कारण होते हैं और इन उपकरणों के उपयोग को रोकना व्यावहारिक नहीं है। इन दिनों हमारी दक्षता इन उपकरणों के उपयोग पर निर्भर करती है। यहां तक कि अगर आप उनका उपयोग करना बंद कर देते हैं, तब भी आप लगातार मोबाइल टॉवर विकिरणों, माइक्रोवेव और रेडियो टावरों से रेडियो-आवृत्ति तरंगों और कुछ मामलों में पड़ोसी के वाई-फाई राउटर के संपर्क में रहेंगे।

चूंकि इन विकिरणों से बचना संभव नहीं है, इसलिए लेखक इन उपकरण के उपयोग में विवेक का सुझाव देता है। उदाहरण के लिए, आप अपने मोबाइल हैंडसेट को अपने सोने के स्थान से सात फीट से अधिक दूर रखें, और अपने बेडरूम में वाई-फाई राउटर या टेलीविजन सेट स्थापित नहीं करें। यदि टेलीविजन सेट पहले से ही बेडरूम में स्थापित है, और किसी कारण से, आप इसे कहीं और स्थानांतरित नहीं कर सकते हैं, तो आपको सोने से पहले टीवी को मेन से बंद कर देना चाहिए, न कि रिमोट से। माइक्रोवेव ओवन चालू होने पर उसके पास न रहें। उससे कम से कम 10 फीट या इससे ज्यादा की दूरी बनाकर रखें। लैपटॉप को अपनी गोद में रखकर उसे संचालित न करें। अपने बेडसाइड पर पुराने अच्छे लैंडलाइन फोन पर अपनी कॉल को हस्तांतरित करके रात के दौरान मोबाइल फोन और वायरलेस राउटर को बंद करने का प्रयास करें।



यदि आप विद्युत चुम्बकीय विकिरण के प्रति अति संवेदनशील हैं, तो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अवरोधकारी पेंट उपलब्ध हैं, जिन्हें भवन की बाहरी दीवारों पर लगाया जा सकता है ताकि मोबाइल टॉवर विकिरणों को भवन में प्रवेश करने से रोका जा सके, लेकिन नुकसान यह है कि भवन के अंदर मोबाइल सिग्नल कमजोर हो जाते हैं, जिससे नेटवर्क कमजोर होने से कनेक्टिविटी की समस्या होती है और काम करने के आधुनिक तरीके में यह अस्वीकार्य हो सकता है।

आधुनिक वास्तु विशेषज्ञों के पास इन विकिरणों के प्रभाव को बेअसर करने का एक और तरीका है। घर में रहने वालों पर इन विकिरणों के प्रभाव में सामंजस्य स्थापित करने के लिए भवन में रणनीतिक स्थानों पर विशिष्ट सामग्री, कोण और ज्यामितीय आकार स्थापित किए जा सकते हैं। विद्युत चुम्बकीय विकिरण के प्रति आपकी संवेदनशीलता के बावजूद, हम सभी लगातार उनके संपर्क में हैं, खासकर शहरों में और वे हमारे मानस और शरीर की ऊर्जा को एक या दूसरे स्तर पर प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में कुछ सावधानियां और वास्तु सुधार निश्चित रूप से इसके नकारात्मक प्रभाव को कम करेंगे।

**(लेखक 20 साल से अधिक का कॉर्पोरेट नेतृत्व संबंधी तजुर्बा रखने वाले वास्तु आचार्य हैं।)**

# अय्यर का शतकः साउदी के पांच विकेट, न्यूजीलैंड की ठोस शुरुआत

एजेंसी। कानपुर

तेज गेंदबाज टिम साउदी के पांच विकेट की मदद से भारत को 345 रन पर आउट करने के बाद अपने सलामी बल्लेबाजों विल यंग और टॉम लाथम की उम्दा अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन ठोस शुरुआत करते हुए बिना किसी नुकसान के 129 रन बना लिए। श्रेयस अय्यर के पदार्पण टेस्ट में शतक को छोड़कर दूसरे दिन का खेल न्यूजीलैंड के नाम रहा। पहले दिन काइल जैमीसन के बाद दूसरे दिन साउदी ने पहले सत्र में गेंदबाजी में दबदबा बनाया, तो दूसरे सत्र में बल्लेबाजी में यंग और लाथम ने भारत के अनुभवी गेंदबाजों को दबाव नहीं बनाने दिया। ईशांत शर्मा की रफ्तार भी उनकी राह नहीं रोक सकी और रविचंद्रन अश्विन की फिरकी भी नहीं।

यंग ने 180 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 75 रन बना लिए हैं, जबकि लाथम 165 गेंद में 50 रन बनाकर खेल रहे हैं जिसमें चार चौके शामिल हैं। न्यूजीलैंड की टीम भारत के पहली पारी के स्कोर से 216 रन पीछे है और उसके सारे विकेट सुरक्षित हैं। कीवी बल्लेबाजों ने पगबाधा के तीन फैसलों के खिलाफ डीआरएस अपील की और कामयाब रहे। पिच से तेज गेंदबाजों को सुबह अधिक उछाल मिली, जिसकी बदौलत साउदी ने चार विकेट चटकाए। वहीं अश्विन और जडेजा जैसे स्पिनरों को टर्न नहीं मिली। अश्विन, जडेजा और अक्षर पटेल ने मिलकर 41 ओवर डाले और 92 रन दिए जबकि किसी को कामयाबी नहीं मिल सकी। वहीं ईशांत ने छह ओवर मे दस और उमेश ने 10 ओवर में 26 रन दिए। इससे पहले श्रेयस अय्यर अपने पदार्पण टेस्ट में शतक जमाने वाले 16वें भारतीय बल्लेबाज बने, लेकिन अश्विन को छोड़कर निचले क्रम के बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सके। अश्विन ने 56 गेंद में 38 रन बनाए।



## अपने पहले टेस्ट में शतक लगाने वाले अय्यर 16वें भारतीय क्रिकेटर

अपने गुरुवार के स्कोर 75 रन से आगे खेलते हुए अय्यर ने 171 गेंद में 105 रन बनाए। वह अपने पहले टेस्ट में शतक जमाने वाले भारत के 16वें क्रिकेटर बन गए। इस सूची में लाला अमरनाथ, गुंडप्पा विश्वनाथ, सौरव गांगुली, रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के नाम हैं। सुबह के सत्र में 81 रन बने लेकिन चार विकेट भी गिरे। यह सत्र साउदी के नाम रहा जिन्होंने 27.4 ओवर में 69 रन देकर पांच विकेट लिए। अपना 80वां टेस्ट खेल रहे साउदी 13वीं बार यह कमाल कर चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले दूसरी नई गेंद से रविंद्र जडेजा को आउट किया जो कल के स्कोर 50 रन पर ही लौट गए। रिधिमान साहा 12 गेंद में एक रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर अय्यर ने काइल जैमीसन को थर्डमैन पर शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए। उनके शतक से कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे पर दबाव बनेगा क्योंकि अगले टेस्ट से नियमित कप्तान विराट कोहली वापसी करेंगे। साउदी ने कवर में विल यंग के हाथों लपकवाकर अय्यर की पारी का अंत किया। अश्विन ने अपनी पारी में पांच चौके लगाए जिसमें साउदी को कवर में जड़ा दर्शनीय चौका शामिल है।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी**

| | |
|---|---|
| मयंक अग्रवाल का ब्लंडेल बो जैमीसन | 13 |
| शुभमन गिल बो जैमीसन | 52 |
| चेतेश्वर पुजारा का ब्लंडेल बो साउदी | 26 |
| अजिंक्य रहाणे बो जैमीसन | 35 |
| श्रेयस अय्यर का यंग बो साउदी | 105 |
| रविंद्र जडेजा बो साउदी | 50 |
| रिधिमान साहा का ब्लंडेल बो साउदी | 12 |
| रविचंद्रन अश्विन बो पटेल | 38 |
| अक्षर पटेल का ब्लंडेल बो साउदी | 3 |
| उमेश यादव नाबाद | 10 |
| ईशांत शर्मा पगबाधा बो पटेल | 00 |
| अतिरिक्त : 12 रन | |

**कुल योग :** 111.1 ओवर में 345 रन

**विकेट पतन** : 1-21, 2-82, 3-106, 4-145, 5-266, 6-288, 7-305, 8-313, 9-339

# एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी में भारत की कप्तानी करेंगे मनप्रीत

एजेंसी। भुवनेश्वर

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह ढाका में अगले महीने होने वाली हीरो एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत की 20 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश टीम में नहीं हैं। स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट 14 से 22 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। टोक्यो ओलंपिक के बाद यह भारत का पहला टूर्नामेंट है और टीम में कई नए चेहरों को जगह दी गई है।

श्रीजेश को आराम दिया गया है और गोलकीपिंग का जिम्मा केबी पाठक तथा सूरज करकेरा पर रहेगा। डिफेंस में हरमनप्रीत सिंह के साथ गुरिंदर सिंह, जरमनप्रीत सिंह, नीलम संजीप सेस, दिप्सन टिर्की, वरूण कुमार और मनदीप मोर होंगे। मिडफील्ड की कमान मनप्रीत, हार्दिक सिंह, जसकरण सिंह, सुमित, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और आकाशदीप सिंह संभालेंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में ललित उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, गुरसाहिबजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा होंगे। गत चैंपियन भारत का सामना पहले दिन कोरिया से होगा। टूर्नामेंट में जापान, मलेशिया, पाकिस्तान और बांग्लादेश भी खेलेंगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, हमने भविष्य को ध्यान में रखकर टीम चुनी है। खिलाड़ियों को मौके देने जरूरी है तभी मजबूत टीम तैयार होगी। इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी दोनों हैं। भारत को 14 दिसंबर को कोरिया से, 15 को बांग्लादेश से, 17 को पाकिस्तान, 18 को मलेशिया और 19 दिसंबर को जापान से खेलना है। सेमीफाइनल 21 दिसंबर को और फाइनल 22 दिसंबर को खेला जाएगा। पिछली बार ओमान में खेले गए टूर्नामेंट में फाइनल भारी बारिश के कारण नहीं हो सका था तो भारत और पाकिस्तान को संयुक्त विजेता घोषित किया गया था।



### टीम

- गोलकीपर : कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा
- डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह, गुरिंदर सिंह, जरमनप्रीत सिंह, नीलम संजीप सेस, दिप्सन टिर्की, वरूण कुमार और मनदीप मोर
- मिडफील्डर : मनप्रीत सिंह , हार्दिक सिंह, जसकरण सिंह, सुमित, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और आकाशदीप सिंह
- फॉरवर्ड : ललित उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, गुरसाहिबजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा

## संक्षिप्त समाचार

### सिंधू इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में

**बाली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए दक्षिण कोरिया की सिम युजिन को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मौजूदा विश्व चैंपियन तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने युजिन को 14-21, 21-19, 21-14 से हराया। अब उसका सामना जापान की असुका ताकाहाशी और दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की इंतानोन रेचानोक के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल की विजेता से होगा। भारत के बी साइ प्रणीत पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन और पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से खेलेंगे। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज प्रणीत ने फ्रांस के 70वीं रैंकिंग वाले क्रिस्टो पोपोव को 21-17, 14-21, 21-19 से हराया। पुरुष युगल में भारत की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना मलेशिया के गोह जे फेइ और नूर इजुद्दीन से होगा। सिंधू के लिए युजिन के खिलाफ मैच आसान नहीं था। उसने एक समय 7-1 की बढ़त बना ली, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने लगातार छह अंक लेकर वापसी की और फिर ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बना ली। उसने इस लय को कायम रखते हुए पहला गेम जीता। दूसरे गेम में भी शुरुआत आक्रामक रही लेकिन सिंधू ने अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण रखकर उसे लंबी रेलियों में उलझाया। अपने अपार अनुभव का प्रयोग करते हुए सिंधू ने यह गेम जीता। निर्णायक गेम में सिंधू ने युजिन को मौका नहीं दिया।

### तेज गेंदबाज पैट कमिंस आस्ट्रेलिया के नए टेस्ट कप्तान

**मेलबर्न।** पैट कमिंस आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम की पूर्णकालिक कप्तानी करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए जबकि पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को उपकप्तान बनाया गया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दोनों घोषणा की। उपकप्तान कमिंस अब टिम पेन की जगह लेंगे जिन्होंने एक महिला सहकर्मी को अश्लील मैसेज भेजने का चार साल पुराना प्रकाश में आने के बाद पिछले सप्ताह कप्तानी छोड़ दी। टेस्ट स्तर पर आस्ट्रेलिया की कप्तानी करने वाले आखिरी तेज गेंदबाज रे लिंडवाल थे जिन्होंने 1956 में एक टेस्ट में कार्यवाहक कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। कमिंस आस्ट्रेलिया के 47वें टेस्ट कप्तान हैं। स्मिथ को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंद से छेड़खानी मामले के बाद कप्तानी से हटाया गया था। उन्हें दो साल के लिए नेतृत्व दल में शामिल किए जाने पर भी रोक लगा दी गई थी। कमिंस ने एक बयान में कहा, एशेज से पहले इस जिम्मेदारी को स्वीकार करके मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उम्मीद है कि मैं टिम पेन के काम को आगे बढा सकूंगा। पहला टेस्ट आठ दिसंबर से ब्रिसबेन में खेला जाएगा।

### सौरव घोषाल, जोशना करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

**चेन्नई।** सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा 30 नवंबर से चार दिसंबर तक कुआलालम्पुर में होने वाली 20वीं एशियाई स्क्वॉश टीम चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष और महिला टीमों की अगुआई करेंगे। भारतीय स्क्वॉश महासंघ की शुक्रवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुरुष टीम को शीर्ष वरीयता दी गई है, जिसमें घोषाल (दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा रमित टंडन, महेश मंगावंकर और वेलावन सेंथिलकुमार शामिल है। यही टीम सात से 12 दिसंबर तक होने वाली विश्व पुरुष टीम चैंपियनशिप में खेलेगी जो एशियाई चैंपियनशिप के बाद आयोजित होगी। तीसरी वरीयता प्राप्त महिला टीम में चिनप्पा (शीर्ष रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी) के अलावा सुनयना कुरूविला, उर्वशी जोशी और अपराजिता बालामुरूकन शामिल हैं। एशियाई टीम चैंपियनशिप 2020 में कराई जानी थी लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इस साल के लिए स्थगित कर दिया गया था। पुरुष स्पर्धा में 12 टीमों को भारतीय टीम को शीर्ष वरीयता जबकि महिला टीम को आठ टीमों में तीसरी वरीयता दी गई है।

# गेंदबाजी नहीं करते हार्दिक, क्या उन्हें हरफनमौला कहेंगे: कपिल

**कोलकाता।** भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को पूछा कि क्या हार्दिक पंड्या को हरफनमौला कहा जा सकता है, जबकि वह उतनी गेंदबाजी करते ही नहीं हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय टीम के अभिन्न अंग पंड्या ने हाल ही में टी-20 विश्वकप में सिर्फ दो मैचों में गेंदबाजी की। भारत टूर्नामेंट के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था। अपनी फिटनेस से जुड़े कई मसलों का खुलासा नहीं करने के लिए भी पंड्या की आलोचना हो रही है। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में जगह नहीं मिली। भारत ने श्रृंखला 3-0 से जीती।



कपिल ने रॉयल कलकत्ता गोल्फ कोर्स पर कहा, हरफनमौला कहलाने के लिए उसे दोनों काम करने होंगे। वह गेंदबाजी नहीं कर रहा है, तो क्या उसे हरफनमौला कहेंगे। वह चोट से उबर चुका है तो पहले उसे गेंदबाजी करने दीजिए। भारत के पहले विश्वकप विजेता कप्तान ने कहा, वह भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण बल्लेबाज है। गेंदबाजी के लिए उसे काफी मैच खेलने होंगे और अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इसके बाद ही हम कह सकेंगे। कपिल ने यह भी कहा कि कोच के रूप में राहुल द्रविड़ बतौर क्रिकेटर मिली कामयाबी से भी अधिक कामयाब होंगे। उन्होंने कहा, वह अच्छा इंसान है और अच्छा क्रिकेटर भी है। वह बतौर क्रिकेटर जितना सफर रहा, कोच के रूप में उससे भी अधिक सफल होगा।

## अदिति एंडालुसिया ओपन में संयुक्त आठवें स्थान पर

**मारबेला (स्पेन)।** भारत की अदिति अशोक ने आखिर में डबल बोगी की, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने एक अंडर 71 का स्कोर बनाया जिससे वह एंडालुसिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान पर हैं। एक अन्य भारतीय त्वेसा मलिक ने तीन ओवर 75 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 39वें स्थान पर हैं। अदिति ने लगातार बर्डी बनाकर शुरुआत की और एक समय वह तीन अंडर के साथ संयुक्त बढ़त पर थी लेकिन आखिरी नौ होल में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। अदिति ने 10वें और 13वें होल में बोगी लेकिन इस बीच उन्होंने 12वें और 14वें होल में बर्डी भी बनाई। उन्होंने पार-4 वाले 15वें होल में डबल बोगी की और आखिरी तीन होल में पर स्कोर बनाकर 71 के स्कोर पर दिन का समापन किया।

# गत चैंपियन भारत के लिए पोलैंड के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला

एजेंसी। भुवनेश्वर

**जूनियर हॉकी विश्वकप**

कनाडा जैसी कमजोर टीम पर धमाकेदार जीत दर्ज करके अपने अभियान को ढर्रे पर लाने वाली गत चैंपियन भारतीय टीम को एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए शनिवार को पोलैंड के खिलाफ पूल बी का आखिरी मैच हर हालत में जीतना होगा। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले प्रबल दावेदार माने जा रहे भारत को पहले ही मैच में फ्रांस ने 5-4 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। इससे भारत के अभियान को करारा झटका लगा और पूल में शीर्ष रहने की उसकी उम्मीदों पर भी पानी फिर गया।

एक जीत और एक हार के बाद भारत पूल बी में दूसरे स्थान पर है, जबकि फ्रांस दोनों मैच जीतकर शीर्ष पर है। पोलैंड तीसरे स्थान पर है। क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना यूरोपीय दिग्गज और शीर्ष वरीयता प्राप्त बेल्जियम से हो सकता है, जो पूल ए में शीर्ष रह सकती है। ऐसे में भारत को आत्ममुग्धता से बचकर खेलना होगा। फ्रांस के खिलाफ भारतीय टीम बिल्कुल लय में नहीं दिखी। दूसरे मैच में कनाडा के सामने हालांकि उसने चिर परिचित लय का प्रदर्शन किया। अब यहां से भारत को हर मैच जीतना होगा। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, फ्रांस से मिली हार को लेकर अब कुछ नहीं किया जा सकता। यहां से हमें हर मैच जीतना होगा, तभी खिताब बरकरार रख सकेंगे। उन्होंने कहा, अभी पूरा फोकस पोलैंड के खिलाफ मैच पर है। उसे जीतकर हीआगे के बारे में सोच सकते हैं। टीम के लिए यह सबक रहा है। हर मैच कुछ सिखाता है। यही मैं सीनियर खिलाड़ियों से भी कहता हूं। दोनों मैचों में भारत ने गोल करने के मौके बनाए लेकिन उन्हें पूरी तरह भुनाने में नाकाम रहा। उपकप्तान और स्टार ड्रैग फ्लिकर संजय ने लगातार दो मैचों में हैट्रिक लगाई जबकि उत्तम सिंह ने फॉरवर्ड पंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया।

# जजई के नाबाद 59 रन, बांग्ला टाइगर्स ने डेक्कन ग्लैडिएटर्स को हराया

एजेंसी। अबूधाबी

हजरतुल्लाह जजई के महज 26 गेंद में नाबाद 59 रन की मदद से बांग्ला टाइगर्स ने यहां अबूधाबी टी-10 मैच में डेक्कन ग्लैडिएटर्स पर नौ विकेट की शानदार जीत दर्ज की।



जॉनसन चार्ल्स की शीर्ष क्रम में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बाद विल जैक्स और जजई के शानदार प्रदर्शन से बांग्ला टाइगर्स ने 8.1 ओवर में 117 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस तीसरी जीत से बांग्ला टाइगर्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है जिसमें वह डेक्कन ग्लैडिएटर्स और दिल्ली बुल्स के बीच मौजूद है। इन दोनों टीमों ने भी तीन जीत दर्ज की हैं। चार्ल्स(22 रन, दो चौके, दो छक्के) और जजई (तीन चौके, पांच छक्के) ने पिछले मैच की तरह इस मैच में आक्रामक शुरुआत कराई। दूसरे ओवर में चार्ल्स ओडियन स्मिथ का शिकार बने, जब टीम का स्कोर 34 रन था। पर जैक्स (नाबाद 28 रन) ने भी आते ही वही आक्रामकता जारी रखी। जजई और जैक्स ने 50 रन की भागीदारी निभाई।

## मानसिक स्वास्थ्य कारणों से अनिश्चिकालीन ब्रेक पर टिम

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने मानसिक स्वास्थ्य कारणों से क्रिकेट से अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक ले लिया है जिससे वह पहला एशेज टेस्ट नहीं खेल सकेंगे।

इससे पहले 2017 में एक महिला सहकर्मी को अश्लील मैसेज भेजने का मामला प्रकाश में आने के बाद पेन ने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि पेन ने उन्हें कहा है कि वह कुछ समय के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे।

# मनीषा ने ब्राजील के खिलाफ दागा स्वप्निल गोल

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण ने मानौस में चार देशों के टूर्नामेंट में ब्राजील के खिलाफ मैच में किए गए गोल को सोने पे सुहागा करार दिया। भारतीय महिला टीम के लिए एकमात्र गोल मनीषा ने किया। भारत ने पहले हाफ के अंत तक मजबूत ब्राजील टीम को ज्यादा गोल नहीं करने दिए थे, हालांकि बाद में उसे 1-6 से हार का सामना करना पड़ा।



विंगर मनीषा ने आठवें मिनट में बाएं पैर से भारत के लिए बराबरी गोल किया, जिससे पहले देबोरा ओलिविएरा ने 2007 विश्वकप उप विजेता टीम को मैच के पहले ही मिनट में बढ़त दिला दी थी। मनीषा ने कहा, ब्राजील के खिलाफ खेलना मेरे लिए सपने का सच होना था और उनके खिलाफ गोल करना सोने पे सुहागा था। मैच के बाद मनीषा ब्राजील की मिडफील्डर फोर्मिगा मोटा के साथ फोटो खिंचाती दिखीं। उन्होंने कहा, उनके (फोर्मिगा) के साथ एक ही पिच पर होना, बहुत बड़ी उपलब्धि थी। मुझे उम्मीद है कि हम इस अनुभव से सीख ले सकें और अगले मैच में बेहतर कर सकें। उन्होंने कहा, हम जानते थे कि ब्राजील जैसी टीम के खिलाफ मुकाबला मुश्किल होगा। लेकिन जैसे ही हम मैदान पर उतरे, हम दबाव के बारे में भूल गए। हमें आगामी मैचों में भी ऐसा ही करना होगा और बिना दबाव के खेलना होगा। दुनिया की कई महिला फुटबॉलरों की तरह ही मनीषा का यहां तक का सफर चुनौतियों भरा रहा है। पंजाब के होशियारपुर जिले के छोटे से मुगोवाल गांव की मनीषा ने अपने कॅरियर की मुश्किलों के बारे में बताते हुए कहा, मैं जब 13 साल की थी, तब से खेल रही हूं।

